जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, सोमवार 17 मार्च, 2025



श्रीजी हुज़ूर अरविन्द सिंह जी मेवाड़

13.12.1944 — 16.03.2025

## शोक संदेश

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
मेरे पिताश्री

### एकलिंग दीवान
### श्रीजी हुज़ूर अरविन्द सिंह जी मेवाड़

का रामशरण
चैत्र कृष्ण द्वितीया, रविवार
दिनांक 16 मार्च 2025 को हो गया है।

**अंतिम दर्शन**

दिनांक 17 मार्च 2025, सोमवार
समय : प्रातः 7 बजे से।

**अंतिम यात्रा**

दिनांक 17 मार्च 2025, सोमवार
समय : प्रातः 11 बजे
शम्भु निवास पैलेस से आरम्भ होकर बड़ी पोल,
जगदीश चौक, घंटाघर, बड़ा बाजार, देहली गेट
होकर महासतियां के लिये प्रस्थान करेगी।

**बैठक**

शम्भु निवास पैलेस, राजमहल, उदयपुर, राजस्थान
दिनांक : 17 मार्च से 25 मार्च 2025
समय : प्रातः 10 बजे से 12.30 बजे तक
सायं 4 बजे से 5.30 बजे तक

---

दृढ़ रखा धर्म आपने अपना जय एकलिंग का जयकारा ।
जीवन भर हार नहीं मानी बढ़कर अधर्म को ललकारा ।।

जिसने पुरखों की गरिमा का पावन सपना साकार किया ।
महलों की अमर विरासत को नयनाभिराम आकार दिया ।।

जिसकी छवि सूर्यवंशियों की जिस पर गर्वित है मेदपाट ।
जिसका स्वर भी महाराणा सा उन्नत ललाट गौरव विराट ।।

अरविन्द आपकी निष्ठा ने कुछ ऐसा पावन पुण्य किया ।
मेवाड़ वंश के वैभव को आपने अखण्ड अक्षुण्ण किया ।।

**लक्ष्यराज सिंह मेवाड़**

सम्पर्क :
+91 9799297570 / 9460728729 / 9414296854
shriji.secretariat@eternalmewar.in

## विचार बिन्दु

**दया और सत्यता परस्पर मिलते हैं, धर्म और शांति एक-दूसरे का साथ देतें हैं। -बाइबल**

# कहीं से तो शुरुआत करनी ही होगी!

भारतीय राजनीतिक परिदृश्य की एक बहुत दिलचस्प विशेषता यह है कि हम नागरिक गण एक साथ ही एकाधिक परस्पर विरोधी बातों को अपना समर्थन देते हैं। अब यही बात लें कि हर चुनाव में राजनीतिक दल बढ़-चढ़कर मुफ़्त में (मुझे इस अभिव्यक्ति पर हमेशा आपत्ति होती है!) बहुत कुछ देने का वादा करते हैं, और हम नागरिक अन्य बातों के अलावा इस बात से भी खूब प्रभावित होते हैं। लेकिन वे ही राजनीतिक दल अलग-अलग अवसरों पर मुफ़्त में दी जाने वाली इन सुविधाओं वगैरह का विरोध भी करते हैं और हम उस समय भी उनको अपना समर्थन देते हैं। ऐसे में यह तय करना कठिन हो जाता है कि हम नागरिक अपनी सरकारों से चाहते क्या हैं? क्या हम यह चाहते हैं कि हमारी चुनी हुई सरकारें हम नागरिकों को बहुत सारी सुविधाएं इस तरह सुलभ कराएं कि हमें उनके लिए अलग से कोई मूल्य न चुकाना पड़े, या फिर हम यह चाहते हैं कि सरकारें हमें कुछ भी बिना मूल्य के उपलब्ध न कराएं। पिछले कुछ वर्षों में हमने दोनों ही प्रवृत्तियों में बहुत वृद्धि देखी है। आज़ादी के तुरंत बाद के वर्षों में तत्कालीन सरकारों ने आधारभूत सुविधाओं जैसे चिकित्सा, शिक्षा आदि पर काफी ध्यान दिया और हमें बहुत सारी सुविधाएं निशुल्क या अत्यल्प मूल्य चुकाने पर मिलीं। यह व्यवस्था बहुत समय तक ज़ारी रही। लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता इस सबमें बदलाव हुआ और अब अतीत में जो सुविधाएं निशुल्क दी जाती थीं उन्हें भी या तो सशुल्क कर दिया गया या उन्हें देने के लिए हम पर एहसान लादा गया। बहुत बार सुविधाओं का रूप बदल कर या उन्हें झाड़-पोंछकर थोड़ा-सा नया रूप देकर उनके लिए धन राशि वसूल की जाने लगी। बहुत सारी सुविधाओं को किसी न किसी बहाने स्थगित कर दिया गया, और जब वह बहाना नहीं रहा तब भी उन सुविधाओं को फिर से बहाल नहीं किया गया। इन बातों के उदाहरण देने की ज़रूरत नहीं है।

यहां हम एक सैद्धांतिक बिंदु पर चर्चा करना चाहते हैं। बिंदु यह है कि क्या निर्वाचित सरकारों द्वारा अपने नागरिकों को कुछ भी निशुल्क दिया जाना उचित है! यहीं यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए कि असल में तो सरकारें निशुल्क कुछ भी नहीं देती हैं। हम टैक्स आदि के रूप में उन्हें जो धन राशि देते हैं उसी में से वे हमें कुछ सुविधाएं प्रदान करके उसके लिए वोट के रूप में हमारी कृतज्ञता अर्जित करने के प्रयास करती हैं। एक तरह से जो सुविधाएं हमें इस तरह बिना मूल्य लिए दी जाती हैं उनके लिए भुगतान तो हम पहले ही कर चुके होते हैं। इन प्री-पेड सुविधाओं को मुफ़्त सुविधा कहना निहायत ही आपत्तिजनक है। अब यहीं यह बात भी आती है कि कुछ लोग कम टैक्स देते हैं कुछ अधिक देते हैं। इन सभी को एक-सी सुविधाएं कैसे और क्यों दी जाएं, और इससे भी आगे यह बात कि सामान्यतः सरकारी निशुल्क सुविधाएं समाज के उस तबके को दी जाती हैं जो अल्प आय वर्ग से आता है (और स्वभावतः इसी कारण वह टैक्स भी कम देता है), जबकि समाज का अपेक्षाकृत संपन्न वर्ग न केवल इनमें से बहुत सारी सुविधाओं से वंचित रखा जाता है, उस पर कर भार भी ज़्यादा थोपा जाता है। पहली नज़र में यह व्यवस्था अतार्किक और दोषपूर्ण लग सकती है। लेकिन जब आप इस पर गहराई से विचार करते हैं तो तस्वीर का दूसरा पहलू सामने आता है। पहली बात तो यह किसी भी सरकार का आदर्श 'पैसा फेंको तमाशा देखो' मॉडल नहीं हो सकता और होना भी नहीं चाहिए। अगर हमें पैसों से ही कोई सुविधा खरीदनी है तो फिर सरकार नाम के मध्यस्थ की ज़रूरत ही क्या है! असल में सरकार की भूमिका एक समरस और समता की तरफ बढ़ने वाला समाज बनाने की भी होती है। इसी के निमित्त उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह ज़रूरतमंदों को अपना संबल प्रदान कर उन्हें समर्थों की कतार में खड़ा होने काबिल बनाए। इस बात को याद किया जा सकता है कि आज़ादी के बाद वाले वर्षों में अगर मेरी पीढ़ी के लोगों को सरकारी शिक्षण संस्थाओं का संबल नहीं मिला होता तो हम में से अधिकांश लोग शिक्षा प्राप्त कर ही नहीं सकते थे। अगर सरकारों ने मुफ्त टीकाकरण जैसी अनगिनत योजनाएं नहीं चलाई होतीं तो चेचक, पोलियो जैसे अनेक प्राणघातक रोगों से हमारा देश मुक्त हो ही नहीं सकता था। यह बात अलग है कि अब हम उस मॉडल को करीब-करीब त्याग चुके हैं। यह भी समझा जाना चाहिए कि जो अमीर हैं उनकी अमीरी में बहुत बड़ा योगदान उनका भी होता है जो ग़रीब हैं, इसलिए अगर सरकारें कम साधन वालों के लिए कुछ करती हैं तो यह कोई अन्याय नहीं है। लेकिन अब हम देख रहे हैं कि हमारी सरकारें पूरी तरह अमीरों की तरफ झुक चुकी हैं। अब हमारी सरकारें अमीरों के करोड़ों रुपये के कर्ज़ माफ़ करने से पहले पल भर को भी नहीं सोचती हैं, अपने मनचाहे किसी इवेण्ट को सौ करोड़ रुपये दे देना उनके लिए बहुत मामूली बात होती है, लेकिन चिकित्सा और शिक्षा जैसी ज़रूरी मदों पर खर्च करते वक़्त उन्हें यह बात याद आती है कि उनके आर्थिक संसाधन बहुत सीमित हैं। सामान्य जन को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती करके, आम जीवन की चीज़ों पर करों का बोझ बढ़ाकर वे अमीरों के करों का भार कम करने की चिंता में ज़्यादा डूबने लगी हैं।

**बड़े लोगों की कर्ज़ माफ़ी पर, भले ही वे सत्ता के कितने भी निकट क्यों न हों, अविलंब रोक लगनी चाहिए। सरकारी अमले पर होने वाला अपव्यय रोका जाना चाहिए। क्या यह बात किसी को नज़र नहीं आती है कि सरकारें विज्ञापन पर कितनी बड़ी धनराशि खर्च करती हैं? इन विज्ञापनों का मकसद क्या है, यह किसी से नहीं छिपा है।**

कहने-सुनने में यह बात बहुत भली लगती है कि कोई भी सरकार समाज के किसी भी वर्ग को तथाकथित मुफ़्त रूप से कुछ न दे, लेकिन हम जिस तरह की व्यवस्थाओं के आदी हो चुके हैं, उनके चलते ऐसा होना नामुमकिन लगता है। वैसे यह व्यावहारिक है भी नहीं। पहला सवाल तो यही उठेगा कि हम सरकार को टैक्स देते किस लिए हैं? क्या केवल सरकार को चलायमान रखने के लिए हम टैक्स अदा करते हैं? जी नहीं। हम अपनी ज़िंदगी को बेहतर बनाने की व्यवस्था के लिए टैक्स अदा करते हैं और सरकार से अपेक्षा करते हैं कि वह हमारी चिंता करेगी और जब हमें ज़रूरत पड़ेगी, हमारी मदद को आगे आएगी। निश्चय ही यह बात तर्क संगत होगी कि सरकार को बिना सोचे-समझे सभी को बहुत सारी सुविधाएं निशुल्क नहीं दे देनी चाहिएं। ऐसा करना हमारे संसाधनों का अपव्यय होगा। मसलन अगर कोई सरकार कहे कि वह सारे नागरिकों को इतने यूनिट बिजली मुफ्त देगी तो यह बात अनुचित होगी। उसे साधन संपन्न और साधन रहित में अंतर तो करना ही चाहिए। अलबत्ता उसकी प्राथमिकता में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, पेय जल जैसी ज़रूरी सुविधाएं होनी चाहिएं। कोई हर्ज़ नहीं कि प्राथमिक स्तर की शिक्षा सबको पूर्णतः निशुल्क दी जाए और इसके बाद जैसे-जैसे आगे की पढ़ाई हो, वहां अल्प साधन वालों को अधिक और साधन संपन्नों को कम संबल देकर शिक्षा का प्रसार किया जाए। यही बात चिकित्सा सुविधा के लिए भी कही जाएगी। देश के हर नागरिक को शुद्ध पेयजल क्यों नहीं मिलना चाहिए? क्यों हमें बोतलबंद पानी खरीदने के लिए मज़बूर होना चाहिए? समुचित संख्या में सार्वजनिक शौचालय होने ही चाहिए। और शौचालय से पहले यह कि हर नागरिक को पेट भर खाना मिले, यह ज़िम्मेदारी सरकार को अपने कंधों पर लेनी चाहिए। बेशक उसका प्रयत्न यह हो कि लोग इतने सक्षम बनें कि उन्हें सरकारी निशुल्क राशन की ज़रूरत न रहे, लेकिन किसी को भूखे मरने देना अक्षम्य है। सार्वजनिक परिवहन, और उससे भी पहले पर्याप्त सड़कें हर नागरिक का अधिकार माना जाना चाहिए। जब हम शिक्षा की बात करते हैं तो जहां यह कहना ज़रूरी है कि इण्टरनेट की सुलभता और उसका सस्ता होना ज़रूरी है वहीं मुफ्त लैपटॉप जैसी बात केवल लोकलुभावन लगती है। न केवल विद्यार्थियों को, कभी पत्रकारों को और कभी जन प्रतिनिधियों को मुफ्त लैपटॉप बांटकर संसाधनों को जो पलीता लगाया जाता है, उसे उचित नहीं माना जा सकता।

हमारे यहां सीमित संसाधनों को ज़रूरतमंदों तक पहुंचाने की बजाय उसका रुख साधन संपन्नों की तरफ मोड़ देने की ग़लत परंपरा बन चुकी है। हमारे जन प्रतिनिधियों को न जाने क्या-क्या मुफ़्त में मिलता है। वह सब बंद होना चाहिए। बेशक उन्हें सम्मानजनक वेतन मिलना चाहिए, लेकिन उसके बाद यह होना चाहिए कि उन्हें जिस चीज़ या सुविधा की ज़रूरत है उसे वे भी आम नागरिक की तरह हासिल करें। बड़े लोगों की कर्ज़ माफ़ी पर, भले ही वे सत्ता के कितने भी निकट क्यों न हों, अविलंब रोक लगनी चाहिए। सरकारी अमले पर होने वाला अपव्यय रोका जाना चाहिए। क्या यह बात किसी को नज़र नहीं आती है कि सरकारें विज्ञापन पर कितनी बड़ी धनराशि खर्च करती हैं? इन विज्ञापनों का मकसद क्या है, यह किसी से नहीं छिपा है। और इसी तरह हमारे निर्वाचित जन प्रतिनिधिगण देश-विदेश की अपनी यात्राओं पर जो बेहिसाब पैसा पानी की तरह बहाते हैं, उस पर रोक क्यों नहीं लगनी चाहिए? इनमें से बहुत सारी यात्राएं या तो धार्मिक, पारिवारिक होती हैं या फिर उन दलों की चुनावी सम्भावनाओं का विस्तार करने के लिए होती हैं जिनसे वे सम्बद्ध होते हैं। सोचिये यही पैसा अगर वंचितों पर खर्च किया जाए तो देश के हालात कितनी जल्दी बदल जाएं!

आखिर कभी और कहीं से तो शुरुआत करनी ही होगी।

**-अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# आस्था-धर्म-विश्वास-तर्क



**महावीर सिंह**

आज कल अखबार, टीवी पर आस्था शब्द का, सही-गलत खूब प्रचार-दुष्प्रचार हो रहा है। कोई कहता है फलां काम से-बोल से सनातन आस्था आहत हुई है। कोई हिन्दू आस्था को आहत बता देता है। इसाई-इस्लाम व दूसरे धर्म-पंथों को मानने वालों की भी आस्थाएं समय समय पर घायल हो जाती है। मानों आस्था कोउ छुई मुई का पौधा है कि किसी नें उसकी तरफ अंगुली की नहीं कि मुरझायी नहीं।

वैसे हर तरह की आस्था वालों के पास अपने-अपने पठे भी है जो आस्था की तरफ तिरछी नजर से देखने भर पर, लोगों को छठी का दूध याद दिलाने को रात और दिन दंड पेलते रहते है। यह पठे अपने-अपने धुरंधर तथाकथित बड़े आस्थावान उस्तादों से खाद- बीज- जीवन वायु लेते रहते है। उस्ताद लोग भी दिल खोल कर पठों इन सब चीजों की निर्बाध रूप से आपूर्ति करते है। ठीक जैसे वोट लेने के लिए विभिन्न प्रकार से कैश-वस्तुएं (काइंड) का राशन पानी देते रहते है।

वैसे इन दिनों यह भी सुनने, पढ़ने को मिलता रहता है कि फलां-फलां लोगों ने अपनी पहले वाली धर्म आस्था बदल ली है । ऐसी बदला बदली जरा कुछ कम होता है। नेताओं-राजनीतिक विचारधाराओं के प्रति आस्थाएं तो आए दिन फटाफट, दिन में कई कई बार भी, बदलती ही रहती हैं। वैसे धर्म का सहारा लेकर आस्था बदलने वालों की आस्था कोन सी मानी जाए? आओ, कुछ दान दक्षिणा दो और बदले में आस्था बदल दो। आइए जरा अब कुछ गम्भीर चर्चा करें::--सर्व प्रथम इस पर विचार करें कि आस्था के मूल में, मनुष्य की, परोक्ष-अपरोक्ष से ईश्वर के अस्तित्व की स्वीकृति है।

प्रश्न उठता है कि कुछ लोग जो ईश्वर के अस्तिव को स्वीकार ही नहीं करते, उनकी आस्था क्या मानी जाए? बहुत से लोग मानते हैं कि दुनिया में नास्तिकों के कारण कोई ज्यादा फसाद नहीं होते। आस्था के नाम पर फसाद करने का विशेषाधिकर आस्थावानों के पास ही रहता है।

प्रश्न यह भी हैं----आस्था किसी मनुष्य का एक स्थायी गुण है या परिवर्तन शील? एक नवजात शिशु का धर्म या आस्था क्या?

एक नवजात का जन्म के वक्त न कोई धर्म होता है, न कोई आस्था होती है। धर्म के नाम पर, उस नवजात पर उसके माता-पिता का धर्म थोप दिया जाता है। मां-बाप अलग-अलग धर्मावलम्बी हो तो नवजात का धर्म क्या? दोनों की सहमति वाला या दोनों नें से जिसकी पहचान ज्यादा बड़ी हो या दोनोब में से जिसकी ज्यादा चलती हो वह या परिवार या समाज जो तय करदे वह?? अर्थात नवजात के धर्म में उसका कोई महत्व नहीं सिवाय इसके की उसे एक नई पहचान ओढ़नी है जिसमें उसकी कोउ मर्जी, स्वीकृति नहीं होती है।

जन्म के समय व 3,4,5 साल बाद तक, उसकी अर्थात नए आए मानव प्राणी की किसी धर्म, सम्प्रदाय, पूजा-पाठ के प्रति कोई आस्था नहीं होती।उसका विश्वास मात्र अपनी माँ में होता है कि वह उसको भूख होने पर दूध पिलाएगी और दूसरे-तीसरे जरूरी काम करेगी, उसे चोट आदि से बचाएगी। उसके साथ हंसेगी, बोलेगी। उसे हंसना-बोलना-चलना सिखाएगी।

धीरे-धीरे यही नवजात अपने चारों की चीजों को आश्चर्य से देखता है। अपने हिसाब से उन्हें समझने का प्रयास भी करता है। वह प्रकृति को निहारता है, उस से आश्चर्यचकित भी होता है। यह उसकी अपने चारों ओर के परिवेश की खोज यात्रा की शरुआत है।

इसी स्टेज पर वह अपने माता पिता,घर के बड़े-बूढ़ों को, दूसरे परिवारों के लोगों को कुछ ऐसे कार्य करता देखता है जिन्हें हम धर्म के बाह्य लक्षण कहते है जैसे कुछ विशेष चित्रों (देवी देवताओं) के सामने नतमस्तक होना, उनके लिए कुछ विशेष खान-पान तैयार कर उन्हें अर्पित करना, कुछ विशेष प्रकार के वाक्य बोलना, क्रियाएं करना आदि। यहीं से उस बालक, बालिका की धार्मिक-अस्थावाली यात्रा शुरू होती है। उसके मस्तिष्क का अनुकूलन/अनुबन्धन (कंडिशनिंग) ऐसा होता रहता है कि वह तथाकथित धर्म के बाह्य लक्षणों पर विचार करना छोड कर, उन बातों, पूजा-पाठ क्रियाओं, मंदिर जाने आदि को बिना कोई प्रश्न किए मानने लगता है। यही प्रश्न रहित स्वीकारोक्ति आस्था है।

आस्था है कि गंगा जी में या किसी अन्य पवित्र नदी-सरोवर में स्नान करने से पाप धूल जाते है--बाप-दादा-परिवारजनों-समाज यही मानता आया है। आस्था है कि पूर्वजों की अस्थियों को गंगा, यमुना, शिप्रा, पुष्कर आदि स्थानों में विसर्जन करने से उन्हें मोक्ष प्राप्त होता है। अब यह बात अलग है कि कुछ पूर्वजों के बेटे पोते वितीय दृष्टि से सक्षम हैं सो वे तत्काल अस्थि विसर्जन कर पूर्वजों को तत्काल मोक्ष दिलवा देते है। कुछ बेचारे गरीब होते है सो वे 5,10साल प्रतीक्षा करते हैं और फिर 10,5 पूर्वजों को एक साथ ले जाकर, वर्षों बाद ही सही, एक साथ मोक्ष दिलवाते है।

विश्वास- आस्था का सम्बन्ध उन चीज़ों से है जो दिखाई नहीं देतीं किन्तु सदियों से, एक ही प्रकार की धार्मिक पहचान वाले लोग, मानते-करते आए है । लोग बिना तर्क वितर्क के उसे मानते है। इन मान्यताओं-परम्पराओं में उन्हें मानने वालों का कोई हाथ नहीं होता हैं पर वे इन्हें दृढ़तापूर्वक मानते है।यह लोग विश्वास को तर्क से ऊपर मानते है।

आम मनुष्य आस्था-विश्वास के बिना नहीं रह सकता क्योंकि जीवन के दुख-दर्द-कठिनायां आती ही आती है और एक सीमा से बाहर, इन सब से पार पाने की उसकी अकेले की क्षमता नहीं रहती। ऐसे समय में उसको आस्था-विश्वास ही साहस देता है। निराशाओं से पार पाने का आस्था-विश्वास ही उनका सहारा होता है। समय के साथ आस्था दृढ़ होती जाती है। यों भी कह सकते हैं--विश्वास-आस्था का अर्थ हुआ कि चिंताएं जिनका उसके पास समाधान नहीं, उन्हें आस्था को सौंप देना और चिंता मुक्त हो जाना।

दूसरे प्रकार से इसे यों समझ सकते है कि आस्था ऐसी शक्तियों पर विश्वास करना है जिन्हें किसी नें देखा नहीं, जिसे साबित नही किया जा सकता है। अगर आदमी साहस नहीं छोड़े तो आस्था से जीवन की जटिलताओं को समझने और जीवन को जीने का उद्देश्य मिलता है। थोड़ा अलग दृष्टि से देखें तो, आस्था-विश्वास किसी व्यक्ति का किसी बात या सदियों से चलती आ रही मान्यता के प्रति सहमति, भरोसा करना है। यह उन्हें दृढ़ता, क्षमता प्रदान करता है।

आस्था-विश्वास-ईश्वर आदि के बारे में कवियों, दार्शनिकों, विचारकों, वैज्ञानिकों का भी भिन्न-भिन्न नजरिया है:- इस विषय के वास्तविक शुद्ध हृदय चिंतकों, संतों आदि का मानना है कि आस्था, विश्वास, श्रद्धा, निष्ठा से ज्ञान व परमात्मा की प्राप्ति होती है। वैसे ईश्वर एक कल्पना है, देखा तो किसी नें है नहीं। एक नजरिया यह भी है कि हम आस्था के साथ जीवन को बेहतर तरीके से जी सकते है बशर्ते आस्था को तेरी मेरी आस्था में बांटकर उस पर फसाद नहीं करें।

"विश्वास आत्मा की आवाज है।" कर्म में शुद्धता ही सबसे बड़ी आस्था है। भारतीय मनीषियों का मानना है कर्म में धर्म हो और धर्म में सत्य व सात्विक कर्म हो,यही भगवत मार्ग है। इसके अभाव में कितने ही तीर्थ करो, यग्य-पूजा पाठ करो सब व्यर्थ है। गांधी जी के अनुसार तो सत्य ही ईश्वर है।

भारतीय दर्शन के अनुसार आस्था विचारों की अनेकता मानना, ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ विश्वास करना, कर्मफल-पुनर्जन्म में विश्वास करना है। अब यह बात अलग है कि आजकल यह विचारों की अनेकता वाली बात नए नए बहुत से धर्म ध्वजा वाहकों को कुछ कम ही पसंद है।

आस्था (मानें भगवान/ईश्वर) के सम्बंध में कुछ ओर विचारकों के विचार :- गांधी जी ने कहा है कि संकल्पवान, लक्ष्य के प्रति दृढ़ आस्था रखने वाले कुछ ही लोग इतिहास की धारा बदल देते हैं।

इमर्सन का मानना है-"मैनें जो कुछ देखा है,उससे मुझे उन सब चीजों के लिए सृष्टिकर्ता पर भरोसा करना सिखाया है जिन्हें मैनें नहीं देखा"(राल्फ वाल्डो इमर्सन)।

महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के अनुसार--मैं ईश्वर की सत्ता को मानता हूं किन्तु वह ईश्वर ऐसा नहीं हो सकता जो ऊपर कहीं आकाश में बैठ कर शतरंज के पासे फैंक कर मनुष्यों का भाग्य निर्धारण करता हो। इसके विपरीत प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग नें ईश्वर के अस्तित्व को दृढ़तापूर्वक नकारा है। अन्य बहुत से वैज्ञानिक ईश्वर को मानते है, बहुत से नहीं मानते किन्तु किसी अदृश्य सुपर शक्ति के अस्तित्व को नकारते भी नहीं।

महान दार्शनिक अरस्तू का मानना था कि प्रभावशाली लोग ईश्वर की पूजा का बड़े स्तर पर दिखावा इसलिए करते है ताकि लोग उन्हें चुनौती नहीं दें। सर थॉमस ब्राउन के अनुसार मात्र संभावनाओं पर विश्वास आस्था नही बल्कि मात्र फिलोसोफी (दर्शन)है। एक लेटिन कहावत के अनुसार विश्वास न्याय की बहन है। अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के अनुसार आस्था-विश्वास अंत तक उद्धेश्य प्राप्ति की शक्ति देता है। हेनरिक फ्रेडरिक के अनुसार विश्वास बिना प्रमाण के निश्चितता, आशा है जिस में कोई बाहरी आदेश नहीं होता, स्वप्रेण ही होती है।

इंग्लैंड के पूर्व प्रधान मंत्री बेंजामिन फ्रैंकलिन के अनुसार सांसारिक मामलों में विश्वास के बजाय उसके अभाव में आदमी संकटों से बच जाता है।

एक दृष्टिकोण यह भी है कि वैज्ञानिक सोच से मानव जानवर से आदमी बन गया। धर्मान्धिता इंसान को जानवर से भी घटिया बना देती है। आस्था-धर्म मानने में कोई बुराई नही किन्तु धर्मान्धता-अंधविश्वासों से बचे रहना ही उचित मार्ग है।

अभी हाल ही में एक विभत्स समाचार किसी अखबार में पढ़ा--गुजरात में किसी गांव में एक तांत्रिक ने, सबके सामने, एक नाबालीग बच्ची की बलि दे दी। एक व्यक्ति का रास्ता बिल्ली काट गई तो बिल्ली को जला ही दिया। पुराने जमाने की कहानियां तो सुनते आए हैं कि बड़े शक्तिशाली लोग अपने किलों, हवेलियों में नर बलि देते थे, किन्तु इस युग में ऐसे कृत्यों को कैसे समझे??

शायद, हम लोग प्रतीक्षा करते ही रह जाएंगे कि कोई राजनीतिक दल, कोई तथाकथित सांस्कृतिक-सामाजिक संगठन इस प्रकार के अन्धविश्वासों के विरुद्ध शक्तिशाली आवाज उठाए, कोई बड़ी जनजागरण यात्राएं निकालें, इनके विरुद्ध कोई बड़ा आंदोलन करें।

जाते जाते सुधि पाठकों के लिए कुछ प्रश्न छोड़ रहा हूँ--क्या जैन, बौद्ध, सिक्ख, कबीर पंथी, दादू पंथी, व हिन्दू धर्म के अन्य पंथ सम्प्रदायों को मानने वाले सनातनी की श्रेणी में हैं या नही? इनकी आस्थाएं क्या हैं? कबीर वाणी, गुरुग्रन्थ साहिब व अन्य सम्प्रदायों के मार्गदर्शक ग्रन्थ इनके आस्था के प्रतीक हैं या नहीं? क्या इस्लाम, ईसाई, जैन, बौद्ध आदि धर्म मानने वाले, उनके धर्म के अनुसार किसी प्रकार के सनातन नियमों की पालना नही करते क्या? क्या अंधविस्वास आस्था है? अगर साधु संत सत्ता के लिए लालायित हों तो क्या यह मानें की असली ताकत सत्ता में है, शायद ईश्वर में नहीं? सभी साधु-संत-धर्मप्रचारक यह क्यों कहते सुने जाते हैं कि तर्क नहीं आस्था-श्रद्धा रखो मनोइच्छयाएँ पूर्ण होंगी? यह लोग तर्क से क्यों बिदकते हैं?

**-महावीर सिह, पूर्व आईएएस**

# दो परीक्षाओं में से एक परीक्षा की तिथि में संशोधन करने की मांग

- **23 मार्च को आरपीएससी द्वारा तथा 22 मार्च को शिक्षा विभाग द्वारा 8वीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन करने के निर्देश जारी हुए हैं**
- **बोर्ड परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन में 24 घंटे का भी अंतराल नहीं है, संस्था प्रधान केंद्राधीक्षक के समक्ष संकट आया**

**बीकानेर,** (निसं)। शिक्षा विभाग एवं अन्य परीक्षा ऐजेंसियों में तालमेल के अभाव में आगामी 23 मार्च को आरपीएससी द्वारा तथा 22 मार्च को दोपहर पारी में 2 से 4.30 तक शिक्षा विभाग द्वारा 8 वीं बोर्ड परीक्षा का आयोजन करने के निर्देश जारी हुए हैं, जिस कारण से संस्था प्रधान एवं केंद्र अधीक्षक के सामने एक परीक्षा को पूर्ण करना तथा दूसरे दिन सुबह की पारी में दूसरी परीक्षा का आयोजन होने से असमंजसता की स्थिति उत्पन्न हो गई है कि इतने कम अंतराल में बोर्ड परीक्षा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के सिटिंग व्यवस्था किस प्रकार से करे। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने इस प्रकार कम अंतराल में परीक्षा आयोजित करने को हास्यास्पद बताते हुए दोनों परीक्षाओं में एक परीक्षा की तिथियों में संशोधन करने की मांग की है।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने शिक्षा निदेशक बीकानेर एवं आरपीएससी अध्यक्ष को पत्र भेजकर अवगत करवाया है कि आपसी तालमेल के अभाव से संस्था प्रधान केंद्राधीक्षक के समक्ष संकट खड़ा हो गया है कि दोनों परीक्षाओं की गोपनीयता के साथ सफल संचालन कम अंतराल में किस प्रकार करें।

संस्था प्रधान कम केंद्राधीक्षक मानसिक तनाव में आ गए हैं। आचार्य ने पत्र में लिखा है कि कम अंतराल में बोर्ड परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सभी सुविधाओं का आंकलन कर सिटिंग व्यवस्थाओं को पूर्ण करना होता है जो 24 घंटे के कम अंतराल में सम्भव नहीं होगा।

उक्त 24 घंटों में रात्रिकाल का समय भी सम्मिलित है, इसलिए शिक्षा विभाग या आरपीएससी परीक्षा तिथियों पर पुनः विचार करते हुए एक परीक्षा की तिथियां में बदलाव करने का आपस में संवाद कर निर्णय करें ताकि केंद्राधीक्षक तनाव मुक्त होकर परीक्षाएं संपन्न करवा सके एवं गोपनीयता भी बनी रहे।

# जैतसर में घना कोहरा छाने से दृश्यता कम

- **मार्च में इतना घना कोहरा पहली बार देखा गया है, कोहरे के कारण तापमान 2 से 3 डिग्री गिरा**
- **सुबह और रात के समय बढ़ी ठंडक से लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले के जैतसर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। शुक्रवार रात और शनिवार सुबह हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं के बाद कोहरे की स्थिति और गंभीर हो गई है। कोहरे के कारण तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मार्च में इतना घना कोहरा पहली बार देखा गया है। सुबह और रात के समय बढ़ी ठंडक के कारण लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं।

किसानों के लिए यह कोहरा लाभदायक साबित हो सकता है। विशेषकर गेहूं की फसल के लिए यह अनुकूल माना जा रहा है। किसानों का कहना है कि इससे उनकी पैदावार में वृद्धि की संभावना है। श्रीविजयनगर, रामसिंहपुर, सरदारगढ़, स्वरूपसर, बुगिया, जानकीदासवाला, फरीदसर और कीकरवाली जोहड़ी में भी कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है।

जैतसर थानाधिकारी इमरान खान ने वाहन ड्राइवरों से धीमी गति से वाहन चलाने की अपील की है। उन्होंने बिना जरूरत घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही यात्रा के दौरान सावधानी बरतने को कहा है।

# कम वोल्टेज और बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान


**श्रीगंगानगर,** (निसं)। घमंडिया चक 73 एलएनपी, निरवाणा, सरदारपुरा बीका व जीवनदेसर जीएसएस के बिजली उपभोक्ता व किसान बार-बार कटौती से परेशान हैं।

कम वोल्टेज के कारण खेतों में ट्यूबवैल पर लगी मोटरें व घरों में उपकरण जल रहे हैं। मोटरों पर 400 की जगह 280 वोल्टेज पहुंच रही है। इसका मुख्य कारण 33 केवी विद्युत लाइन पर चार जीएसएस जुड़े होने से अत्यधिक लोड व आगे थ्री फेज बिजली की बहुत कम वोल्टेज होना है। 33 केवी विद्युत लाइन पर जीवनदेसर, 73 एलएनपी, निरवाणा व सरदारपुरा बीका जीएसएस पर 60 से अधिक गांव व 1200 किसानों के यहां मोटर कनेक्शन हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निरवाणा व सरदारपुरा बीका जीएसएस की 33 केवी लाइन को पूरा कर सीधा जोड़ने से ही राहत मिलने की उम्मीद है।

डिस्कॉम सूत्रों के अनुसार पहले 73 एलएनपी व जीवनदेसर जीएसएस के लिए 33 केवी लाइन बींझबायला से 132 केवी जीएसएस से जोड़ी गई थी। चक 73 एलएनपी व जीवनदेसर जीएसएस पर करीब 450 ट्यूबवेल कनेक्शन है। वोल्टेज सुधार के लिए इन जीएसएस को अलग किया गया, लेकिन निरवाणा व सरदारपुरा बीका जीएसएस पर अधिक लोड व कम वोल्टेज सुधार के लिए बींझबायला से सीधे एमआरएम निरवाणा जीएसएस को 33 केवी लाइन खींची गई। विवाद के कारण 4 वर्ष से काम अधूरा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि सूरतगढ़ विद्युत निगम के अधिकारियों ने अनदेखी की। फलस्वरूप लाइन का काम पूरा न करवाकर 73 एलएनपी जीएसएस की 33 केवी लाइन में ब्रेकर मशीन लगाकर निरवाणा व सरदारपुरा बीका जीएसएस को अस्थायी रूप से जोड़ दिया। इससे निरवाणा व सरदारपुरा बीका के किसानों व उपभोक्ताओं को राहत मिलना तो दूर, बल्कि 73 एलएनपी व जीवनदेसर में बार-बार कटौती व थ्री फेज में कम वोल्टेज की परेशानी बढ़ गई है। अब 33 केवी में फाल्ट आने पर चारों जीएसएस एक साथ ठप हो जाते हैं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 17 मार्च, 2025**

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, चित्रा नक्षत्र दिन 2:47 तक, ध्रुव योग दिन 3:45 तक, विष्टि करण सायं 7:34 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मीन, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा सायं 2:34 तक है। आज कल्पादि, चतुर्थी व्रत है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:07 तक, शुभ 9:37 से 11:06 तक, चर 2:05 से 3:34 तक, लाभ-अमृत 3:34 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:38, सूर्यास्त 6:33

### मेष

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें।

### कर्क

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह

नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### कन्या

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आज धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

### तुला

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार सम्पन्न हो सकते हैं।

### वृश्चिक

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

### धनु

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

### मकर

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 223 प्रभात जयपुर, सोमवार 17 मार्च, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**The Poor Ghadiyal Needs Help** Often people get confused between gharials and crocodiles and consider the former dangerous, in fact, gharials mainly survive on fish and have rarely attacked humans

**The Art of Super-communication**

**Notoriously Hard-to-Finish Books** But if you can't finish it, don't feel too bad!

# बलूच आर्मी ने पाकिस्तान सेना के 90 जवान मारे

## बलूच विद्रोहियों ने पाक सेना के आठ मिलिट्री वाहनों के काफिले को निशाना बनाया

इस्लामाबाद, 16 मार्च। पाकिस्तानी सेना पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) इन दिनों खूब कहर बरपा रही है। बलूच विद्रोहियों ने रविवार को पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 90 सैनिकों के मारे जाने का दावा किया गया है।

क्वेटा से ताफ्तान जा रहे 8 मिलिट्री वाहनों पर नोशकी के हाईवे के पास हमला किया गया। बीएलए के अनुसार, उसकी मजीद और फतेह ब्रिगेड ने सेना के काफिले पर सुसाइड बॉम्बिंग की।

जानकारी के मुताबिक एक फिदायीन लड़ाका विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर सेना के काफिले से टकरा गया। इसके बाद फतेह स्क्वॉड ने सेना के काफिले में

- **क्वेटा से ताफ्तान जा रहे मिलिट्री काफिले पर नोशकी के हाईवे के पास बीएलए की मजीद और फतेह बिग्रेड ने हमला किया।**

घुसकर हमला किया।

जिस वाहन पर सुसाइड अटैक किया गया था, वो पूरी तरह तबाह हो गया। घायलों को नोशकी के अस्पताल में भर्ती किया गया है। इलाके में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

बीएलए ने दावा किया है कि मजीद ब्रिगेड ने पाकिस्तानी सेना के काफिले पर फिदायीन हमला किया, इसके बाद बीएलए के फतेह दस्ते ने हमला किया, जिससे मरने वाले पाकिस्तानी सैनिकों की कुल संख्या 90 हो गई। इस काफिले में 8 बसें शामिल थीं, जो क्वेटा से ताफ़्तान जा रही थीं। बलूचिस्तान के नोशकी में आरसीडी हाईवे पर काफिले को निशाना बनाया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना के काफिले पर इस फिदायीन हमले के बाद 3 पाकिस्तानी हेलीकॉप्टर नोशकी भेजे गए। अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है, वहीं एंबुलेंस लगातार एफसी मुख्यालय की ओर दौड़ रही हैं।

पाकिस्तानी पुलिस ने बलूच आर्मी के दावे के विपरीत कहा है कि सड़क के पास पड़े एक बम में विस्फोट हुआ।

सैनिकों को लेकर वहां से गुजर रही बस इसकी चपेट में आ गई। हमले में पांच पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं, जबकि 10 घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

ज्ञातव्य है कि पांच दिन पहले बीएलए ने पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन का अपहरण कर लिया था। बीएलए का दावा था कि उसने ट्रेन से बंधक बनाए 214 पाकिस्तानी सेना से जुड़े लोगों को मार डाला है।

हालांकि इस मामले में पाकिस्तानी सेना ने कहा था कि उसके सिर्फ 28 सैनिक मारे गए थे और सभी 33 बलूच लड़ाकों को ढेर कर दिया गया था।

# नाइट क्लब में भीषण आग, 51 लोगों की मौत, 100 घायल

स्कोप्जे (उत्तर मैसिडोनिया), 16 मार्च। उत्तर मैसिडोनिया के दक्षिणी शहर कोकानी के एक नाइट क्लब में शनिवार देर रात लगी भीषण आग में 51 लोगों की मौत हो गई और लगभग 100 अन्य घायल हो गए। अग्निशमन विभाग जब तक मदद को पहुंचता, तब तक इन लोगों की जान जा चुकी थी। घायलों में कई की हालत गंभीर है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

गृह मंत्री पांसे तोशकोवस्की ने संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। तोशकोवस्की ने बताया कि आग देर

- **बताया जा रहा है कि उत्तर मैसिडोनिया के कोकानी शहर के नाइट क्लब में एक पॉप संगीत कार्यक्रम के दौरान युवाओं द्वारा की गई आतिशबाजी के कारण यह आग लगी।**

रात 2:35 बजे एक स्थानीय पॉप समूह के संगीत कार्यक्रम के दौरान लगी। उन्होंने कहा कि क्लब में जाने वाले युवाओं ने आतिशबाजी की जिससे आग लग गई। तोशकोवस्की ने कहा कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। लेकिन उन्होंने उस व्यक्ति की संलिप्तता के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

प्रधानमंत्री मिकोस्की ने एक्स पर लिखा- नॉर्थ मैसेडोनिया के लिए यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अरविंद सिंह मेवाड़ का लंबी बीमारी के बाद देहावसान

## सोमवार को महासतिया मोक्षस्थल पर अंतिम संस्कार होगा, सिटी पैलेस पर्यटकों के लिये बंद

उदयपुर,16 मार्च (का.स.)। मेवाड़ रियासत के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का रविवार को निधन हो गया, वे 81 वर्ष के थे। तेरह दिसंबर 1944 को जन्में अरविंद सिंह लंबे समय से बीमार थे। वे सिटी पैलेस के शंभू निवास में रहते थे और यहीं उनका इलाज भी हो रहा था। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को महासतिया स्थित मोक्ष स्थल पर होगा। उनके निधन

- **उदयपुर को पर्यटन के विश्व मानचित्र में स्थान दिलाने का श्रेय इनको जाता है। भारत में डेस्टिनेशन वैडिंग के ट्रेड की शुरुआत भी अरविंद सिंह ने ही की थी।**

से पूरे शहर में शोक की लहर छा गई है। निधन के बाद सिटी पैलेस को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है ।

भगवत सिंह मेवाड़ और माता सुशीला कुमारी मेवाड़ के पुत्र अरविंद सिंह मेवाड़ एचआरएच ग्रुप के प्रबंध निदेशक थे। पिता अरविंद सिंह के निधन से व्यथित डॉ.लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ शंभू निवास की सीढ़ि यों पर बैठे काफी देर तक रोते हुए दिखे। परिवार में उनकी पत्नी विजयराज कुमारी, पुत्र डॉ.



*स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़*

लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ व दो पुत्रियाँ भार्गवी व पद्मजा हैं। ज्ञातव्य है कि अरविन्द सिंह मेवाड़ के बड़े भाई महेन्द्र

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कोर्ट जाँच अधिकारी का काम नहीं करता है'

जयपुर, 16 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि किसी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई में जारी आरोप पत्र को तब तक याचिका में चुनौती नहीं दी जा सकती, जब तक यह सिद्ध न हो जाए कि आरोप पत्र जारी करने वाला अधिकारी कार्रवाई आरंभ करने के लिए सक्षम नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर याचिका को निस्तारित करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता जांच अधिकारी के समक्ष अपने साक्ष्य रखे। जस्टिस अनूप कुमार

- **हाई कोर्ट ने कहा, अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिये जारी आरोप पत्र को याचिका में चुनौती तभी दी जा सकती है, जब आरोप पत्र जारी करने वाला उसके लिये सक्षम नहीं हो।**

ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश पुलिस कांस्टेबल जगदीश प्रसाद की याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि किसी भी मामले में न्यायालय कर्मचारी पर लगाए आरोपों की सत्यता का निर्णय करने के लिए जांच अधिकारी या अनुशासनात्मक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं कर सकता।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कल से शुरु होगा प्रतिष्ठित रायसीना संवाद का 10वां संस्करण

## प्रधानमंत्री मोदी उद्घाटन करेंगे तथा न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मुख्य अतिथि होंगे

नयी दिल्ली, 16 मार्च। भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख कूटनीतिक सम्मेलन, "रायसीना संवाद" 17-19 मार्च के बीच होगा जिसमें न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के अलावा कम से कम 20 देशों के विदेश मंत्री शिरकत करेंगे।

रायसीना संवाद के 10 वें संस्करण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 मार्च को करेंगे। न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन, मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य उद्बोधन देंगे।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों पर चर्चा एवं आगे का मार्ग खोजने के लिए प्रतिबद्ध, दसवें रायसीना संवाद में मंत्रियों, पूर्व राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों, सैन्य कमांडरों, उद्योग के कप्तानों, प्रौद्योगिकी नेताओं, शिक्षाविदों, पत्रकारों, रणनीतिक मामलों के विद्वानों, अग्रणी

- **इस वर्ष रायसीना संवाद का विषय है, "कालचक्र- लोग, शांति और पृथ्वी"। तीन दिन के कार्यक्रम में करीब 20 देशों के विदेश मंत्री भाग लेंगे।**

थिंक टैंक और युवाओं के विशेषज्ञों सहित लगभग 125 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी।

वर्ष 2025 के संस्करण का विषय "कालचक्र - लोग, शांति और पृथ्वी" है। तीन दिनों के दौरान, निर्णय निर्माता और दुनिया के विचार नेता छह विषयगत स्तंभों पर विभिन्न प्रारूपों में बातचीत में एक-दूसरे को संलग्न करेंगे।

लगभग 125 देशों के 3500 से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# न्यायमूर्ति बागची आज सर्वोच्च न्यायालय में शपथ लेंगे

नयी दिल्ली, 16 मार्च। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची सोमवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना उन्हें शपथ दिलाएंगे। सोमवार को उच्चतम न्यायालय परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वहां के अन्य न्यायाधीशों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अलावा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। न्यायमूर्ति बागची के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत के लिए स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या के मुकाबले न्यायाधीशों की संख्या 33 हो जाएगी।

न्यायमूर्ति बागची दो अक्टूबर 2031 को सेवानिवृत्त होंगे, उससे पहले वह मई (2031) में भारत के मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं। न्यायमूर्ति खन्ना के नेतृत्व वालेद्ध न्यायमूर्ति भूषण आर गवई, न्यायमूर्ति, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ के कॉलीजियम ने छह मार्च को न्यायमूर्ति बागची को पदोन्नित कर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद पर नियुक्ति की सिफारिश की थी। कॉलीजियम ने नियुक्ति की सिफारिश के लिए मूल्यांकन करते समय न्यायाधीश पद के संभावित उम्मीदवारों की योग्यता, ईमानदारी और न्यायिक क्षमता के अलावा क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और वरिष्ठता आदि पहलुओं पर भी विचार किया।

# पंजाब सरकार ने अमृतपाल पर से एनएसए हटाने का निर्णय लिया

## असम के डिब्रूगढ़ में बंद अजनाला अटैक के आतंकी सांसद अमृतपाल अब पंजाब जेल में रहेंगे

चंडीगढ़ , 16 मार्च। आतंकवाद के आरोपों में असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद अमृतपाल सिंह और उसके 7 सहयोगियों की पंजाब वापसी होगी। भगवंत मान की अगुवाई वाली सरकार ने अमृतपाल सिंह के ऊपर से एनएसए हटाने का फैसला किया है। अजनाला अटैक में अब अमृतपाल सिंह के ऊपर राज्य में केस चलेगा और उसे राज्य की जेल में ही रखा जाएगा। अमृतपाल सिंह, द वारिस पंजाब दे संगठन का नेता है। 2024 लोकसभा चुनावों में अमृतपाल सिंह ने जीत दर्ज करके चौंका दिया था। अमृतपाल से एनएसए हटाने की जानकारी पंजाब पुलिस से सामने आई है।

पंजाब सरकार के इस फैसले को अमृतपाल सिंह के खिलाफ कार्रवाई तेज करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पिछले दिनों भगवंत मान सरकार ने

- **पंजाब सरकार ने कुछ समय पहले संकेत दिये थे कि राज्य में सभी अपराधिक मामलों की सुनवाई तेजी से होगी। अमृतपाल के निर्णय को उसी कड़ी में जोड़कर देखा जा रहा है।**

संकेत दिए थे कि अब राज्य में तमाम आपराधिक मामलों की सुनवाई तेजी से होगी। इसी के बाद अब राज्य पुलिस अमृतपाल सिंह के खिलाफ फरवरी, 2023 के मामले में कार्रवाई तेज करने की कोशिश कर रही है। एनएसए हटने के बाद अब जल्द ही अमृतपाल सिंह को पंजाब लाया जा सकेगा। अमृतपाल के परिवार ने भी यही मांग की कि उसे पंजाब वापस ला जाए और उसके खिलाफ केस यहीं पर चले।

ज्ञातव्य है कि 23 फरवरी 2023 को लगभग 200-250 लोगों की भीड़ ने पंजाब के अजनाला पुलिस स्टेशन पर हमला किया था। भीड़ घातक हथियारों से लैस थी। इसकी अगुवाई अमृतपाल सिंह ने की थी। भीड़ का उद्देश्य पुलिस हिरासत में लिए गए एक सहयोगी को छुड़ाना था। इस संघर्ष में छह पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। कानूनी कार्रवाई के बाद अमृतपाल के कई सहयोगियों को एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था। इसके बाद उसे असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में भेजा गया, लेकिन जेल में रहते हुए अमृतपाल ने पंजाब की चर्चित लोकसभा सीट खडूर साहिब से जीत हासिल कर ली थी।

# अंतरिक्ष स्टेशन पर नये यात्रियों को देख सुनीता विलियम्स प्रसन्न हुईं

नई दिल्ली, 16 मार्च। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के, लंबे समय से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों, बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को तैनात करने के लिए एक दिन पहले रवाना हुआ 'स्पेसएक्स' का यान रविवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंच गया।

इसके साथ ही विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ हो गया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे चार नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, जापान और रूस का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे कुछ दिन विलियम्स और विल्मोर से स्टेशन के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। माना जा रहा है कि अगर मौसम सही रहा तो दोनों फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को अगले सप्ताह फ्लोरिडा के तट के निकट जलक्षेत्र में उतारा जाएगा।

विल्मोर और सुनीता विलियम्स

- **माना जा रहा है कि अगले सप्ताह सुनीता और विल्मोर को फ्लोरिडा के निकट जल क्षेत्र में उतारा जायेगा।**

बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल से पांच जून को केप कैनवेरल से रवाना हुए थे। दोनों एक सप्ताह के लिए ही गए थे लेकिन अंतरिक्ष यान से हीलियम के रिसाव और वेग में कमी के कारण ये लगभग नौ माह से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्रियों के नए दल में नासा से ऐनी मैक्लेन और निकोल एयर्स शामिल हैं। वे दोनों सैन्य पायलट हैं। इनके अलावा जापान के ताकुया ओनिशी और रूस के किरिल पेस्कोव भी रवाना हुए हैं और दोनों विमानन कंपनियों के पूर्व पायलट हैं। ये चारों लोग विल्मोर और विलियम्स के धरती के लिए रवाना होने के बाद अगले छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन में बिताएंगे, जिसे सामान्य अवधि माना जाता है।

# संविदाकर्मी माँ भी समान मातृत्व अवकाश की हकदार- हाई कोर्ट

जयपुर, 16 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि बच्चे की मां, मां होती है, फिर चाहे वह नियमित आधार पर कार्यरत हो या संविदा के आधार पर। संविदा कर्मचारियों के नवजात शिशुओं को भी नियमित कर्मचारियों के बच्चों के समान जीवन का अधिकार है। इसके साथ ही अदालत ने 2 माह का मातृत्व अवकाश लेने वाली संविदा कर्मचारी को राहत दी है। अदालत ने कहा कि संविदा कर्मचारी को 180 दिन का मातृत्व अवकाश न देकर उसके अधिकारों का हनन किया

- **अदालत ने पूर्ण मातृत्व अवकाश नहीं देने पर बकाया दिनों का नौ फीसदी ब्याज सहित अतिरिक्त वेतन देने के आदेश दिये।**

गया है। अदालत ने कहा कि समय बीतने के कारण याचिकाकर्ता को बढ़ी हुई मातृत्व अवकाश की अवधि का अवकाश देना संभव नहीं है। ऐसे में शेष अवधि के लिए उसे नौ फीसदी ब्याज सहित अतिरिक्त वेतन अदा किया जाए। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश बसंती देवी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

साल 2008 में दायर याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ता साल 2003 में, नर्स ग्रेड द्वितीय के पद पर संविदा पर नियुक्त हुई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'कोई कितना भी बड़ा नेता हो, बैठक में तो आना होगा'

## प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित बैठक में गहलोत की अनुपस्थिति पर प्रभारी रंधावा ने तीखी टिप्पणी की

जयपुर, 16 मार्च। रविवार को बुलाई गई प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित बैठक से पहले प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने प्रदेश कांग्रेस नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट रूप से कह दिया है कि जो पार्टी के लिए काम नहीं करते और केवल विजिटिंग कार्ड लेकर घूमते हैं, ऐसे नेताओं की पार्टी को कोई जरूरत नहीं है।

प्रदेश कांग्रेसअध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, सचिन पायलट और सीपी जोशी की मौजूदगी में रंधावा ने कहा कि पार्टी से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना भी बड़ा नेता हो, बैठक में तो आना ही पड़ेगा। मैंने सह-प्रभारियों और जिलाध्यक्षों को भी निर्देश दिए हैं कि बैठक में नहीं आने वाले नेताओं की रिपोर्ट तैयार कर पीसीसी को भेजें। रंधावा ने कहा कि राहुल गांधी ने भी गुजरात में कहा था कि पार्टी को सक्रिय करना है और इसके लिए ग्रास रूट तक कार्यकर्ता तैयार करने होंगे। उल्लेखनीय है कि अशोक गहलोत इस बैठक में उपस्थित नहीं थे।

रंधावा ने कहा कि राहुल गांधी ने भी गुजरात में दूसरी पार्टियों से मिलकर काम करने वाले नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने का आदेश दिया है और मैं भी साफ-साफ कह रहा हूं कि जो लोग दूसरी पार्टियों से मिलकर काम कर रहे हैं, वे कांग्रेस के सदस्य नहीं रहेंगे। ऐसे लोगों की भी रिपोर्ट हम तैयार करवा रहे हैं।

- **डोटासरा ने कहा, राजस्थान में 50 जिलों में पार्टी के संगठन के बारे में चार सदस्यीय कमेटी बनाई जायेगी जो सारे निर्णय लेगी।**
- **प्रदेश कांग्रेस की इस विस्तारित बैठक में सचिन पायलट, सी.पी. जोशी तथा टीकाराम जूली शामिल हुए।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के विधानसभा नहीं जाने को लेकर रंधावा ने कहा कि मैंने उनसे बात की है। नेता प्रतिपक्ष और पीसीसी अध्यक्ष के बीच अच्छा तालमेल है, लेकिन विधानसभा स्पीकर को भी धैर्य रखना चाहिए।

बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कल मेरी जगह और कोई था, आज मैं हूं कल और कोई होगा। फिर कोई तीसरा होगा। यह एक प्रक्रिया है, लेकिन संगठन मजबूत होगा तो ही पार्टी मजबूत होगी और हमारा यही प्रयास है कि निष्क्रिय लोगों को बाहर करके पार्टी के लिए काम करने वाले लोगों को ज्यादा मौके दिए जाएं।

गोविंद सिंह डोटासरा ने खुद के विधानसभा नहीं जाने को लेकर कहा कि यह एक टेक्निकल इशू है और जिस दिन यह दूर हो जाएगा, उस दिन में इस बारे में सभी को जानकारी दूंगा। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस ने 50 जिलों की संरचना के हिसाब से संगठन के विस्तार की तैयारी की है और इसके लिए चार सदस्यों की कमेटी बनाई जा रही है, जो तमाम निर्णय करेगी।

इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मेरे एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। जहां तक मंत्रियों की स्थिति है, वह पूरा राजस्थान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संक्षिप्त

### समिति की बैठक आयोजित

**शाहपुरा।** श्रीयादे प्रजापति सामूहिक विवाह समिति त्रिवेणीधाम शाहपुरा की बैठक श्रीयादे माता मन्दिर महन्त श्री प्रहलाददासजी महाराज के सानिध्य एवं समिति अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण खेजरोली की अध्यक्षता में प्रजापति धर्मशाला त्रिवेणीधाम में आयोजित हुई। बैठक में 5 मई 2025 जानकीनवमी को आयोजित होने वाले प्रजापति समाज के द्वादशम सामूहिक विवाह सम्मेलन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस आयोजन के लिए 21 जोड़ों का लक्ष्य रखा गया है। समिति संयोजक सुबेसिंह लेक्चरर एवं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण खेजरोली ने युवाओं से इस सामाजिक आयोजन के लिए समाज में जागृति लाने का आव्हान किया, जिससे समाज को बालविवाह एवं फिजूलखर्ची से रोका जा सके एवं विकास की मुख्यधारा शिक्षा की और मोड़ा जा सके।

### भाई दोज का त्यौहार मनाया

**निवाई।** शहर में रविवार को बहिनों ने भाई दोज का त्यौहार मनाया। सुबह स्नानादि के बाद महिलाओं ने समूह के रूप बैठकर गाय के गोबर से दोज माता का बनाई। इसके बाद रोली, मोली चावल सहित अन्य सामग्री से विधि विधान से पूजा की। इस अवसर पर बुजुर्ग महिलाओं ने दोज माता की कथा सुनाई। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए। पूजा के बाद महिलाओं ने दोज माता की सामूहिक आरती की। इसके बाद महिलाओं ने बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद लिया। पूजा समाप्ति के बाद बहिनों ने अपने भाई के टीका लगाकर व मिठाई खिला कर उसकी लम्बी उम्र की कामना की।

### चूल्हे की आग से झुलसी युवती

**अलवर।** अलवर के रामगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सरेटा में 17 वर्षीय युवती चूल्हे की आग से गंभीर रूप से झुलस गई। जिसका अलवर जिला अस्पताल में इलाज जारी है रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरेटा गांव निवासी सुब्बा खान की 17 वर्षीय बेटी मिस्कीना पशुओं को खिलाया जाने वाला भोजन बना रही थी। जैसे ही पतीला हटाया चूल्हे के आग चुन्नी तक लगी। उसके बाद तुरंत कपड़ों में आग लगी। जिससे वह झुलस गई। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार के लोगों ने आकर आग को बुझाया। मिस्किना का जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में इलाज जारी है।

### अखंड रामचरित मानस पाठ का समापन

**निवाई।** श्री कृष्णानंद महाराज की असीम अनुकंपा से चारभुजा नाथ मंदिर स्थित श्री सनातन धर्म सत्संग भवन में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का रविवार को विधिवत समापन हुआ। तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ 14 मार्च को 51 आसनों पर अखंड रामचरित मानस के पठन से किया गया। शुभारम्भ से पूर्व श्रीकृष्णानन्द जी महाराज के चरण कमलों की सभी श्रद्धालुओं ने विधि विधान पूजा अर्चना की।

### भागवत सप्ताह का शुभारम्भ

**मालपुरा।** शहर के जयपुर रोड हाउसिंह बोर्ड सन्मति नगर कॉलोनी मे आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ रविवार को हुआ। समस्त कॉलोनीवासियो की और से 16 मार्च से 22 मार्च तक आयोजित भागवत सप्ताह मे व्यासपीठ से कथावाचक नन्दनी जी महाराज वृन्दावन धाम के मुर्खाबिन्द से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संगीतमय कथा की जायेगी।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** दतवास थाना पुलिस ने चोरी के प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुराई गई लोहे की प्लेटों को बरामद किया है। ग्राम पंचायत दतवास प्रशासक सुवालाल महावर निवासी दतवास ने मामला दर्ज करवाया था कि ग्राम पंचायत दतवास में आए दिन चोरी की वारदाताएं हो रही है।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# हर सुविधा बेहतर रूप से मिले, इसके लिए कार्य करता रहूंगा : विधायक धनकड़

- उपजिला अस्पताल, आधुनिक बस स्टैंड की महत्वपूर्ण घोषणा पर मंत्री, सांसद व विधायक का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद, विधायक धनकड, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल का अभिनंदन किया।

**पावटा।** राजस्थान सरकार के मात्र डेढ़ साल के कार्यकाल में ही विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को मिली सौगातों में विशेषकर नगर पालिका विराटनगर को बजट 2025- 26 में विराटनगर नगरपालिका क्षेत्र को सीवरेज, उपजिला अस्पताल, आधुनिक बस स्टैंड की महत्वपूर्ण घोषणा के पश्चात स्वास्थ्य शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर ग्रामीण सांसद, विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक धनकड, भाजपा जयपुर जिला उत्तर देहात जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल का विराटनगर आगमन पर नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सतवीर यादव, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, विकास कैरोड़ी, विकास शर्मा, प्रमोद सैनी, महेश यादव, सुरेंद्र चौधरी, हेमंत निर्मल, गोपाल अग्रवाल, गिरिराज शर्मा, विनोद सिंह तंवर, केशर देवी, पूजा चौधरी, रोहिताश सिंधु, सरदार मल यादव, सत्तार खान, आरती सिंह, किरण शर्मा, सहित भाजपा, राजनीतिक क्षेत्र एवं विभिन्न समाजों के वरिष्ठ नेता, राजनीतिक कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस दौरान रोड शो का आयोजन किया गया जहां जगह जगह उनका सैकड़ों भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही नगरवासियों ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर एवं भव्य आतिशबाजी करते हुए पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में मात्र डेढ़ साल के कार्यकाल में ही विराटनगर विधानसभा क्षेत्र को कई बड़ी सौगातें मिली हैं, उन्होने कहा कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के समस्त निवासियों को जिला स्तरीय हर सुविधा बेहत्तर रूप से क्षेत्र में मिले, इसके लिए कार्य करता रहूंगा। इस दौरान पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, कोटपूतली भाजपा नेता मुकेश गोयल, निर्मल पंसारी, मामराज सोलंकी, रोमेश मिश्रा, विकास शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, बाबूलाल मीणा ,शिवराज शुक्ल, गिरिराज शर्मा, सुरेंद्र चौधरी, सत्यनारायण सैनी, दीपेश चौबे, हेमराज सैनी, रामेश्वर मीणा, छाजूलाल जांगिड, रामकरण, घनश्याम सैनी, रामनिवास कोहली, विवेक यादव, नरेश सैनी, नंदकिशोर छिपा, भैरू पोशवाल, विजय सैनी, हनुमान गुर्जर, रोहिताश सिंधु, दिनेश सिंह, नीतू शर्मा, बनारसी देवी, सीमा सैनी, शीला देवी, जयराम सैनी, विवेक यादव, देवराज सैनी, किशोर, जयराम नवरंगपुरा, अनीता जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी , कार्य कर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

**अलवर।** नारायणपुर में 13 मार्च को हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। चतरपुरा और नीमूचाना सहित आसपास के इलाकों में करीब 20 मिनट तक हुई ओलावृष्टि से फसलों में 50 प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ है। तहसीलदार अनिल कुमार ने राजस्व विभाग की टीम के साथ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने खेतों में जाकर फसलों के नुकसान का जायजा लिया। टीम ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी है। किसानों के अनुसार, सरसों और जौ की फसल पककर तैयार थी। अधिकांश इलाकों में फसल की कटाई चल रही थी। इस दौरान हुई ओलावृष्टि से कटी हुई फसल को भी नुकसान पहुंचा है। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव ने इस बात की पुष्टि की है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। प्रशासन की ओर से आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

# चिकित्सकों का होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित



चिकित्सकों ने होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया।

**देवली ।** रविवार को यहां सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सकों ने एक साथ मिलकर होली मिलन समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर देवली के डॉक्टर परिवारो ने होली मिलन समाहरोह कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर शिरकत की ।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष डॉ जैन ने संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ राजेश जैन को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की जिम्मेदारी सोपी। इसी प्रकार संगठन के पूर्व जनरल सेक्रेटरी डॉ गौरव व्यास ने भी नवनिर्वाचित जनरल सेक्रेटरी डॉ आरती शर्मा को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने हेतु शुभकामना भेंट कि। उल्लेखनीय है कि डॉ आरती शर्मा (आई एम ए ) देवली ब्रांच की पहली महिला सेक्रेटरी बनी है।

साथ ही आई एम ए संगठन देवली ब्रांच की प्रथम महिला ऑफिसर के पद पर नियुक्त है। इस मौके पर डॉक्टर आरती शर्मा ने संगठन को भरोसा दिलाया कि वह अपनी मेहनत और लगन से आई एम ए संगठन देवली ब्रांच को और मजबूत बनाने के लिए सदा प्रयासरत रहेगी। तो वही संगठन में महिला चिकित्सकों को बराबर सम्मान दिलाए जाने की भूमिका में बनी रही थी। और आगे भी बनी रहेगी। इस मौके पर डॉ गौरव व्यास ने जानकारी में बताया कि संगठन की नई कार्यकारिणी में ट्रेंसरार पद पर डॉ सुनिल मीणा को नियुक्त किया गया है। चिकित्सकों के होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शहर के सीनियर चिकित्सकों ने नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारीयो को शुभकामनाएं भेंट करते हुए कहा कि संगठन को और मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर मेडिकल क्षेत्र में आने वाली सभी समस्यायो से धैर्यपूर्वक मिलकर सामना करने के लिए सक्रिय बना रहना होगा। इस मौके पर राजकीय चिकित्सा प्रभारी डॉ राजकुमार गुप्ता में सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी डॉक्टर्स को मिलकर अच्छा काम करने में आने वाली समस्याओ का समाधान हेतु उपाय बताये। तो वहीं होली मिलन समारोह कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र गुप्ता, डॉ सुधीर माथुर, डॉ सुमन माथुर,डॉ नइम अख्तर,डॉ आनंद मीणा, डॉ सरिता मीणा, डॉ एस एस लाठी,डॉ डी डी गुप्ता एवं एसोसिएशन के सभी डॉक्टर्स ने एक दूसरे के साथ होली खेल कर आपस में गुलाल लगाकर स्नेह भोज का पूर्ण आनंद लिया।

# होली स्नेह मिलन व फागोत्सव का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के निकटवर्ती ढाणी जयरामकावाली के आगे पृथ्वीपुरा रोड ओम न्यू ग्लोबल एकेडेमी स्कूल श्रीमाधोपुर के प्रांगण में सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान उप शाखा श्रीमाधोपुर का होली स्नेह मिलन एवं फागोत्सव कार्यक्रम प्रदेश महासचिव मदनलाल सैनी, जिला प्रभारी नाथूलाल सैनी एवं जिला अध्यक्ष शिंभूदयाल सैनी के सानिध्य में आयोजित किया गया ।

- होली धमाल पर एक से बढ़कर एक दी प्रस्तुतियां



श्रीमाधोपुर का होली स्नेह मिलन एवं फागोत्सव कार्यक्रम हुआ।

जिसमें ब्लॉक महासचिव विक्रम सैनी एवं मीडिया प्रभारी किशोर सैनी ने बताया की सर्वप्रथम ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सैनी द्वारा आगंतुक सभी सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।

इसके उपरांत संरक्षक सीताराम पूर्व वैज्ञानिक, साधुराम पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रामनाथ पार्षद, भोलाराम सेवानिवृत्ति शारीरिक शिक्षक एवमं संगठन मंत्री राजेन्द्र सैनी ने समाज को एकजुट होने का संदेश दिया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेश सैनी, वीरेंद्र सैनी एवं पूर्व प्रधानाचार्य कल्याणमल सैनी घासीराम सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने होली की धमाल गाकर और नाच कर होली स्नेह मिलन कार्यक्रम के चार चांद लगाए लगा दिए। इस अवसर पर संजू सैनी , सविता सैनी , संतोष सैनी, सुमन सैनी, घासीराम सैनी, पूरणमल सैनी , उमेश सैनी, संगठन मंत्री हेमराज सैनी , योगेश सैनी, महेश सैनी, चिरंजीलाल सैनी रामनिवास सैनी, कैलाश सैनी, बनवारी लाल सैनी, मुकेश सैनी ,महावीर प्रसा, हनुमान सैनी, रामकरण सैनी, पत्रकार महेंद्र खडोलिया, प्रहलादमल सैनी, सुरेंद्र सैनी एवं समाज के विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम का आनंद लिया। संस्था निदेशक मोती लाल सैनी ने समस्त आगुन्तको का धन्यवाद ज्ञापित किया । मंच संचालन चंद्र प्रकाश सैनी ने किया।

# दर्जनों गायक कलाकारों ने भजनों में छटा बिखेरी

**निवाई।** आचार्य विद्यासागर वर्ष महोत्सव पर बसंत विहार कालोनी में संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं जैन भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान सुपाश्र्वनाथ एवं महावीर स्वामीजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य रतनदेवी पाटनी, राजेन्द्र कुमार, रमेश चन्द पाटनी एवं महावीर अजमेरा को मिला।भजन संध्या की शुरुआत गायक सोभागमल सोगानी एवं गायक विमल जौंला ने संगीतमय णमोकार महामंत्र की प्रस्तुतियां देकर की। जिसमे नवग्रह जिनके रहे पक्ष में जो जपले नो बार णमोकार णमोकार, मुख्य गायक कलाकार महेश दरगड़ एवं गायक रमेश सोनी ने रविन्द्र जैन की तर्ज पर पहली बार तुमसे लागी लगन ले लो अपनी शरण पारस प्यारा, पारस प्यारा लागे चंवलेश्वर प्यारा लागे सहित कई भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

गायक अक्षत जैन टोंक ने दरबार पारस का ऐसो सजो थारो दयालु आप को, गायक विमल जौंला ने में पूंछू सुपार्श्वनाथ से मेरे घर कब आओगे, गायक ज्ञानचंद सोगानी ने में ठहरा नादान प्रभु जी तुम हो दया निधान, गायक विमल बड़ागांव ने भव दुख हरता मंगल करता रोग शोक दारिद्र के हरता, गायक विमल सोगानी ने भला किसी का कर ना सको तो बुरा किसी का मत करना, फूल अगर नहीं बन सकते तो काटा बनकर ना रहना, गायक राजेन्द्र पाटनी ने हर साल शिखरजी में मेरी एक हाजिरी हो मुझे वहीं रोक लेना जब सांस आखिरी हो, गायक अजीत काला ने चिंता मेटो जी चिंतामणि पारसनाथ, गायिका मधु जैन अजमेर ने कोई संदेश कहां तुम चले गए सहित कई गायक कलाकारों ने भजनों की छटा बिखेरी। जैन भजन संध्या कार्यक्रम का मंगलाचरण आशा जैन, संतोष जैन, संजू जैन, निशा जैन, ममता जैन, रश्मि जैन व दीपा जैन ने किया। इस अवसर पर न्यायिक सेवा में चयनित जज सुश्री मेधा जैन, विज्ञातीर्थ अध्यक्ष सुनिल भाणजा, निखिल जैन , पदमचंद जैन, चंद्रप्रकाश जैन, मूलचंद पांडया, चेतन गंगवाल, अखिल कटारिया, त्रिलोक सिरस, कमल सोगानी, त्रिलोक रजवास, संजय सोगानी, महेन्द्र चंवरिया, प्रेमचंद सोगानी, त्रिलोक पांडया, अशोक बिलाला, राजेश जौंला, बंटी कठमाणा, अभय सोगानी, कमल जैन, नरेंद्र सोगानी व रवि जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## हिन्दू नववर्ष समिति की बैठक आयोजित

**चौंमू / कालाडेरा ।** शहर के सुभाष सर्किल स्थित आयुर्वेद अनुसंधान केन्द्र प्रधान कार्यालय में रविवार को हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति की बैठक समिति संयोजक रविन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। 29 मार्च को हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में विशाल भगवा रैली व शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। रैली को लेकर कार्यकर्ताओं द्वारा पोस्टर विमोचन करवाने, गांव गांव ढाणी ढाणी, कोचिंग, शिक्षण संस्थानों व्यापार मंडलों में संपर्क किया जाएगा।

बैठक में 17 मार्च सोमवार को सवेरे 9:15 बजे बस स्टैंड गढ़ गणेश मंदिर में 29 मार्च को आयोजित होने वाली भगवा रैली को लेकर गणेश निमंत्रण दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुराग शर्मा, कैलाश, विष्णु, भानु गजानंद, हरिनारायण, अजय, हिमांशु, कपिल, अर्जुन, रवि शर्मा, सुनील, नीरज, अजय, अक्षत, मालीराम, गणेश, रवि, अमित, नितिन, मेहुल, मनीष, शांतनु, कमलेश, सूरज, कन्हैया, गिरिराज, राकेश आदि मौजूद रहे।

# अन्न भंडारण गोदाम का केबिनेट मंत्री चौधरी ने किया शिलान्यास

**मालपुरा।** केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने रविवार को पथराज कलां गांव मे 500 मैट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का शिलान्यास किया।



कन्हैयालाल चौधरी ने पथराज कलां मे 500 मैट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम का शिलान्यास किया ।

केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के मालपुरा कार्यालय प्रभारी अभिषेक पाराशर ने बताया कि बजट घोषणा मे वित्त मंत्री ने पथराज कलां गांव मे ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड मे अन्न भंडारण योजना के अन्तर्गत 5०० मैट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण की घोषणा की गई थी। जिसकी क्रियान्वति एवं निर्माण कार्य शुरू करवाने को लेकर केबिनेट मंत्री ने रविवार को विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कर शिलालेख का लोकार्पण किया। इस दौरान बडी संख्या मे ग्रामीण व भाजपाई मौजूद रहै। मंत्री ने बताया कि डबल इंजन की भाजपा सरकार की घोषणाऐं अब क्रियान्वित हो रही है जिसका क्षैत्रवासियो को लाभ मिलेगा। पथराज कलां गांव मे स्वीकृत अन्न भंडारण गोदाम क्षैत्र की बडी उपलब्धि है। मंत्री ने कहा कि डबज इंजन की सरकार तीव्र गति से विकास कार्य करवा रही है। गांव के अन्तिम छोर तक विकास करवाना सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर मंत्री ने केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ आगामी एक वर्ष के भीतर क्षैत्र मे शुरू होने वाले विकास कार्यो की जानकारी से क्षैत्रवासियो को अवगत करवाते हुये कहा कि वो बीते एक महिने से मालपुरा विधानसभा क्षैत्र मे जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम चला रहै है। जिसके तहत पंचायत मुख्यालय पर उपखण्ड स्तरीय अधिकारियो की उपस्थिति मे जनसुनवाई कर मौके पर ही अथवा एक सप्ताह के भीतर समस्या का त्वरित समाधान कर लोगो को राहत पहुंचाने के साथ-साथ गांव मे विकास के लिये आमजन से रायशुमारी कर विकास की योजना का खांका तैयार किया जा रहा है। आमजन की मंशानुरूप गांव मे विकास कार्य करवाये जायेगें। आज सोमवार को विधानसभा क्षैत्र के सीतारामपुरा,सोडा,जयसिंहपुरा व सोडा बावडी मे जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई की जायेगी।

## सार-समाचार

### एसडीएम ने मेला स्थल का जायजा लिया



**किशनगढ़ बास।** बाबा गरीब नाथ के वार्षिक भरे जाने वाले लक्खी मेला स्थल का एसडीएम मनीष जाटव, पुलिस उपा अधीक्षक राजेंद्र निर्वाण ने आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सफल आयोजन व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेला स्थल पर अधिकारियों ने पेयजल ,पार्किंग, छाया, चल शौचालय व्यवस्था सहित बेरीकेट्स , प्राथमिक उपचार, एम्बुलेंस, सीसीटीवी कैमरों ,वॉलिंटियर्स , अग्निशमन , एलाउंसमेंट , साफ सफाई, नियुक्ति एवं पुलिस व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस मौके पर तहसीलदार मुण्डावर लोकेश चौधरी, थानाधिकारी पुलिस थाना ततारपुर, सरपंच ग्राम पंचायत शामदा मौजूद रहे। एसडीएम व डीएसपी ने सम्बंधित अधिकारियों सहित मंदिर रिसीवरों को मेले के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### वार्षिकोत्सव एवं भंडारा आयोजित

**कोटपूतली।** श्री श्याम स्नेह सेवा समिति ढ़ाढ़ा (सुदरपुरा) के तत्वाधान में शनिवार रात्रि को गांव के श्री नृसिंह मन्दिर प्रांगण में श्री श्याम बाबा का 24 वाँ वार्षिकोत्सव एवं भंडारा आयोजित हुआ। नाडा धाम के महंत बिहारीदास महाराज ने द्वीप प्रज्जवलित करके जागरण का शुभारम्भ किया। गायक कलाकार रमेश जिंदल ने गणेश, हनुमान जी की वंदना सुनाकर पांडाल में उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। वहीं फूटा जोहड़ा के महंत बलराम दास ने आशीर्वचन देते हुये कहा कि जीवन का कुछ हिस्सा भगवान के भजनों में लगाना चाहिये। उन्होंने बताया कि पहले ऋषि मुनि भगवान की आराधना के लिये तपस्या यज्ञ किया करते हैं। लेकिन सच्चे मन से भगवान के भजनों का गुणगान करने से भी भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। जागरण में गायक कलाकार हरिकिशन शर्मा, बीरबल सिंह साईवाड़, डीजे किंग गायक प्रकाश गुर्जर, कैलाश छैला, डांसर सिमरन, मन्नु तंवर, संगीता यादव, रामप्रकाश भड़ाणा सहित शिवानी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर दूर दराज से आये श्याम मंडल अध्यक्षों, भामाशाहों एवं श्याम भक्तों का समिति की ओर से दुपट्टा एवं श्याम बाबा का चित्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान श्याम बाबा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर समिति के विनोद कौशिक, गुलाब सिंह, जुगल सिंह, गोपाल शर्मा, नगेंद्र सिंह, शिवपाल सिंह, विजेंद्र जांगिड़, सुभाष जांगिड़, कप्तान सिंह, धर्मसिंह शेखावत, बलबीर सिंह सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे।

### कार्यशाला का आयोजन

**कोटपूतली।** गुर्जर कर्मचारी अधिकारी संगठन और श्री देवनारायण गुर्जर समाज कल्याण समिति कोटपूतली के तत्वाधान में स्थानीय वीर गुर्जर छात्रावास में गुर्जर समाज के प्रोफेसर्स ने व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न विद्वानों ने व्याख्यान दिया। गुर्जर समाज के कर्मचारियों सहित गुर्जर समाज के गणमान्य नागरिकों ने वीर गुर्जर छात्रावास में आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि हरियाणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी महेंद्रगढ़ के एसोसिएट प्रोफेसर कैलाश चंद्र फामड़ा का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कोटपूतली बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एड. दयाराम खटाना, वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार सिंह कसाना, समिति के अध्यक्ष चिरंजीलाल गुर्जर, प्रधानाचार्य रामावतार कसाना, देव मेडिकल के सुंदर गुर्जर सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। व्याख्याता विक्रम घांघल, अध्यापक दीनाराम जांगल, अध्यापक रणबीर रावत, अध्यापक विजेंद्र रावत सहित छात्रावास के विद्यार्थियों ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ. जे आर गुर्जर ने किया। इस दौरान एड. सत्यवीर पायला, सुभाष चंद गुर्जर, मनीष कुमार, उदयसिंह कसाना, छात्रावास वार्डन झाबरसिंह सहित छात्र व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### सांभर के नेहरू गार्डन में कनेर के पौधे पानी को तरसे

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर के नेहरू गार्डन में विगत दिनों लगवाए गए कनेर के करीब 500 पौधे को पानी के अभाव में सूखना बताया जा रहा है। बताया गया कि करीब 20 रोज पहले गार्डन की क्यारियों में इन्हें रोपित किया गया था, अब करीब सात रोज से पानी के अभाव में मुरझा गए हैं तो कुछ मुरझाने जैसी स्थिति में लटक गए हैं। गार्डन को स्वच्छ भारत अभियान के तहत सौंदर्यीकरण का रूप दिया गया है लेकिन जब हरियाली ही नहीं बचेगी तो बंजर गार्डन भी किसी काम का रह जाएगा। यहां के पार्षद पालिका के आगे बोलने से डरते है, कोई बोलता है तो उससे ऊपर की राजनीतिक हवा दवा देती है। बता दें कि पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल के कार्यकाल के दौरान इस गार्डन को रामनिवास गार्डन की तर्ज पर तैयार करके जनता को समर्पित किया गया था लेकिन उनके हटने के बाद इसकी ऐसी दुर्दशा हुई जो करीब दो दशक बाद जाकर विगत कुछ दिनों पहले ही ठीक करने की कोशिश की गई है। यहां के लोगों को जो राजनीति से दूर है इस गार्डन की हरियाली को लेकर चिंता ज्यादा सता रही है, लेकिन जिन राज नेताओं को चिंता होनी चाहिए वह पता नहीं किस चिंतन में लगे हुए हैं।

### विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया

**कोटपूतली।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने कहा कि शिकायतकर्ता अपनी हर शिकायत अधिकारी तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने राशन डीलरों को सही राशन वितरण एवं नापतोल पर विशेष ध्यान रखने की बात कही एवं आमजन का सहयोग किये जाने के निर्देश दिये।

## बैठक 18 को

**टोंक।** निर्वाचन विभाग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टोंक ने निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ स्तरीय अभिकर्ता (बीएलए) की नियुक्ति, मतदाता सूची में मतदाता लिंगानुपात (जेंडर रेश्यो) व मतदाता जनसंख्या अनुपात (ईपी रेश्यो) में सुधार इत्यादि सुनिश्चित किये जाने के लिए ईआरओ स्तर पर सभी राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक18 मार्च को हैं।


**NAME CHANGE**

I have changed my name from Anwar Hussain to Anwar Mansoori s/o Mustakim for all future purposes. Both names are mine. Aadhar no.-671970447219

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिनाष्या नगमा पत्नी श्री सद्दीक खान, आयु 46 वर्ष, निवासी प्लॉट नम्बर 36-बी. कल्लन शाह कॉलोनी, मौहल्ला टिक्कीगरान, बास बदनपुरा, जयपुर, का बड़ा पुत्र सैफ अली खान आयु-28 वर्ष नाफरमान हो गये है जिसके कारण मैने अपने बड़े पुत्र को उनके परिवार सहित समस्त जायदाद एवं चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है यदि कोई व्यक्ति इससे किसी प्रकार का कोई लेन देन या संव्यवहार करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।
जयपुर (मोहम्मद अफजल) एडवोकेट
दिनांक-12/3/25 मो. 9928520745


**कार्यालय ग्राम पंचायत साली पंचायत समिति दूदू (जयपुर)**

क्रमांक : 2024-25/साली/181-1/43 दिनांक: 12.03.2025

**निविदा सूचना**

**सीमित निविदा सूचना 01/2024-25**

पंचायत समिति दूदू के अधीन ग्राम पंचायत साली में सांसद कोष योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों को सम्पादित कराने हेतु राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1996 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग जन स्वा. अभि.विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी निम्न ग्राम पंचायत गाडोताके कार्यालय समय में एवं राजस्थान उपापन पोर्टल पर निविदा दिनांक 12.03.2025 से 18.03.2025 पर http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है। विवरण इस प्रकार हैः-

NIB CODE : ZJP2425WSOB02130

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत साली, पंचायत समिति दूदू — सरपंच, ग्राम पंचायत साली, पंचायत समिति दूदू

# ट्रांसफर के 2 माह बाद भी कुर्सी नहीं छोड़ रहे इंजीनियर्स, जलदाय विभाग को दिखा रहे अंगूठा!

## जबकि मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मांग चुके हैं जनवरी में ट्रांसफर के बावजूद रिलीव नहीं होने वाले अफसरों की सूची

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** जलदाय विभाग के इंजिनियर्स ट्रांसफर के 2 माह बाद भी अपनी कुर्सी नहीं छोड़ रहे हैं। प्रतिनियुक्ति पर दूसरे विभागों में सेवाएं दे रहे अभियंता तो अपने मूल "जलदाय विभाग" को भी आँखे दिखाने से नहीं चूक रहे। इन कारनामों को देखते हुए स्वयं जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने उन अफसरों की सूची मांगी है, जिनका जनवरी माह में ट्रांसफर किया गया था, लेकिन रिलीव होने के बजाय जो अफसर पुरानी कुर्सी से चिपके बैठे है।

मंत्री की नाराजगी के बाद गत 4 मार्च को अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए.सावंत ने भी आदेश जारी कर जनवरी माह के ट्रांसफर आदेशों की अनुपालना रिपोर्ट अतिशीघ्र भेजने के लिए कहा था। ऐसे में सम्भावना है कि जलदाय विभाग ऐसे तमाम अफसरों के खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई कर सकता है।

सबसे ज्यादा हैरतअंगेज मामला तो राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में सामने आया, यहाँ प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिशासी अभियंता रामनिवास सिंघल ने तो रिलीव होने के बजाय जलदाय विभाग के तबादला आदेश को ही ट्रिब्यूनल में चुनौती दे डाली। सिंघल की ओर से कहा गया कि" वह प्रतिनियुक्ति पर राजस्थान आवासन मंडल में कार्यरत है, परन्तु जलदाय विभाग ने उनका तबादला आरयूआईडीपी में करने से पूर्व सहमति नहीं ली।" हालाँकि ट्रिब्यूनल ने साफ़ कहा है कि, जलदाय विभाग नए सिरे से सिंघल का स्थानांतरण आदेश जारी कर सकता है, इसमें कोई स्टे प्रभावी नहीं होगा। गौरतलब हैं कि गत 15 जनवरी को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) प्रवीण कुमार लेखरा ने आदेश जारी कर 234 अधिकारियों का तबादला किया था, जिनमें अधिशासी अभियंता और सहायक अभियन्ता शामिल थे। इस आदेश के बावजूद करीब आधे इंजीनियर्स ने अपनी कुर्सी नहीं छोड़ी और जलदाय विभाग के ट्रांसफर आदेशों को ही मानने से इंकार कर दिया। इनमे राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिशासी अभियंता रामनिवास सिंघल और लखन सिंह मीणा भी शामिल थे। सिंघल को आरयूआईडीपी में तथा लखन सिंह मीणा को जल जीवन मिशन जयपुर में कार्यालय मुख्य अभियंता प्रथम के पद पर लगाया गया था, परंतु दोनों अफसर अभी भी यही कार्यरत है। हैरानी बात यह है कि इस तबादला आदेश को एक माह बीतने के बावजूद भी राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड ने दोनों अफसरों को रिलीव नहीं किया। इसी बीच अधिशासी अभियंता रामनिवास सिंघल ने जलदाय विभाग को आँखे दिखाते हुए तबादला आदेश के खिलाफ "राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण जयपुर" में अपील दायर कर दी। इसमें सिंघल की ओर से कहा गया कि, वह राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं और जलदाय विभाग ने उनका तबादला आरयूआईडीपी में करने से पूर्व उनसे सहमति प्राप्त नहीं की, जो की गलत है। इस पर ट्रिब्यूनल अध्यक्ष विकास सीतारामजी भाले ने जनवरी माह के आदेश पर स्टे दे दिया, परन्तु उन्होंने साथ में यह भी कहा कि जलदाय विभाग नियमानुसार नए सिरे से स्थानांतरण करने के लिए स्वतंत्र हैं, जिसमे यह स्थगन आदेश बाधक नहीं होगा।

उधर रामनिवास सिंघल ने जब राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड की कुर्सी नहीं छोड़ी तो उनके साथी अभियंता लखन सिंह मीणा ने भी जलदाय विभाग के आदेश को मानने से इंकार कर दिया। इस पूरे प्रकरण के बीच राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा रहा। जबकि नियमानुसार जिस दिन तबादला आदेश जारी हुआ था, उसके अगले ही दिन इन दोनों अफसरों को रिलीव किया जाना था। परन्तु उच्चाधिकारियों की शह पर यह पूरा खेल होता रहा। कुछ ऐसा ही कारनामा जयपुर विकास प्राधिकरण में भी चल रहा है, जहां तबादला आदेश के 3-4 माह बाद भी इंजीनियर्स अब भी डटे हुए है, जबकि वहाँ भी नये इंजीनियर्स आ चुके है। हांलाकि अब जलदाय मंत्री द्वारा संज्ञान लेने के बाद जनवरी माह के तबादला आदेशों की पालना नहीं करने वाले इंजीनियर्स पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

- **गत 4 मार्च को अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए.सावंत ने भी आदेश जारी कर अनुपालना रिपोर्ट अतिशीघ्र भेजने के लिए कहा था**
- **सबसे ज्यादा हैरतअंगेज मामला तो राजस्थान हाऊसिंग बोर्ड में सामने आया, यहाँ प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिशासी अभियंता राम निवास सिंघल ने तो रिलीव होने के बजाय जलदाय विभाग के आदेश को ही ट्रिब्यूनल में चुनौती दे डाली**
- **सिंघल की ओर से कहा गया था कि" वह प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत है, परन्तु जलदाय विभाग ने उन्हें आरयूआईडीपी में लगाने से पूर्व सहमति नहीं ली।" हालाँकि ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा कि, जलदाय विभाग नए सिरे से स्थानांतरण कर सकता है, इसमें कोई स्टे प्रभावी नहीं होगा।**

# विश्व शांति महायज्ञ व रथयात्रा के साथ श्री सिद्धचक्र विधान का समापन



**जयपुर।** नारायण सिह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर अंर्तमना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज की मंगल प्रेरणा व बोहरा परिवार की ओर से 5 मार्च से चल रहे श्रीसिद्धचक्र विधान का समापन विश्व शांति महायज्ञ व श्री जी की निकली शोभायात्रा के साथ हुआ। इस दौरान गूंज रहे श्रीजी के जयकारों से आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया।

बोहरा परिवार के देवेन्द्र कुमार बोहरा ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन आचार्यश्री चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में धार्मिक क्रियाएं हुई। इसके बाद विश्व में खुशहाली व कामना के लिए विश्व शांति महायज्ञ हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र मंत्रों की मधुर स्वर लहरियों से गुजांयमान हो उठा। इस मौके पर आचार्यश्री ने विधान व महायज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके बाद श्रीजी की रथयात्रा नसिंयां से बैंडबाजों के साथ शुरू हुई।

आयोजन से जुड़े पवन बोहरा ने बताया कि रथयात्रा में बोहरा परिवार के लोग श्री जी का लेकर चल रहे थे। रथ के आगे श्रद्धालु रोम-रोम से निकले प्रभुवन नाम तुम्हारा...कर लो जिनवर का गुणगान...जैसे भजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे, जिन-जिन मार्गो से यह जुलूस गुजरा, वे सभी मार्ग भक्ति और आस्था के रंग में डूबे नजर आए।रथयात्रा नारायण सिंह सर्किल के आसपास का भ्रमण भ्रमण करती हुई नसियां जी पहुंची,जहां पर बोहरा परिवार व अन्य श्रद्धालुओं ने श्रीजी के कलष हुए। आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार



**बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया**

**जयपुर।** बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से विभिन्न इलाकों से चुराए गए दस चोरी के वाहन भी जब्त किए गए है।

फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले अशोक जाट निवासी पचेवर जिला टोंक और लक्ष्मण जाट निवासी हरिसिंहपुरा जिला टोंक को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने अलग-अलग थाना इलाकों से चुराई गई दस मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

- **पुलिस ने उनके पास से विभिन्न इलाकों से चुराए गए दस चोरी के वाहन भी जब्त किए है**

## शिविर में 204 मरीजों की नेत्र जांच

**जयपुर।** शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था द्वारा संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के के तत्वावधान में 146वां निशुल्क लैंस प्रत्यारोपणन शिविर रविवार को विद्याधर नगर, सेक्टर 7 स्थित महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। इस मौके पर शिविर में 204 मरीजों की आंखों की व 143 व्यक्तियों को चश्मे वितरित किए गए, साथ ही 20 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। संस्था के नथमल बंसल ने बताया कि इस दौरान शिविर मे संजय एण्ड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ज्योति अग्रवाल, कमलनयन बागला, सुरेश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अनिल सिंगड़ोदिया, विनोद बजाज, सुरेश सिंगडोदिया, रामसुंदर जयपुरिया राजकुमार लोहिया, दिलीप अग्रवाल, शिव कुमार जालान, अनिल शर्मा, राजेन्द्र सिंह व बलवंत सिंह उपस्थित हुए।

# कवि सम्मेलन में व्यंग्य के तीरों से श्रोताओं को गुदगुदाया




**जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल की ओर से बिड़ला समागार में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य रस के साथ ही सामाजिक व्यवस्था, भ्रष्टाचार आदि पर जोरदार प्रहार करते हुए लोगों की तालियां बटोरी।**

**जयपुर।** जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फैडरेशन रीजन के ग्रुप जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल की ओर से बिड़ला समागार में आयोजित 19वें कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवियों ने हास्य रस के साथ ही सामाजिक व्यवस्था, भ्रष्टाचार आदि पर जोरदार प्रहार करते हुए लोगों की तालियां बटोरी। सम्मेलन में दिल्ली के हास्य कवि अनिल अग्रवंशी, इंदौर के अतुल ज्वाला, मालवी के लाफ्टर फेम मनोज गुर्जर, कोटा के अर्जुन अल्हड़, दिल्ली के चेतन चर्चित और कवि सम्मेलन की सूत्रधार नीमच से आई हास्य और श्रंगार की रचनाकार प्रेरणा ठाकरे ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का खासा मनोरंजन किया। सम्मेलन में आए लोग कवियों की रचनाओं में इस कदर डूबे कि हर रचना के बाद उन्होंने तालियों की बौछार से कवियों की हौंसला अफजाई की।

मुख्य समन्वयक सुभाष चन्द्र जैन व जैन सोश्यल ग्रुप कैपिटल के अध्यक्ष अनिल रांवका ने बताया कि प्रारंभ में दीप प्रज्ज्वलनकर्ता समाज श्रेष्ठी व रत्न व्यवसायी विवेक-आशा काला, मुख्य अतिथि आलोक-मुक्ता जैन, गौरवीमयी अतिथि राजीव-सीमा गाजियाबाद, विशिष्ठ अतिथि प्रवीण-प्रिया बड़जात्या व अध्यक्षता कर रहे समाजश्रेष्ठी सुरेश-ललिता सबलावत व गौरवमयी अतिथि जेएसजीआईएफ के पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन व कमल संचेती, जेएसजीआईएफ के डायरेक्टर महेन्द्र गिरधरवाल,मनीष झांझरी व सीएस जैन ने दीप प्रज्जवलन किया। इन सभी अतिथियों का मुख्य समन्वयक सुभाष चन्द्र जैन,समन्वयक सुधीर गंगवाल व राजकुमार काला, अध्यक्ष अनिल रांवका सचिव प्रमोद कुमार जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने तिलक,माला पहनाकर सम्मानित किया। फिर शुरू हुआ कवि सम्मेलन जिसमें दिल्ली से आए कवि हास्य कवि अनिल अग्रवंशी ने चेहरे पे हंसी व दिल में खुशी होती है, सही मायने में यही जिंदगी होती है, हंसना किसी इबादत से कम नहीं, किसी ओर को हंसा दो तो बंदगी होती है...जैसी कविता की पंक्तियां सुनाई, वही दिल्ली के हास्य कवि चेतन चर्चित ने मस्ती की बौछार है होली, रंगीला त्योहार है होली। चैत माह का स्वागत करती, नए बरस का द्वार है होली।बरसाने वाली लाठी की, कितनी मीठी मार है होली...जैसी काव्य पंखुड़ियों से कवि सम्मेलन की महफिल ही सजा दी। इस दौरान कवि सम्मेलन को परवान चढ़ाया मावेली से कवि व लाफटर फेम मनोज गुर्जर ने गुलशन में खिले फूल सी, होती है बेटियां,जीवन में बीज प्यार के, बोती है बेटियाँ। मत मारो इन्हें कोख में, बेटों की चाह में,होता हैं दर्द बाप को, रोती है बेटियाँ। इस अवसर पर मंच संचालन कर रहे इंदौर के हास्य कवि अतुल ज्वाला ने मुंड कटे और रुंड लड़े इतिहास हमे बताता है।खुद्दारी से जीना हमको राजस्थान सिखाता है।यहां राणा सा देशभक्त चेतक की स्वामिभक्ति है ।

## सार-समाचार

### विघ्नहर्ता गणेश और होली प्रेम के प्रतीक : खगुल कृष्ण




**जयपुर।** शहर के चौड़ा रास्ता स्थित सिद्ध गणेश मंदिर के समक्ष भव्य फागोत्सव की शाम विघ्नहर्ता के नाम हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ फागोत्सव के मुख्य अतिथि आध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज ब्रजवासी ने भगवान सिद्ध गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर अपने स्वर में गणेश वंदना कर शुभारम्भ किया। फागोत्सव में गौमाता और कृष्ण भगवान बांसुरी बजाते हुए नाट्यय प्रस्तुति ने समां बांध किया। तत्पश्चात राम जानकी के प्रति वीर हनुमान की अटूट भक्ति की संगीतमयझांकी मनोहारी रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खगुल कृष्ण भारद्वाज ने उपस्थित गणेश भक्तों को गणेश जी की महिमा का बखान करते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में प्रथम पूज्य गणेश जी की पूजा का विधान है। जो भक्त गणेश भक्ति में लीन रहते हैं उनकी रक्षार्थ भगवान गणेश विघ्न विनाशक बन जाते हैं। सेवायत अशोक धोचक सारस्वत ने मुख्य अतिथि परिवार आध्यात्मिक प्रवक्ता खगुल कृष्ण भारद्वाज संग रीता पाठक और चिरंजीव अर्णव कृष्ण भारद्वाज का पगड़ी पहनाकर व पुष्प वर्षा कर नागरिक अभिनंदन किया। गायक कलाकार हेमंत सोनी एंड टीम ने देर रात्रि तक चले भव्य भी फागोत्सव में फाग के मनोहारी गीतों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया ।इस अवसर पर पूर्व मनोज भारद्वाज (पूर्व उपमहापौर) अमर सिंह गुर्जर (पार्षद) , बालसेविका दीदी रीता पाठक,जय शर्मा - रामकृष्ण सोनी, समाजसेविका मीना शर्मा, नीतू शर्मा, अर्णव भारद्वाज,नवरत्न शर्मा आदि उपस्थित थे।अंत में कार्यक्रम संयोजक सेवायत अशोक धोचक सारस्वत ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया

### युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ से मिला लटका

**जयपुर।** भांकरोटा थाना इलाके में रविवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को युवक का शव पेड़ से लटके होनी की जानकारी दी। पुलिस कंट्रोल रूम ने भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मामला संदिग्ध होने पर फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया। जहां टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। एएसआई फूला राम चौधरी ने बताया कि पुलिस कंट्रोल से जानकारी मिलने पर वह टीम के साथ इलाके के लाल्याका बास गांव के पास मुख्य सड़क पर पहुंचे। जहां मुख्य सड़क पर एक फार्म हाउस के पास पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। मामला संदिग्ध होने पर एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल की टीम की ओर से जांच करने के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया हैं। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। साथ ही शव की पहचान करने का प्रयास पुलिस टीम कर रही है।

### शराब की कीमत को लेकर हुए विवाद में युवक के सीने में घोंपी बोतल

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने बोतल फोड़कर एक युवक के सीने में घोंपने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि पीडित घायल युवक दुकान पर शराब खरीदने क लिए गया था। ज्यादा रुपए देने से मना करने पर सेल्समैन से उसका झगड़ा हुआ था। जिस पर सेल्समैन ने बीयर की बोतल फोड़कर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल युवक का हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बिंदायका के रहने वाले अर्जुन बंजारा ने मामला दर्ज करवाया कि वह मुण्डियार पर स्थित शराब दुकान पर गया था। सेल्समेन से बीयर मांगने पर उसने ज्यादा कीमत मांगी। प्रिंट रेट से ज्यादा रुपए देने से मना करने की बात को लेकर सेल्समैन से कहासुनी हो गई। ओवर रेट का विरोध करने पर गुस्साए सेल्समैन ने बीयर की बोतल फोड़कर उसके सीने के अंदर घुसा दी। लहूलुहान होने पर आस-पास के लोगों ने उसे संभालकर पुलिस को सूचना दी। घायल अर्जुन को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयानों के आधार पर शराब दुकान के सेल्समैन व अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### मोबाइल स्नैचिंग की वारदात करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर।** शिप्रापथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस की अन्य टीम को गिरफ्तार आरोपी के फरार साथी की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो छीने गए मोबाइल भी बरामद किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले के मामले में आरोपी नीरज आचार्य (19) निवासी मालपुरा गेट को गिरफ्तार किया है। जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए दो मोबाइल बरामद किए है।

# कार किराए पर लेकर युवक का अपहरण कर लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



**दौलतपुरा थाना पुलिस ने अपहरण-मारपीट और रंगदारी मांगने वाली गैंग का खुलासा करते हुए एक महिला सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है।**

**जयपुर।** दौलतपुरा थाना पुलिस ने अपहरण-मारपीट और रंगदारी मांगने वाली गैंग का खुलासा करते हुए एक महिला सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने बदमाशों के पास से वारदात में शामिल एक कार, पिस्टल, जिंदा कारतूस और फिरौती की राशि 2 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि 11 मार्च को एक पीड़ित दौलतपुरा थाने में अपहरण और फिरौती मांगने वाले बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि 9 मार्च को 4-5 लोग प्लॉट देखने के लिए बालाजी विहार दौलतपुरा आए थे। वह साइट प्लान के बारे में बता रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसे गाड़ी में डालकर मुंह पर टेप लगा दी। फिर पीटने लगे। बदमाशों ने पीड़ित का फोन छीनकर पत्नी से 7 लाख रुपए कि फिरौती मांगी। पैसा मिलने के बाद आरोपी उसे दौसा से आगे सिकंदरा मोड़ के पास छोड़ गए। शिकायत मिलने पर दौलतपुरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए एक पुलिस टीम गठित की गई। जहां गठित टीम ने संदिग्ध आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले। साथ ही टीम को अलग-अलग टास्क दिया गया। जहां एक टीम ने आसपास के टोल नाकों पर संदिग्ध गाड़ी चेक करवाई। कार रेंटल वालों से संदिग्ध कार के संबंध में पूछताछ की गई। संदिग्ध वाहन की जानकारी मिलने पर तकनीकी टीम की मदद से कार की लोकेशन सहित कई जानकारी जुटाई गई। इस पर पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर चार आरोपियों को डिटेन किया। पूछताछ में बदमाशों ने वारदात करना कबूला। जांच के बाद पुलिस टीम ने गैंग की सदस्य जूली सिंह को गिरफ्तार किया। जूली सिंह के साथ पुलिस ने तीन अन्य बदमाशों को भी पकड़ा। इन्हें बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से वारदात में प्रयोग लाई गई कार को भी जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि जूली और एक अन्य आरोपी ने वारदात के लिए कार किराए पर ली थी। आरोपियों ने मिलकर पीड़ित का अपहरण कर मारपीट करते हुए फिरौती की मांग की गई। फिरौती मिलने पर रुपए आपस में बांट लिए और फिर फरार हो गए।

- **एक महिला को भी पकड़ा**
- **वारदात में प्रयुक्त एक कार सहित एक पिस्टल मय एक कारतूस जब्त**
- **फिरौती की राशि दो लाख रुपये भी बरामद**

## बदमाशों ने किया व्यवसायी के भाई का अपहरण

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में एक व्यवसायी के भाई का अपहरण करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि पिछले दो दिन से व्यवसायी को कॉल पर धमकियां मिल रही थी। भाई को अपहरण कर व्यवसायी को कॉल कर धमकाया की अब इसे जान से मारेंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एसआई चमनलाल ने बताया कि झोटवाड़ा की गुर्जर कॉलोनी के रहने वाले व्यवसायी मुकेश ने मामला दर्ज करवाया कि पिछले दो दिन से उनके पास धमकी भरे कॉल आ रहे थे कि या तो वह जयपुर छोड़ दें या फिर व्यवसाय। नहीं तो उसे और उसके परिवार को उठा के जान से मार देंगे।

इसके बाद बदमाशों ने करधनी इलाके में स्थित व्यवसायी के गोदाम से चचेरे भाई का अपहरण कर ले गए। भाई को अपहरण कर कॉल कर धमकी दी कि अब इसे जान से मारेंगे। इस बारे में पता चलने पर पीड़ित व्यवसायी थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है।

# दो नकबजन पुलिस के हत्थे चढ़े



**बिंदायका थाना पुलिस ने एक शातिर नकबजन को पकड़ा है।**

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन को पकडा है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई ज्वेलरी सहित 1 लाख 85 हजार रुपये की नकदी भी जब्त की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि बिंदायका थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले रामकिशन उर्फ किशन निवासी जमवारामगढ़ जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही इस वारदात में लिप्त एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। जिनके पास से पुलिस ने चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात सहित एक लाख 85 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदात करने की आशंका जताई जा रही है।



## Camp Fire Girls Day

Camp Fire Girls Day is the perfect opportunity to celebrate the spirit of exploration, leadership and service that has defined the organisation for over a century. It honours the incredible growth, amazing achievements, and valuable contributions of young people who participate in Camp Fire. This incredible movement started way back when it was set up to provide girls with amazing outdoor experiences and skill-building activities, and it was a huge success! These experiences shape our youth by fostering independence, teamwork, and a love for environment.



#SKILL

# The Art of Super-communication

Elevating your Influence through Words and Presence!






Imagine stepping into a room and captivating your audience before even saying a word. The way you carry yourself, the confidence in your voice, and the clarity of your message all contribute to an invisible yet undeniable force, your ability to communicate with impact. In a world where information moves rapidly, those who master the nuances of communication rise above the noise, forge deeper connections, and inspire action. Becoming a 'supercommunicator' is not about talking more, it is about talking wisely, listening intently, and understanding profoundly.

True communication extends beyond words. The best communicators are keen listeners, absorbing and interpreting not only what is said but also what remains unspoken. They engage with their audience through presence, using active listening techniques such as maintaining eye contact, responding with affirmations, and reflecting on key points to demonstrate understanding. Their words are concise yet powerful, structured in a way that captures attention and delivers meaning without unnecessary complexity. They recognize that silence can be just as powerful as words, allowing for pauses that emphasize key points and give listeners time to absorb information.


Beyond verbal articulation, an awareness of non-verbal cues can dramatically enhance the effectiveness of communication. A slight shift in body language, a well-timed pause, or a change in vocal tone can subtly influence how a message is received.

Supercommunicators possess an innate ability to read these cues and adjust their approach accordingly, ensuring that their message resonates with clarity and authenticity. They cultivate an awareness of their own body language, knowing that their gestures, posture, and facial expressions contribute as much to the message as their words do. Emotional intelligence lies at the heart of powerful communication. Those who communicate at an elevated level exhibit deep empathy, responding to conversations not just with logic but with an understanding of human emotion. They tailor their words to different audiences, knowing that a conversation with a corporate leader requires a different approach than one with a friend in distress. This adaptability creates trust and fosters genuine relationships. They understand that effective communication is not about imposing ideas, but about facilitating meaningful dialogue that encourages collaboration and understanding.

The most compelling communicators do not merely convey facts, they tell stories. A well-crafted narrative has the power to move people, making abstract ideas tangible and memorable. Stories bring authenticity, allowing speakers to connect with their audience on a deeper level, transforming a simple exchange of information into an engaging experience. Whether they are inspiring a team, negotiating a deal, or delivering a keynote speech, supercommunicators weave narratives that resonate emotionally and intellectually, making their messages unforgettable.

In a digital age where much of our communication happens through screens, mastering written and virtual communication is just as crucial as face-to-face interactions. Clarity in emails, professionalism in messaging, and engaging presence in virtual meetings all contribute to one's ability to communicate effectively across various platforms. In a world where digital miscommunication is common, supercommunicators ensure that their tone, punctuation, and word choice align perfectly with their intended message.

Excellence in communication is not an innate gift, but a skill that can be refined with practice. Seeking constructive feedback, observing skilled communicators, and continuously adapting to different contexts can elevate one's ability to engage, persuade, and inspire. Investing in communication training, reading extensively, and learning from great speakers further strengthens one's ability to articulate thoughts with precision and impact.



# The Poor *Ghadiyal* Needs Help



But everything is not hunky dory for the gharials in Gandak. Among the prominent challenges for their survival is the Gandak Barrage, as the release of excess water often creates problems for gharials. In March 2017, increased water level in the river, due to opening of gates of the Gandak Barrage, submerged the sandbanks that destroyed the gharial nesting grounds. In rare cases, small gharials have also known to get caught in fishing nets, resulting in their death.



**Anjali Sharma**
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

Lalsa Yadav gushes with a big smile on his face every time he spots a *gharial* in the river Gandak, that flows through West Champaran district of Bihar, bordering Nepal.

He tries to take his rickety boat close to the adult gharials (Gavialis gangeticus), enjoying a sun-bath in a chilly wintery afternoon, but they disappear into the deep water. He oars his boat further with the hope of seeing more of the large-sized reptiles in the river.

"Contrary to popular belief, they are very shy by nature and escape inside water even on slight disturbance. The river has quite a number of gharials nowadays, which has made it easy to spot them. We are lucky to have them," he says with a sense of pride. Gharials are members of the crocodile family, historically found in various parts of the Indian sub-continent.

The 50-year-old fisherman, with a strong body and bulging muscles, has every reason to feel proud. After all, he has worked tirelessly with conservation experts and administration to protect and bring back the population of gharials from the brink of extinction, in the river *Gandak*, a transnational river between India and Nepal and a tributary of river *Ganga*.

"We (the fishing community) have played a big role, along with the authorities, to save the reptiles that were in the danger of being hunted down or eggs getting washed away due to sandbank erosion," he said.

"The efforts have paid off as gharials can now be easily spotted in the river because of the increase in their population," he continued, pointing to two sub-adults at the far-end of the river.

Indeed, the population of gharials has witnessed an upward spiral in the Gandak that now houses the second largest population in the country, after the river *Chambal* (National Chambal Sanctuary) stretch, that covers Madhya Pradesh, Rajasthan and Uttar Pradesh, claim those involved in its conservation.



Ghadiyal has a bulbous snout, and in water it appers like a floating ghada, hence the name.

## A remarkable increase

Based on three surveys done by Wildlife Trust of India (WTI) between 2017 and 2018, around 211 gharials of different age-groups are present in the river as compared to merely 15 recorded in 2010.


The WTI conducted three continuous surveys in the entire stretch of the Gandak river in 2017-18. In the survey conducted from February 4-11, 2017, 119 gharials were sighted in the entire stretch of the river. In 2018, two consecutive surveys (February 9-17 and 21-27) documented 148 and 166 gharials, respectively, in the same stretch. Around 40 hatchlings have been sighted in 2018 after the survey, so, experts expect the number to increase this year.

The findings have brought cheer to conservationists as the gharial is a critically endangered species. Endemic to the Indian subcontinent, the gharial is the most aquatic of all extant crocodilians and resides in flowing rivers with deep pools, high sandbanks and good fish stocks.

Its distribution range has shrunk significantly, and currently, it occupies only about two percent of the former range. Old references indicate that the gharial was widespread across the Indian subcontinent, it was common in the Indus river in Pakistan, Gandak river in Nepal (locally known as Narayani), Jumuna river in Uttar Pradesh and Kosi river in Bihar. It was also found in Burma (now Myanmar), Bhutan and Bangladesh. In India, the gharials are now found mainly in Chambal, Girwa, Ghagra and Gandak river basins.

The population has registered a 98 per cent decline between 1946 and 2006, the adult population nosedived, with a 58 per cent reduction across its range in just nine years, starting from 1997. The reasons for the decline have been attributed to over-hunting for skins and trophies, egg collection for consumption, killing for indigenous medicine and excessive and irreversible loss of the species habitat. In such a scenario, presence of the second largest population of the critically endangered *gharials* in the Gandak river becomes important for conservation of the species.

#WILD



## The Gharial Reinforcement project


"Despite available knowledge about gharial population in the Gandak, little effort was made to document and implement conservation measures until the survey supported by WTI and other conservation organisations documented presence of about 15 gharials in the Indian stretch of the river in 2010 and proposed conservation measures including strengthening of the remnant population," said Samir Kumar Sinha, the head of Species Recovery Division, WTI. The work for the conservation started in 2014 when WTI and Bihar Forest Department jointly started the Gharial Reinforcement Project in the river Gandak. Around 30 captive-born and reared gharials from the Sanjay Gandhi *Jaivik Udyan* (Patna Zoo) were released in the Gandak, followed by post-release monitoring. Six months after their release, monitoring results found 60 percent (18 out of 30) of the released gharials surviving in the wild. The team also spotted several gharials released by Nepal, almost 75-100 kilometres from their release site. "We also found the captive-born and released gharial had started sharing the habitat with wild individuals. This showed the presence of habitat selection instinct in the captive-born and reared gharials," said Subrat Kumar Behera, Assistant Manager, WTI. Gandak also has less fishing pressure as fishing activities are not recorded in more than 55 percent of the stretch. Encounter rate of fishing boat and individuals involved in fishing has been 0.3 and 1 per km, respectively.


Moreover, the wetlands associated with the river covering 7,929 hectares area are fish breeding grounds that keep the river replenished with fish resources. The lesser human settlements within 2 km of the banks are temporary in nature and farmers undertake farming only in non-rainy seasons.

H.K. Roy, the Field Director of Valmiki Tiger Reserve, covering a portion of Gandak, said that the state government is serious about increasing the population of gharials and their habitats.

"The Bihar government has sanctioned a budget of over Rs. 27 lakhs for building a hatchling centre in Motihari and for creating awareness among people, particularly those living in close vicinity of the river, regarding the reptiles," he said. "We are distributing pamphlets and other material to the locals to inform about gharials and crocodiles as often people get confused and consider the former as dangerous while, infact, gharials mainly survive on fish and have rarely attacked humans. We are also imparting training to our staff members to spot the gharials using scientific techniques."

He said that the river is relatively better protected up to 40 kms stretch after entering Bihar due to the location of Valmiki Tiger Reserve on the left bank and Sohagi Barwa Wildlife Sanctuary in Uttar Pradesh on the right bank, for approximately eight kilometres.







## The need for Conservation Policies

But everything is not hunky dory for the gharials in Gandak. Among the prominent challenges for their survival is the Gandak Barrage, as the release of excess water often creates problems for gharials.

In March 2017, increased water level in the river, due to opening of gates of the Gandak Barrage, submerged the sandbanks that destroyed the gharial nesting grounds. In rare cases, small gharials have also known to get caught in fishing nets, resulting in their death.

"There has to be a change in the policy level from the top and authorities must discuss with wildlife experts before releasing water from the barrage as often the nesting sites get destroyed.'' The nests should be shifted to a higher ground before the water is released. We have also submitted a proposal to the Bihar government to declare the stretch of the river Gandak as Conservation Reserve because it also houses endangered species of turtles and dolphins, apart from gharials.

rajeshsharma1049@gmail.com

#READING

# Notoriously Hard-to-Finish Books


But if you can't finish it, don't feel too bad!

Certain books are better known for being hard-to-finish rather than widely read. While taking the time to sit down and work through a difficult book can be a big task, the rewards for doing so are often great. Furthermore, the experience of absorbing great literature can be a prize in and of itself.

Today, we'll look at some famously difficult books, and why you should read them, anyway.



## A Brief History of Time




Stephen Hawking's bestselling book on cosmology dives into the history of human understanding of the Universe, explains our current models for how everything works, and discusses the areas where physics is going in an accessible and witty manner. While covering some esoteric topics, the book famously contains only a single mathematical equation, E = mc2. Despite selling 25 million copies, the book is the namesake for the Hawking Index, a not entirely scientific measure of how much of a book people will read before quitting.

## One Hundred Years of Solitude

The multi-generational story of the Buendía family of Macondo, Colombia, penned by Gabriel García Márquez, has sold 50 million copies and can be read in dozens of languages. It is considered the masterpiece of its author and one of the best works of literature to come out of Latin America. The book has a complex storyline and is open to several interpretations of its central themes. However, the book has earned its praise for a reason. Pulitzer Prize winner, William Kennedy, went so far as to say it should be 'required reading for the entire human race.'

## Ulysses

A classic of modernist literature that follows a man around Dublin on a typical day, Ulysses by James Joyce is one of the go-to examples of a literary masterpiece that is terribly difficult to read while also being held in high regard by those who manage to do it.


The richness of the connections between different parts of the text and its allusions to other works helps give it a sense of wholeness, making the reader feel like they have a connection to places and events that they have only seen through the characters' eyes. But if you can't finish it, don't feel too bad. British author Virginia Woolf, who used stream-of-consciousness herself, got 200 pages in and then decided she couldn't be bothered to get through the rest.

## Catch-22

A novel written by Joseph Heller about a U.S. Army Air Corps bombardier during the Italian campaign in WWII, Catch-22 explores the madness inherent in every bureaucracy, the comedy found inside every tragedy, and the paradoxes that every life includes and cannot be addressed by logic alone. The novel is the direct source for the term 'Catch-22' (a situation in which contradictory rules prevent a resolution) and the inspiration for the term 'black comedy' (which was first used to describe the novel).

The book is famously confusing with opaque language, an extremely non-linear plot, and story elements that alternate between highly grounded, bizarre, and horrific with great speed. It is also hilarious and can help readers come to terms with absurdity and moral grayness in their own lives.

## The Tale of Genji




Authored by Murasaki Shikibu, this is a story exploring the lives of the members of the Japanese Imperial Court and has a claim to being the first novel ever written. Tracing the fall of a prince as he is demoted to a member of the common rabble, the book gives us an in-depth look at a world long vanished. The book not only provides an inside account of classical Japan but also a sense of how the medium of the novel has evolved over the last thousand years.


## Les Misérables

Written by Victor Hugo, this is the tale of Jean Valjean, a group of young revolutionaries, a young girl named Cosette, and a determined policeman, who views the world in black and white, as they navigate life in France as it transitions out of the post-revolutionary era.

The text is a massive 545,925 words, and much of the book is unconnected to the main plot line. These chapters contain discussions on topics such as monasteries, architecture, French history, and the Parisian sewer system. That many choose instead to watch one of the movie versions, which can still be up to five hours long, is unsurprising.





## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सूने मकान से लाखों की नकदी व सोना-चांदी के आभूषण चोरी

## घटना के दौरान परिवार पैतृक गांव देवलेन में होली मनाने गया हुआ था



चोरी की वारदात के बाद मकान में सामान बिखरा पड़ा है।

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। हिंडौन शहर के अग्रसेन विहार कॉलोनी में सूने मकान से चोरों ने नगदी व लाखों रुपए के आभूषण पार कर लिए। घटना के दौरान परिवार पैतृक गांव देवलेन में होली मनाने गया हुआ था। रविवार को पड़ौसियों द्वारा गेट खुला दिखा तो परिवारजनों को सूचना दी। पीड़ित अजय गुर्जर ने हिंडौन स्थित घर पहुंचकर नई मंडी थाना पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा इसी कॉलोनी के एक अन्य मकान में भी चोरी की वारदात की जानकारी मिल रही है, लेकिन मकान मालिक अभी घर नहीं पहुंचा है जिससे चोरी हुए सामान का पता नहीं लग पाया है।

जानकारी के अनुसार सुनीराम गुर्जर व उसका भाई अजय गुर्जर हिंडौन की अग्रसेन विहार कॉलोनी में रहते हैं। सुनीराम भारतीय सेना में कार्यरत है। अजय, उसकी पत्नी संगीता, सुनीराम की पत्नी मनीता देवी व बच्चे 12 मार्च को पैतृक गांव होली मनाने गए हुए थे। इस दौरान चोर सूने मकान में घुस गए। एक कमरे के दरवाज़े का ताला तोड़कर अन्य कमरों में प्रवेश कर गए। घर में रखी करीब 85 हजार की नगदी व लाखों रुपए कीमत के सोने व चांदी के आभूषण चुराकर ले गए। पीड़ित महिला संगीता गुर्जर ने बताया दो पर्स में उसके गहने रखे थे, जिसे चोर चुराकर ले गए। पीड़िता ने बताया कि कॉलोनी के बच्चे सुबह के वक्त क्रिकेट खेल रहे थे, जिसमें बच्चों की गेंद झाड़ी की तरफ गई। गेंद ढूंढ रहे बच्चों को एक खुली हुई अटैची मिली, जिसमें कुछ कागजात मिले। पड़ौसियों ने घर का गेट खुला देखा तो अजय को इसकी सूचना दी, जिसके बाद अजय अपने परिवार के साथ रविवार को घर पहुंचे तथा देखा तो नगदी व आभूषण गायब मिले। पीड़ित ने हिंडौन नई मंडी थाना पुलिस को चोरी की सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। अपने परिवारजनों से घटना की जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रोडवेज बस में नाबालिग छात्राओं से दुर्व्यवहार

**अनूपगढ़,** (निसं)। अनूपगढ़ से बीकानेर जा रही रोडवेज बस में एक गंभीर घटना सामने आई है। बस ड्राइवर ने दो नाबालिग लड़कियों और उनकी 19 वर्षीय बड़ी बहन को बीच रास्ते सुनसान जगह पर उतार दिया। घटना रविवार दोपहर 2:20 बजे की है।

तीनों बहनें बीकानेर डिपो की बस में सवार हुईं। वे बस के केबिन में बैठी थीं, जहां पहले से तीन यात्री मौजूद थे। भीड़ के कारण एक लड़की का पैर इंजन से टकरा गया। इस पर ड्राइवर कुलदीप ने लड़कियों के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। ड्राइवर के दुर्व्यवहार से परेशान होकर लड़कियां रोने लगी। इसके बावजूद ड्राइवर ने उन्हें गांव पतरोडा से तीन किलोमीटर आगे सुनसान सड़क पर उतार दिया। लड़कियों ने तुरंत अपने रिश्तेदारों को सूचना दी। रिश्तेदार मौके पर पहुंचे और तीनों बहनों को लेकर अनूपगढ़ पुलिस थाने गए। परिजनों ने ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसआई सरदार सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बीकानेर रोडवेज डिपो की मुख्य प्रबंधक इंद्रा ने भी मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

# पीली आंखें और बड़े पंख के रहस्यमयी उल्लू का रेस्क्यू



घायल उल्लू का युवकों ने उपचार किया।

**ब्यावर,** (निसं)। ीपवर्ती पिपली का बाड़िया मेंपीली आंखें और बड़े पंख के रहस्यमयी उल्लू का रेस्क्यू किया गया। कुछ युवकों को झाड़ियों में फड़फड़ाहट की आवाज सुनाई दे रही थी। युवकों ने टॉर्च से उजाला करके देखा तो बहुत बड़ी आंखों वाला विशालकाय पक्षी दिखाई दिया जिसकी आंखें लाइट की रोशनी से चमक रही थी। उन्होंने इसकी सूचना पीपली का बाडिया सोल्जर गो सेवक टीम को दी। इसकी सूचना ब्यावर वन विभाग को दी तथा गोशाला में उल्लू का प्राथमिक उपचार करवाया गया। इस दौरान रेंजर ओमप्रकाश, भंवरसिंह, रघुवीरसिंह, श्रवनसिंह, महेंद्रसिंह आदि मौजूद थे। इसके पंखों के अंदर जख्म होने की वजह से यह उड़ नहीं पा रहा था। भारतीय वन्य जीव संरक्षण 1972 में इसे विशेष सुरक्षा प्रदान की गई है क्योंकि इस जीव का तांत्रिक क्रिया में उपयोग होने के कारण इसका शिकार ज्यादा किया जाता है।

वनडे गौमातरम हॉस्पिटल में वन विभाग के कर्मचारी भंवर सिंह, सुरेन्द्र सिंह बर व उनके साथियों द्वारा एक घायल उल्लू को रेस्क्यू करके लाया गया, जो अपने पंखों की चोट के कारण उड़ने में असमर्थ था। उसे ठीक करके फिर से आकाश में उड़ने लायक कर दिया जाएगा। स्वस्थ होने के बाद इसे वन विभाग को सुपुर्द कर दिया।

# बहन ने मृत भाई के शव को घर में नहीं लाने दिया

## बहन ने कहा कि कहीं और ले जाओ शव, इसे घर में मत लाना

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर में एक बहन ने अपने मृत भाई के शव को घर में नहीं लाने दिया। मृतक भाई का शव घर के बाहर दरवाजे पर पड़ा रहा। पिता की संपत्ति के लिए भाई-बहन के रिश्ते इतने कमजोर हो गए हैं, धोलाभाटा क्षेत्र में पारिवारिक कलह ने इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया।

जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय ओमप्रकाश नेपालिया का रविवार को अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। भाई हेमंत कुमार और अन्य परिजन पोस्टमॉर्टम के बाद शव लेकर घर पहुंचे, तो देखा कि मुख्य दरवाजे पर ताला लगा हुआ है। घर के अंदर ओमप्रकाश की बहन और उसका परिवार मौजूद था, लेकिन उन्होंने दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया। पड़ौसियों ने समझाया, पर बहन ने जवाब दिया इसे कहीं और ले जाओ, इसे घर में मत लाना।

हेमंत ने रोते हुए बताया कि ओमप्रकाश पेंटर का काम करता था। पत्नी से उसका तलाक हो गया था। पिता के गुजरने के बाद बहन ने घर पर कब्जा कर लिया और भाई को बेघर कर दिया। मैं रोज उसे खाना देने जाता था, क्योंकि घर के अंदर उसे जाने नहीं दिया जाता था। उसने बताया कि बहन मकान हड़पना चाहती थी और ताला लगाकर रखती थी। भाई को कई बार रात बाहर गुजारनी पड़ती थी। ओमप्रकाश 15 दिन पहले गिरकर चोटिल हो गया था, फिर भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एक जमाने में जिस घर में भाई-बहन साथ खेलते थे, आज वहीं का दरवाजा भाई के लिए बंद कर दिया गया। बचपन में बहन के लिए जिसने राखी बंधवाई, उसी भाई को आखिरी बार घर में घुसने तक नहीं दिया गया। आस पड़ौस में रहने वाले लोगों ने दबी जुबान में कहा कि क्या घर की दीवारें रिश्तों से ज्यादा अहम हो गई हैं।

## दो बाइकों में भिड़ंत, दो घायल

**मालपुरा,** (निसं)। दूदू-छाण स्टेट हाइवे के रतवाई चौराहे पर रविवार को दो बाइकों में आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गई। सड़क हादसे में बाइक चालक दोनों जने गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार मौके पर पहुंची 108 एम्बूलेंस की सहायता से दोनों गंभीर घायलों को उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायलों ने एक जना केकडी क्षेत्र तो दूसरा टोडारायसिंह क्षेत्र का है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- **युवक अपने पिता से कटिंग व दाढ़ी बनाने के लिए चूनावढ़ जाने की कहकर निकला था**

**चूनावढ़,** (निसं)। श्रीगंगानगर में पदमपुर रोड पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक अर्शदीप (20) पुत्र बिट्टू सिंह को होली के दिन शुक्रवार दोपहर को अपने ननिहाल किसी कार्यक्रम में शामिल होने जाना था। अर्शदीप अपने पिता से कटिंग व दाढ़ी बनाने के लिए चूनावढ़ जाने का कहकर निकला था। चूनावढ़ में हेयर ड्रेसर की दुकानें बंद थी। इस पर वह श्रीगंगानगर के लिए रवाना हो गया। रास्ते में कोढियों वाली पुली के नजदीक किसी अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। इस टक्कर में अर्शदीप के सिर में गंभीर चोट लगी। लोगों ने घायल अर्शदीप को श्रीगंगानगर स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस बीच पिता ने बेटे को फोन किया तो श्रीगंगानगर जिला अस्पताल से बताया गया कि अर्शदीप की सड़क हादसे में मौत हो गई है। इसके बाद मृतक के परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। मृतक की छोटी बहन कनाडा में है। बहन के भारत लौटने के बाद ही युवक का अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक अर्शदीप के चाचा कलवीर सिंह ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच कर रहे हैड कांस्टेबल राजपाल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में ऐसा लग रहा है कि अर्शदीप की बाइक की टक्कर किसी अन्य मोटरसाइकिल से ही हुई है। हालांकि फुटेज साफ नहीं होने के कारण वाहन का नंबर व चालक की पहचान नहीं हो पा रही है। उन्होंने बताया कि इलाके में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

## मधुमक्खियों के हमले से दो दर्जन घायल

**मालपुरा,** (निसं)। टोडारायसिंह शहर में बीसलपुर रोड पर रविवार को लगे साप्ताहिक हटवाड़े में खरीददारी के लिये बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा।

जानकारी के अनुसार दोपहर में खरीददारी के दौरान अचानक मधुमक्खियों के दल ने भीड़ पर धावा बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से हटवाड़े में अफरा-तफरी मच गई। भीड़ में शामिल तकरीबन दो दर्जन महिला-पुरूषों को मधुमक्खियों ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वो गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बूलेंस की सहायता से सभी घायलों को टोडारायसिंह उप जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती करवाया।

# तेज आंधी से किसानों की मेहनत पर पानी फिरा

- **अजमेर शहर सहित जिले के कांकरदा भूणाबाय, नसीराबाद, पुष्कर, मसूदा सहित अन्य गांवों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बर्बाद**
- **फसल बर्बाद होने से किसानों को आर्थिक नुकसान, किसानों ने सरकार से गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग की**

**अजमेर,** (कासं)। प्रदेश के मौसम में हुए बदलाव का असर अजमेर जिले में भी देखने को मिला। बीते दिनों आई तेज आंधी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। अजमेर शहर सहित जिले के कांकरदा भूणाबाय, नसीराबाद, पुष्कर, मसूदा सहित अन्य गांवों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल आंधी से आड़ी पड़ने से बर्बाद होने के चलते किसानों को आर्थिक नुकसान उठना पड़ा है। किसानों ने सरकार से गिरदावरी कराकर मुआवजा देने की मांग की है। कांकरदा, भूणाबाय के सहित किसानों ने बताया कि जिले के अन्य इलाकों में भी किसानों की तेज आंधी के कारण खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद होने से लाखों का नुकसान हुआ है, किसान अब कर्ज और आर्थिक तंगी के संकट में घिर गए हैं। गांव के किसान सोहन रावत ने बताया कि अपने खेत में गेहूं बोया था और इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद भी थी, उन्हें लगभग एक डेढ़ लाख रुपए की आय की संभावना थी, लेकिन तेज आंधी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया, क्योंकि फसल आड़ी होने से पैदावर कम होगी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से गिरदावरी कराने और नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि प्राकृतिक आपदा से हुए इस नुकसान के कारण उनकी आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है, यदि समय पर राहत नहीं मिली तो किसान आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित होंगे।

## चोरी के आरोपियों की शिनाख्त परेड निकाली

**नापासर,** (निसं)। गत पांच मार्च को नापासर मुख्य बाजार स्थित श्री तोलियासर भैरूंनाथ मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा ढाई किलो चांदी के छत्र चुराए गए थे। इस मामले का पुलिस ने सात दिन में घटना को पर्दाफाश कर चार चोरों को गिरफ्तार किया था।

थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बताया कि चोरी की शिनाख्त तस्दीक करवाने के लिए न्यायालय में पेश करके पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों की कस्बे में शिनाख्त परेड करवाई गई। पुलिस थाने से पूरे जाप्ते के साथ भैरूंनाथ मंदिर तक परेड के दौरान हर कस्बेवासियों ने चारों चोरों को देखा। पुलिस ने उनकी शिनाख्त करवाने के बाद गाड़ी में बैठाया और थाने ले गई। एसएचओ सुथार ने कहा कि शिनाख्त के लिए आरोपियों की परेड निकालकर, अपराधियों में भय कायम करने का यह प्रयास है। रिमांड के दौरान आरोपियों से माल बरामदगी की जाएगी। चोरी के आरोप में सरदारशहर निवासी दीनदयाल सोनी, राजकुमार, अरुण सोनी निवासी चूरू और भागीरथ सोनी निवासी रतनगढ़ को गिरफ्तार किया गया था।

## शराब पीकर हुड़दंग कर रहे लोगों को टोका, मारपीट की

**नोखा,** (निसं)। रायसर गांव में एक दुकानदार और उनके परिवार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

पीड़ित सुभाष नायक ने बताया कि रात करीब 8.30 बजे उसके पिता ईश्वरराम अपनी किराना दुकान बंद कर ढाणी पर लौटे थे। उनके घर के सामने जेठाराम के पांच पुत्र इंदुराम, ओमप्रकाश, अर्जुनराम, हजारीराम, कालूराम और भगवानाराम का पुत्र जगदीश शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे थे। ईश्वरराम ने उन्हें घर के सामने गाली-गलौज न करने को कहा। इस पर सभी आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इंदुराम ने लाठी से ईश्वरराम के सिर पर वार किया, जिससे उनके सिर से खून निकलने लगा। बचाव में आए सुभाष, उनकी पत्नी गीता देवी और मां उगमा देवी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। शोर मचने पर आरोपी मौके से फरार हो गए।

## हादसे में एक की मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। एक पिकअप गाड़ी बारह मासी नहर में गिरने से चालक की मौत हो गई। मृतक रमेश कुमार सूरतगढ़ क्षेत्र के मानकसर का रहने वाला था।

मृतक के भाई राकेश कुमार ने जवाहरनगर थाना में मर्ग करवाई है। जानकारी के अनुसार रमेश कुमार 9 मार्च को पिकअप में शहद के बक्से लेकर पंजाब गया था। इसी दौरान उसका परिवार से संपर्क टूट गया। इसे लेकर सूरतगढ़ में गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। पिकअप चालक रमेश कुमार के मोबाइल फोन की अंतिम लोकेशन बारह मासी नहर के पास मिली। इसके बाद पुलिस ने गोताखोर लगाकर तलाश की तो पिकअप और रमेश कुमार का शव नहर से बरामद हुआ। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। जवाहरनगर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

# किसान के बाड़े से 1.50 लाख के मवेशी चोरी

**पावटा,** (निसं)। ग्राम पंचायत लाडाकाबास में शनिवार रात में एक किसान के बाड़े में बंधे एक बड़ा बकरा व आधा दर्जन बकरी को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस बाबत पीड़ित किसान ने पुलिस में प्राथमिकी सौंपी है। किसान बृजमोहन गुर्जर निवासी लाडाकाबास ढाणी खेड़ी ने अपने बकरियों के बाड़े से रात के समय एक बकरा और छह बकरियां चोरी हो जाने की जानकारी दी। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है।

पीड़ित किसान ने चोरी की घटना की जानकारी सरपंच मदन यादव, सरोज यादव (प्रशासक) को दी। जिस पर उन्होंने तुरंत प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की और कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, साथ ही यह भी कहा कि वे शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार करेंगे। चोरी की इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इस दौरान उमराव, रामकरण गुर्जर, कैलाश गुर्जर, महेंद्र, रामकिशन यादव, शंकर लाल, ख्यालीराम खोजा, मूलचंद चौरिया, राजाराम, रोहिताश पंच, मनीष सहित स्थानीय लोगों ने किसान बृजमोहन गुर्जर की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस से मामले का खुलासा करने की मांग की।

## हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। करौली जिले के मंडरायल में पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सूरज कोली सोशल मीडिया पर हथियार दिखाते हुए रील्स बनाकर शेयर करता था।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मंडरायल पुलिस ने भटपुरा मोड़ इलाके में यह कार्यवाही की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर रोधई निवासी सूरज कोली को पकड़ा। उसके पास से एक देसी 315 बोर कट्टा बरामद हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी का मोबाइल फोन अवैध हथियारों के साथ बनाई गई रील्स से भरा हुआ था। वह इन वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर करता था।

# प्रदेश में इस साल अभ्यर्थियों के लिए शिक्षक बनने की राह मुश्किल

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान के साथ-साथ इस समय मध्य प्रदेश और झारखंड में भी तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन इन दोनों राज्यों के मुकाबले राजस्थान में इस साल अभ्यर्थियों के लिए शिक्षक बनने की राह मुश्किल नजर आ रही है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से रीट पात्रता परीक्षा फरवरी माह में संपन्न हो चुकी है। इस परीक्षा में करीब 12 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए हैं। उधर, कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा -2025 की तिथि निर्धारित कर दी है। यह भर्ती परीक्षा अगले साल 17 से 21 जनवरी को होगी। रीट में पात्रता हासिल करने वाले अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा में शामिल होंगे। संभावना जताई जा रही है कि इस बार राजस्थान से तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में लगभग 12 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। शिक्षा विभाग के पास रिक्त पद फिलहाल सात हजार ही हैं। सरकार ने करीब 10 हजार पदों पर भर्ती की घोषणा की है। औसत एक पद पर 120 अभ्यर्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा रहने की संभावना है। यदि राज्य सरकार चाहे तो तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के लिए प्रस्तावित रिक्त पदों की संख्या में बढ़ोतरी भी हो सकती है। दरअसल, पिछले 4 साल से तृतीय श्रेणी से सेकंड ग्रेड पदों पर डीपीसी नहीं होने के कारण लेवल वन और लेवल सेकंड के रिक्त पदों की संख्या कम है। यदि तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती से पहले डीपीसी होती है तो पदों में इजाफा संभव है।

वर्ष 2022 में हुई तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में रिक्त पद नहीं होते हुए भी करीब 9 हजार डीपीसी के प्रस्तावित पदों को भर्ती में शामिल करते हुए 47 हजार पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी गई, जबकि डीपीसी पिछले चार साल से नहीं हुई है। ऐसे में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के पास वर्तमान में केवल 7 हजार पद ही रिक्त हैं। 27-28 फरवरी को हुई रीट पात्रता परीक्षा-2024 में लगभग राज्य के 14 लाख अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 85 फीसदी से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से रीट पात्रता परीक्षा का परिणाम अगले माह तक निकल जाने की संभावना है। ऐसे में पात्र अभ्यर्थियों का आंकड़ा 10 लाख के पार पहुंचाने की संभावना है।

## हस्तशिल्प मेला 18 से

**बीकानेर,** (निसं)। जिला प्रशासन, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान तथा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट 18 से 22 मार्च तक हस्तशिल्प मेला आयोजित किया जाएगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि मेले में संभाग के विभिन्न उद्योग एवं हस्तशिल्प के उत्कृष्ट उत्पादन जैसे कारपेट, कालीन, पायदान, हैंडीक्राफ्ट, हैंडमेड ज्वैलरी, लेदर प्रोडक्ट्स, बेकरी उत्पाद, कशीदाकारी, नमकीन, वूलन उत्पाद, गारमेंट, उस्ता कला, जटिल कढ़ाई वाले वस्त्र, मिट्टी के बर्तन, चीनी मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की नक्काशी, धातु का कार्य, पेंटिंग्स एवं कलाकृतियां इत्यादि की स्टॉल्स का प्रदर्शन एवं विपणन किया जाएगा।

## पेंशनर सम्मान समारोह संपन्न

**ब्यावर,** (निसं)। पूर्व प्रस्तावित राजस्थान पेंशनर समाज, जिला शाखा, ब्यावर का वार्षिक सम्मेलन एवं वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न शाखाओं के लगभग 500 पेंशनरों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के शुभारंभ में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मुख्य अतिथि थे।

# गोरक्षक की गिरफ्तारी का विरोध, सैंकड़ों लोगों ने थाने पर धरना दिया

- **एएसपी की मौजूदगी में धरनार्थियों के साथ हुई वार्ता में मिले आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया**
- **लोगों का कहना है कि भोड़की निवासी गो भक्त कैलाश डूडी को झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजा गया है**



गोरक्षक की गिरफ्तारी के विरोध में लोगों ने धरना दिया।

**गुढ़ागौड़जी,** (निसं)। गत दिनों भोड़की रोड पर हुए एक विवाद में गौरक्षक कैलाश डूडी को गिरफ्तार किए जाने का विरोध रविवार को देखने को मिला। बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोगों ने पूर्व में दी गई चेतावनी के अनुसार प्रदर्शन किया और थाने के सामने धरना देकर पुलिस को खरी-खोटी सुनाई। इसके बाद एएसपी फूलचंद मीणा की मौजूदगी में धरनार्थियों के साथ वार्ता हुई। वार्ता में पुलिस की तरफ से मिले आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

इससे पहले सुबह से ही धरना स्थल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। धरनार्थियों का कहना था कि भोड़की निवासी कैलाश डूडी गो भक्त है, जिसे झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजा गया है जबकि असली आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है। धरने को किसान नेता कुरड़ाराम जाखड़, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राकेश कस्वां, पंचायत समिति बसंत, भाजपा नेता राकेश जाखड़, रामसिंह खेदड़ टीटनवाड़, सूबेदार नंददेव, शहीद भगत सिंह समिति के अध्यक्ष जेपी महला, बाबूलाल मंगावा, पूर्व सरपंच फूलचंद सहल एवं गो रक्षकों सहित दर्जनों वक्ताओं ने डीएसपी नवलगढ़ पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। धरनार्थियों ने कहा कि आपसी लड़ाई को प्रशासन ने जमीन विवाद का रूप देकर निर्दोष लोगों को फंसा दिया। धरनार्थियों ने कैलाश डूडी की गिरफ्तारी को गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

धरनार्थियों ने कहा कि नवलगढ़ डीएसपी ने एक तरफा और एक पक्षीय कार्यवाही की है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। करीब पांच घंटे धरना चलने के बाद थाने में एएसपी फूलचंद मीणा, एसडीएम हवाईसिंह यादव पहुंचे। छह मांगों को लेकर वार्ता हुई। जिसे लेकर अधिकारियों ने आश्वस्त किया। इसके बार धरना समाप्त कर दिया गया। इधर, गुढ़ागौड़जी थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

**आपस में हुई थी पांच मार्च को लड़ाई, वीडियो भी हुआ था वायरल**

:-गुढ़ागौड़जी के भोड़की रोड पर पांच मार्च की रात को एक घटना सामने आई थी। जिसमें कुछ बदमाशों ने एक घर में घुसकर हमला किया था। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पीड़ित रोशन मेघवाल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके घर और मोटर गैरेज पर करीब 40-50 लोगों ने हमला किया। तोड़फोड़ की और जातिसूचक गालियां दी। रोशन मेघवाल की शिकायत के अनुसार हमलावर 7-8 कैंपर गाड़ियों में सवार होकर आए थे और उन्होंने पहले बाड़े के गेट को टक्कर मारकर तोड़ा। इसके बाद एक जेसीबी मशीन से उनके रहवासी टिनशेड को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। गैरेज में खड़ी तीन कारें-मारुति 800, मारुति जेन, बोलेरो और एक कमांडर जीप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना के दौरान जब रोशन मेघवाल की बहन माया देवी ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की, तो उन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल रहे।

# सुप्रीम कोर्ट में आनासागर संरक्षण पर ऑनलाइन सुनवाई आज

## ऑनलाइन सुनवाई में मुख्य सचिव सुधांशु पंत सरकार की ओर से अपना पक्ष रखेंगे

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर की आनासागर झील के भराव क्षेत्र में हुए अवैध निर्माणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर हुई कार्यवाही को लेकर सोमवार को ऑनलाइन सुनवाई होगी। राज्य की भाजपा सरकार द्वारा आनासागर झील को वेटलैंड क्षेत्र घोषित करने की प्रक्रिया तेज करते हुए इस संबंध में उठाए गए कदमों का 46 पेज का हलफनामा पेश किया जाएगा। ऑनलाइन सुनवाई में मुख्य सचिव सुधांशु पंत सरकार की ओर से अपना पक्ष रखेंगे। सुप्रीम कोर्ट में सरकार को स्पष्ट करना होगा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किए गए निर्माणों में पर्यावरण और हाई गाइड लाइन के उल्लंघन के आरोप कितने सही हैं।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को इस मामले पर सुनवाई होगी, मुख्य सचिव सुधांशु पंत सरकार का पक्ष रखेंगे। सरकार को यह भी स्पष्ट करना होगा कि क्या स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण नियमों का उल्लंघन हुआ है, यदि हुआ है तो भविष्य में ऐसी गलतियों से बचने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से झील की सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्री वॉल और प्रोटेक्शन वॉल (पाथ-वे) के निर्माण की अनुमति मांगी है। इस पाथवे की तकनीकी और पर्यावरणीय जांच छह महीने में पूरी होगी।

जानकारी के अनुसार अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील के भराव क्षेत्र में हुए निर्माणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों के बाद सरकार द्वारा भराव क्षेत्र में हुए अवैध निर्माणों को हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, लेकिन सवाल उठता है कि क्या स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण नियमों की अनदेखी की गई थी।

- **राज्य की भाजपा सरकार द्वारा आनासागर झील को वेटलैंड क्षेत्र घोषित करने की प्रक्रिया तेज करते हुए इस संबंध में उठाए गए कदमों का 46 पेज का हलफनामा पेश किया जाएगा**

सरकार का दावा है कि आनासागर को वेटलैंड घोषित करने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। इसके लिए उपवन संरक्षक ने 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी अगले एक माह में स्टेट वेटलैंड अथॉरिटी को रिपोर्ट सौंपेगी.जिसमें झील की विस्तृत सर्वे रिपोर्ट, अक्षांश और देशांतर की जानकारी, प्रभाव क्षेत्र और अन्य आवश्यक बिंदुओं को शामिल किया गया है।

एनजीटी के आदेश की पालना करते हुए प्रशासन ने महज खानापूर्ति करते हुए आनासागर झील के भराव क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण कार्यों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रमुख रूप से सेवन वंडर पार्क में बनी स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी की मूर्ति को हटाया गया है। पार्क में बनी कैंटीन और अन्य अवैध निर्माण तोड़े गए हैं। इस मामले में सरकार कोर्ट से छह महीने की मोहलत मांग रही है, ताकि इन संरचनाओं को दूसरी जगह शिफ्ट किया जा सके। पार्क को दो माह में तोड़कर इसे ग्रीन लॉन में बदला जाएगा। आनासागर के किनारे बने फूड कोर्ट पर जेसीबी मशीन से अब तक 650 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में निर्माण तोड़ा गया है और ग्रीन एरिया विकसित किया जा रहा है। आजाद पार्क और पटेल मैदान में किए गए निर्माण भी विवादों के घेरे में हैं। टेबल टेनिस हॉल, स्वीमिंग पूल, एथलेटिक ट्रैक, लॉन टेनिस कोर्ट और बैडमिंटन हॉल जैसे निर्माणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है कि वे पटेल मैदान में बने हैं या आजाद पार्क में। गांधी स्मृति उद्यान में बने पाथवे और ऑडिटोरियम पर भी कार्रवाई चल रही है।

सरकार का दावा कि आनासागर झील की सफई लगातार की जा रही है। डीवीडिंग मशीन और मैनपावर के जरिए झील से गाद और कचरा निकाला जा रहा है। वर्ष 2024 में 2.19 करोड़ रुपए की लागत से दूसरी डीवीडिंग मशीन खरीदी गई। झील की सफाई पर लगभग 5 करोड़ 40 लाख रुपए अब तक खर्च हो चुके हैं, जबकि वास्तविक हालात यह है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी झील के हालत जस की तस है।

# 250 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त, चार जने गिरफ्तार



नोखा पुलिस ने अवैध शराब सहित चार जनों को पकड़ा।

- **रासीसर गांव के भारतमाला रोड़ पर पिकअप में शराब पकड़ी**
- **पुलिस ने शराब की तस्करी में प्रयुक्त पिकअप के साथ एस्कॉर्ट कर रही कार जब्त की**

**नोखा,** (निसं)। नोखा पुलिस ने शनिवार देर रात्रि में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह के निर्देशन में नोखा थानाधिकारी अमित स्वामी की टीम ने रासीसर गांव के भारतमाला रोड़ पर देर रात एक पिकअप वाहन को पकड़ा। वाहन की तलाशी में पुलिस को 250 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लाखों रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से बाड़मेर जिले के रामसर थाना क्षेत्र के चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रमेश, सुरेश, कैलाश और धोलाराम बिश्नोई के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब की तस्करी में प्रयुक्त पिकअप के साथ एस्कॉर्ट कर रही स्विफ्ट कार को भी जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।

## विवाहिता ने फांसी लगाई

**खाजूवाला,** (निसं)। वार्ड पांच में एक 25 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है।

थानाधिकारी सुरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि वार्ड पांच निवासी 25 वर्षीय सोनम पत्नी सोनू कुमार ने ससुराल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जब सूचना मिली तो परिजन महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले आए, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस को यहां सुसाइड नोट भी मिला है। महिला के पीहर पक्ष के लोगों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अजमेर एलिवेटेड रोड भ्रष्टाचार के मामले में आरएसआरडीसी एमडी को लोकायुक्त ने समन भेजा

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर का बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रोड जो शहर के ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए बनाया गया था, खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गया है। करीब 275 करोड़ रुपए की लागत से बने इस प्रोजेक्ट में भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। लोकायुक्त ने राजस्थान स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आरएसआरडीसी) के एमडी को समन भेजा है, जबकि कई इंजीनियर और अधिकारी जांच के घेरे में आ गए हैं।

इससे पहले अजमेर कलेक्टर ने भी प्रोजेक्ट के दो डायरेक्टरों को चार्जशीट जारी की थी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति हुई। अब लोकायुक्त इस घोटाले की तह तक

- **अजमेर का बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रोड जो शहर के ट्रैफिक जाम को खत्म करने के लिए बनाया गया था, खुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा**
- **करीब 275 करोड़ रुपए की लागत से बने प्रोजेक्ट में भारी अनियमितताएं सामने आई, कई इंजीनियर और अधिकारी जांच के घेरे में**
- **लोकायुक्त इस घोटाले की तह तक जाने की कोशिश कर रहे हैं और 15 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई होगी**

जाने की कोशिश कर रहे हैं और 15 अप्रैल को इस मामले की सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता अशोक मलिक ने आरोप लगाया है कि इस परियोजना में करीब 60 करोड़ रुपए का गबन हुआ है। निर्माण कार्य पांच साल की देरी से पूरा हुआ, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदार पर 22 करोड़ रुपए की पेनल्टी तक नहीं लगाई गई। सरकारी जमीन पर निर्माण सामग्री रखने का किराया भी 15 से 22 करोड़ रुपए तक वसूलना था, जो अब तक वसूला नहीं गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि नवंबर 2019 से ठेकेदार को चार बार एक्सटेंशन दिया गया और कुल 38 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान मूल्य वृद्धि के नाम पर कर दिया गया। यानी सरकार ने देरी करने वालों को सजा देने के बजाय उन्हें और ईनाम दे दिया। इस सड़क को 8.5 मीटर चौड़ा बनाया जाना था, लेकिन कई जगह इसकी चौड़ाई कम कर दी गई। सीमेंट-कंक्रीट की जगह डामर की सड़क बना दी गई, जिससे इसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या बनी रहती है, क्योंकि ड्रेनेज सिस्टम भी सही से नहीं बनाया गया। मलिक का आरोप है कि योजना के तहत 39 हजार 350 वर्ग मीटर में सर्विस रोड और स्लिप लेन बननी थी, लेकिन सर्विस रोड तो बना ही नहीं, फिर भी 8 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया। स्मार्ट सुविधाओं जैसे ट्रैफिक लाइट, साइनेज, सीसीटीवी कैमरे आदि लगने थे, लेकिन 2022 तक कोई काम नहीं हुआ। इसके बावजूद 5 करोड़ रुपए का फर्जी भुगतान कर दिया गया।

मामले में आरएसआरडीसी की एईएन चारू मित्तल, नरेश शेरसिया, पीडी अरुण माथुर, हर्ष राय और राजेश शर्मा सहित कई अधिकारी संदेह के घेरे में हैं। लोकायुक्त ने जांच शुरू कर दी है और 15 अप्रैल को सुनवाई होगी।

## सड़क हादसे में टीबा बसई के युवक की मौत

**खेतड़ी,** (निसं)। मेहाड़ा थाना क्षेत्र के बसई के एक व्यक्ति की नारनौल के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक रेवाड़ी जा रहा था कि नारनौल के पास डिवाइडर से बाइक टकरा जाने से हादसे का शिकार हो गया।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के नारनौल में नेशनल हाइवे नंबर 11 पर अटेली से थोड़ा आगे बने रेस्ट एरिया के पास एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। गांव टीबा बसई निवासी दाताराम (38) पुत्र हरिराम बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से जा रेवाड़ी की ओर जा रहा था। जब वह नेशनल हाईवे नंबर 11 के गोकलपुर रेस्ट एरिया के पास पहुंचा था कि उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के दौरान

- **रेवाड़ी जाते समय डिवाइडर से बाइक टकराने से हादसा हुआ**

आसपास के लोगों ने उसको घायल अवस्था में उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का नारनौल के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि नेशनल हाईवे नंबर 11 के इस रेस्ट एरिया के पास पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं। घटना की सूचना मेहाड़ा पुलिस को दी गई तथा हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।

## हादसे में एक युवक की मौत

**करौली,** (निसं)। करौली-मासलपुर मार्ग पर बखतपुरा गांव के पास एक तेज रफ्तार जीप और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार 17 वर्षीय रामलखन की मौके पर मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रामलखन जो बखतपुरा गांव का रहने वाला था अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार जीप ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप भी सड़क से नीचे पलट गई। घायल युवक को करौली अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। मृतक रामलखन के शव का पोस्टमॉर्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। करौली हॉस्पिटल पुलिस चौकी के कॉन्स्टेबल रामप्रकाश शर्मा के अनुसार, मृतक रामलखन मोतीलाल माली का पुत्र था। मासलपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार जीप चालक की तलाश जारी है।

# सीआरपीएफ जवान ने अपने नवनिर्मित मकान में आत्महत्या की

## सीआरपीएफ जवान प्रहलाद राय वर्मा सीआरपीएफ जीसी-2 बटालियन अजमेर में तैनात था

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। ग्राम नांगलभीम निवासी सीआरपीएफ के जवान प्रहलाद राय वर्मा ने अपने नवनिर्मित मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर श्रीमाधोपुर सीएचसी मोर्चरी में रखवाया। मृतक जवान सीआरपीएफ जीसी-2 बटालियन, अजमेर में तैनात था और 11 मार्च को छुट्टी पर घर आया था।

परिजनों के अनुसार, प्रहलाद राय छुट्टी के दौरान अपने पुराने घर नांगलभीम में रह रहा था। रविवार को वह अपने नवनिर्मित मकान, लक्ष्मीनगर, वार्ड नंबर 29, श्रीमाधोपुर पर गया था। दोपहर में छोटे भाई लोकेश

- **मृतक जवान प्रहलाद राय वर्मा का विवाह 2002 में हुआ था, उसके तीन बेटियां और एक बेटा हैं, जो अजमेर में रह रहे थे**
- **जवान 2001 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था और वर्तमान में अजमेर में तैनात था**

ने फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर वह मकान पर पहुंचा तो अंदर जवान का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही थानाधिकारी विजय सिंह व हेड कांस्टेबल रूडाराम मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीएचसी मोर्चरी में रखवाया एवं मृतक की बटालियन को भी सूचना दी। मृतक जवान प्रहलाद राय वर्मा का विवाह 2002 में पटवारी का बास निवासी सुशीला से हुआ था। उनके तीन बेटियां और एक बेटा हैं, जो अजमेर में रह रहे थे। जवान 2001 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था और वर्तमान में अजमेर में तैनात था। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। शव का पोस्टमार्टम सोमवार को किया जाएगा।

## दुष्कर्म का आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिला पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी परविंद्र सिंह निवासी 3 बीबी पदमपुर कार ड्राइवर है।

आरोपी शहर की एक कॉलोनी में रह रहा था और इसी दौरान एक लड़की के संपर्क में आ गया। इसके बाद आरोपी परविंद्र सिंह ने लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और बाद में शादी से मुकर गया। सूत्रों के अनुसार पीडित लड़की गर्भवती हो गई थी। इसके बाद जनवरी माह में मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया। फरार होने के बाद आरोपी लगातार अपनी जगह बदलता रहा। हालांकि पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी रही। आखिरकार पुलिस ने आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया।

# पड़ौसी महिला की प्रताड़ना से परेशान युवक ने सुसाइड किया

## घर से 15 किलोमीटर दूर शव मिला, एक दिन पहले शिकायत दर्ज कराई थी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। एक व्यक्ति ने पड़ौसी महिला और उसके पति की प्रताड़ना से परेशान होकर नहर में कूदकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से करीब 15 किलोमीटर दूर बॉडी मिलने पर पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

कोतवाली थानाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि मृतक के भाई गौरव शर्मा ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई सेतिया फॉर्म के रहने वाले गोविंद शर्मा को पड़ौस में रहने वाली नेहा शर्मा और उसका पति अनिल शर्मा प्रताड़ित करते थे। पड़ौसी महिला और उसके पति की प्रताड़ना से तंग

- **मृतक का चार पेज का सुसाइड नोट लिखने की बात सामने आई है**

आकर नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटनास्थल से करीबन 15 किलोमीटर दूरी पर गोविंद शर्मा की बॉडी मिलने पर पोस्टमॉर्टम करवा परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मामले की जांच खुद कोतवाली थानाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह कर रहे हैं। मृतक के चार पेज का सुसाइड नोट लिखने की बात सामने आई है, जिसमें उसने कई बातों का जिक्र किया है। सीआई पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। घटना से एक दिन पहले 11 मार्च को गोविंद ने सेतिया फॉर्म पुलिस चौकी में नेहा शर्मा के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अगले दिन फिर नेहा ने गोविंद का अपमान किया। इससे व्यथित होकर 12 मार्च को गोविंद ने सुसाइड नोट लिखा और नेतेवाला के पास नहर में कूदकर जान दे दी। गौरव का आरोप है कि नेहा शर्मा सितंबर 2022 से उनकी पत्नी एकता के संपर्क में आई और उसे भी परिवार के खिलाफ भड़काने लगी। वह गौरव की मां के साथ भी बदसलूकी करती थी।

# खड़े ट्रेलर में घुसी बस, दो की मौत, 16 जने घायल

## हादसा बीकानेर के नापासर थाना इलाके के एनएच 11 रायसर के पास हुआ



घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया।

**बीकानेर,** (निसं)। लोक परिवहन की बस सड़क पर खड़े ट्रेलर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि बस के केबिन का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि 16 गंभीर घायल बताए गए हैं।

हादसा बीकानेर के नापासर थाना इलाके के एनएच 11 का रायसर के पास का है। नापासर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है, जहां 16 घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में जान गंवाने वाली महिलाएं हवा कंवर और निरमा देवी (60) हैं। जानकारी के अनुसार, घायलों में 7 से 8 लोग केबिन में बैठे हुए थे, बाकी उतरने के लिए खड़े थे। इसी दौरान रायसर के पास एनएच 11 पर सड़क पर ट्रेलर खड़ा था। तेज रफ्तार में चल रही बस पीछे से ट्रेलर में जा घुसी। इसके बाद बस में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने पुलिस को फोन कर हादसे के बारे में जानकारी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

# घर में बने पानी के होद में 17 दिन की मासूम बच्ची का शव मिला

## मासूम बच्ची की हत्या किसने की है और क्यों की है, पुलिस ने जांच शुरु की

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर में एक 17 दिन की मासूम बच्ची की हत्या करने का मामला सामने आया है। घर में ही बने पानी की होद में मासूम बच्ची का शव तैरता हुआ मिला। हत्या किसने की है और क्यों की है, यह अभी तक सवाल बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 53 नयाबास में प्रताप सैनी का परिवार रहता है। प्रताप सैनी के छोटे बेटे पंकज सैनी की पत्नी निशा उर्फ आचकी सैनी ने 28 फरवरी को अपनी दूसरी बेटी को जन्म दिया था, जिसके बाद वह अस्पताल में भर्ती रही। तीन मार्च को ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिली तो उसकी दूसरी बेटी सोनिया का घर पहुंचने पर पारंपारिक रीतियों के अनुसार परिवार की महिलाओं ने स्वागत भी किया। सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन रविवार सुबह जब परिवार के सभी सदस्य खेत में फसल कटाई के लिए घर से निकले, उसके करीब एक घंटे बाद निशा उर्फ आचकी ने रोते-बिलखते हुए फोन किया कि उसकी 17 दिन की बेटी सोनिया गायब हो गई है। जब 17 दिन की बेटी सोनिया



घर में बना हुआ पानी का होद, जिसमें बच्ची का शव मिला।

गायब हुई, उस वक्त घर में निशा उर्फ आचकी, उसकी बड़ी बेटी तीन साल की नाहिरा तथा 17 दिन की बेटी सोनिया ही थी। परिवार के लोग फसल कटाई छोड़कर घर पहुंचे। उन्हें आशंका लगी कि कोई जानवर घर में घुसकर मासूम को उठा ले गया होगा। पूरे मोहल्ले के लोगों ने करीब एक घंटे तक घर में और घर के बाहर मासूम को तलाश किया, लेकिन कहीं पर भी कोई जानकारी नहीं मिली तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आकर भी इधर-उधर तलाश किया। बाद में घर में बनी पानी की होद का ढक्कन खोलकर देखा तो उसमें 17 दिन की मासूम सोनिया का शव तैरता हुआ मिला, जिसे निकाला गया और बीडीके अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद

- **परिवार के सदस्य खेत में फसल कटाई के लिए हुये थे, पिछे से बच्ची की मां ने फोन कर जानकारी दी**

परिजनों को दिया गया।

मृतक सोनिया के ताऊ अनिल ने बताया कि उनकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी। सोनिया के जन्म पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। फिर भी अज्ञात व्यक्ति ने सोनिया को उसकी मां के पास से उठाकर उसे पानी की होद में डालकर मार दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ताऊ अनिल की मानें तो उसकी भतीजी और मृतक सोनिया की बड़ी बहन तीन साल की नाहिरा ने बताया कि घर में दो व्यक्ति आए थे। ऐसे में यह भी जांच का विषय है कि बाहर से कोई व्यक्ति घर आया भी था या नहीं और आया था तो उसकी 17 दिन पहले जन्मी सोनिया से क्या दुश्मनी थी। पुलिस जांच में जुट गई है।

# जे.डी.ए. के अधीक्षण अभियंता अविनाश शर्मा की छवि भ्रष्ट अधिकारी के रुप में थी

**जयपुर।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के इंजीनियर (अधीक्षण अभियंता) अविनाश शर्मा की छवि भ्रष्ट अधिकारी के रूप में थी। राजकीय सेवा में नियुक्ति के समय अविनाश की आय

- **जेडीए में 14 साल से एक ही जोन में सेवारत रहा, जमीनें खरीदने की झड़ी लगाई**

सामान्य थी, परंतु नियुक्ति के बाद उसके रहन सहन में अचानक बदलाव आ गया। उसके रहन सहन का स्तर भी सामान्य से उच्चस्तर का हो गया।

एसीबी की रिपोर्ट के अनुसार अविनाश शर्मा ने अपने परिजनों के नाम से जमकर जमीनों की खरीद फरोख्त की। पहले अपने भाई और सालों के नाम से प्लाट खरीदे बाद में उन्हें अपनी पत्नी को गिफ्ट करा दिए। जेडीए में रहते अविनाश ने राजधानी जयपुर में जमीनें खरीदने की झड़ी लगा डाली।

## परिजनों के नाम खरीदी बेनामी संपत्तियां

पत्नी, मां, बेटी, भाई, साले और साले के बेटे तक के नाम बेनामी संपत्तियां खरीदीं। खुद के नाम जमीनें खरीदीं, वो अलग। काली कमाई से अविनाश ने 60 प्लॉट खरीद लिए। एसीबी के अनुसार अविनाश की आय से अधिक संपत्ति बनाने की शिकायत करीब 6 महीने पहले आई थी। एसीबी टीम ने शिकायत के आधार पर इंवेस्टिगेशन शुरू किया तो एक के बाद एक परतें खुलने लगीं।

जेईएन लगा तो कुछ नहीं था, तीस साल में साम्राज्य बनाया

एसीबी की जांच में सामने आया कि 30 साल पहले अविनाश नौकरी लगा, तब उसके पास कुछ भी नहीं था। अविनाश 1994 में आवास विकास संस्था में जेईएन के पद पर लगा था। करीब 20 साल पहले राज्य सरकार ने इस संस्था को समाप्त कर दिया। जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) बना दिया। आवास विकास संस्था में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को जेडीए में तैनात कर दिया गया।

जेडीए के 20 साल में से 14 साल अविनाश ने एक ही जोन (जोन-11) में निकाले। इस जोन में अजमेर रोड से डिग्गी मालपुरा रोड तक और बगरू, सेज, रोहिणी नगर सहित आस-पास का क्षेत्र आता है।

यही नहीं, रिंग रोड का एक तरफ का हिस्सा भी इसी जोन से निकलता है। पिछले 14 साल में इस जोन का तेजी से विकास हुआ। 600 से ज्यादा कॉलोनियां बनीं। रिंग रोड सहित सड़कों का नेटवर्क बना।

## दो दर्जन कोलोनाइजर्स संपर्क में आए

एसीबी के अनुसार इस दौरान 2 दर्जन से ज्यादा कॉलोनाइजर्स अविनाश के संपर्क में आ गए। फिर साठ-गांठ का खेल चला। पहले से जानकारी होने के कारण अविनाश पसंद की कॉलोनियों में खुद के नाम और परिजनों व रिश्तेदारों के नाम से बेनामी संपत्तियां खरीदने लगा।यही नहीं, सड़कों का प्लान बनाने में भी अविनाश ने चहेते कॉलोनाइजर्स का ध्यान रखा, जिससे उनके साथ खुद की जमीनों की भी दरें आसमान छूने लगीं।

## 30 साल में बार-बार मिला जोन-11

1994 में आवास विकास संस्था में जेईएन (ये संस्था 2004 में समाप्त हो गई। इसके बाद अविनाश को जेडीए में लगा दिया गया), 2004 से 2010 में जोन-11 में जेईएन, 2010 में जोन-11 में रहते एईएन (प्रमोशन), 2013 तक जोन-11 में ही, 2015 में एक्सईएन (प्रमोशन), फिर जोन-11 मिला, 2015 में रिंग रोड प्रोजेक्ट, 2019 में पृथ्वीराज नगर का अतिरिक्त चार्ज, 2022 में एसई (प्रमोशन), फिर जोन-11 मिला।

## राजधानी में 4 बीघा जितने प्लॉटों का मालिक

अविनाश ने जयपुर में अलग-अलग कॉलोनियों में इतनी जमीनें खरीदीं कि इन्हें जोड़ दिया जाए तो ये आंकड़ा 4 बीघा पहुंच जाता है। एसीबी सूत्रों के अनुसार अविनाश ने अब तक 15 हजार गज से अधिक जमीन की खरीद-फरोख्त की।

एक बीघा में करीब 3000 वर्गगज जमीन होती है। ऐसे में टुकड़ों-टुकड़ों में अलग-अलग कॉलोनियों में खरीदी जमीनों को जोड़ लिया जाए तो ये 4 बीघा से अधिक हो जाती हैं। इनमें कॉमर्शियल प्लॉट भी शामिल हैं।

## लग्जरी ढाबा भी चलाया

मानसरोवर एक्सटेंशन में कीर्ति नगर की मेन रोड पर अविनाश की पत्नी और बेटी के नाम 1000 वर्गगज जमीन पर लग्जरी ढाबा भी चलाया जा रहा है। इस रोड पर कॉमर्शियल जमीनें होने के कारण बाजार भाव 2 लाख रुपए वर्गगज से भी अधिक है।

एसीबी जांच में सामने आया कि 30 साल की सर्विस के दौरान अविनाश ने खुद के नाम 13 प्लॉट खरीदे। मां, पत्नी, भाई, साले और साले के बेटे के नाम बेनामी संपत्ति के रूप में भी दर्जनों प्लॉट खरीद डाले। जांच अभी जारी है और जमीनों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

## एक ही कॉलोनी में लाइन से 9 तक प्लॉट खरीदे

अविनाश ने अवैध कमाई को कई जमीनों में इंवेस्ट किया। उसके घर सहित 7 ठिकानों पर छापे में एसीबी को कई चौंकाने वाली फाइलें मिली हैं। जमीनों से संबंधित मिली फाइलों से पता चला कि कई कॉलोनियों में अविनाश शर्मा ने लाइन से 9 प्लॉट तक खरीदे हैं। इनमें 80 से 90 फीसदी प्लॉटों की खरीद बेनामी संपत्ति के तौर पर अपने परिजनों और रिश्तेदारों के नाम से की गई है। हरे कृष्णा विहार में तो लाइन से प्लॉट खरीदे गए हैं।

# राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की। राज्यपाल बागडे से मुख्यमंत्री शर्मा की यह शिष्टाचार भेंट थी।

# युवक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंका

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में बदमाशों ने एक युवक की हत्या कर शव को सड़क किनारे फेंका और साथ ही पहचान छिपाने के लिए शव को आग के हवाले कर दिया। रविवार सुबह हाईवे किनारे युवक की अधजली लाश मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि हत्यारों ने पहले रस्सी से गला घोटकर युवक की हत्या कर शव को सडक किनारे डाल कर आग लगा दी। पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ ही मृतक की पहचान सहित हत्या करने वाले हत्यारों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी उदय यादव ने बताया कि नेवटा पुलिया के पास हाईवे किनारे रविवार दोपहर एक युवक की अधजली लाश मिली थी लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल व डॉग स्क्वायड टीम की मदद से सबूत

- **पहचान छिपाने के लिए शव को जला कर हुए फरार**

जुटाए। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि मृतक की उम्र करीब 35 साल है। रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की गई है। हत्या के लिए उपयोग में लाई गई रस्सी भी शव के पास पड़ी मिली है।

माना जा रहा है कि दूसरी जगह हत्या के बाद शव हाइवे किनारे फेंका गया। साथ ही मृतक की पहचान छिपाने के लिए ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई गई। आग की लपटों को उठता देख पकड़े जाने के डर से हत्यारे भाग गए। इसके कारण शव पूरा जलने से बच गया। वहीं अधजले शव के हाथ के पास का कुछ हिस्सा जंगली जानवरों ने भी नोच खाया है। मृतक की पहचान के प्रयास के साथ ही हत्यारों की तलाश में पुलिस टीमें जुट गई है।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के बीच चंग की थाप पर जुगलबंदी नजर आई।

# किरोड़ी ने मुख्यमंत्री को उनके काफिला हादसे पर पत्र लिखा

**जयपुर।** मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लेटर लिखा। उन्होंने जयपुर में अक्षय पात्र चौराहे पर मुख्यमंत्री के रूट लाइन पर ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले एएसआई सुरेंद्र कुमार की पत्नी को सहायता देने की मांग की। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा रविवार को एएसआई की पत्नी के साथ डीजीपी उत्कल रंजन से भी मिले।

किरोड़ीलाल मीणा ने पत्र में लिखा कि सविता कुमारी पत्नी स्व. सुरेंद्र कुमार ने मुझे ज्ञापन देकर अपनी पीड़ा बताई है कि उसके पति की 11 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। इसे पुलिस ने अपनी जांच में हत्या माना था। सुरेंद्र कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी ड्यूटी पर कत्तर्व्य का बेमिसाल परिचय दिया था।

किरोड़ी ने लिखा कि इस घटना के बाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सविता और उसके परिवार को हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया था। काफी लंबा समय गुजर जाने के बाद भी सुरेंद्र कुमार की पत्नी सविता को सरकार की तरफ से अभी तक कोई सहायता नहीं दी गई। जो गंभीर चिंता का विषय है। आप स्वयं भी सविता कुमारी ओला और उनके परिजनों से गांव काठ का माजरा नीमराणा जाकर मिलकर आए थे। उस समय आपको परिजनों और गांव वालों ने एक ज्ञापन दिया था।

# गोविंददेवजी मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न



कलियुगावतार गौरांग महाप्रभु ( चैतन्य महाप्रभु ) का 539वें जन्म महामहोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में रविवार को आराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ।

**जयपुर।** कलियुगावतार गौरांग महाप्रभु( चैतन्य महाप्रभु) जी का 539वें जन्म महामहोत्सव-2025 के उपलक्ष्य में रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में मंदिर सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने गौरांग महाप्रभु का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उनके निमित्त विशेष आहुतियां अर्पित की गई।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर चौधरी के निर्देशन में दिनेश आचार्य, डॉ अजय भारद्वाज, दिनेश मारबदिया और सृष्टि ने प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुतिययों के साथ यज्ञ संपन्न कराया। प्रारम्भ में गुरु वंदना और गायत्री वंदना की गई। षट् कर्म, स्वस्ति वाचन, षोडशोपचार पूजन के अग्नि प्रज्जवलित कर विश्व कल्याण की कामना के साथ तीन पारियों में करीब तीन सौ श्रद्धालुओं ने गायत्री मंत्र , महामृत्युंजय महामंत्र से आहुतियां अर्पित की। इधर उधर कचरा नहीं फैलाने, जूठन नहीं छोड़ने, नियमित रूप से गायत्री मंत्र का जप करने, श्रेष्ठ साहित्य का अध्ययन करने सहित अन्य शुभ संकल्प और एक बुराई छोड़ने के बाद पूर्णाहुति की।

रमेश अग्रवाल और कैलाश अग्रवाल ने लोगों को ज्ञान प्रसाद के रूप में सकारात्मक चिंतन को विकसित करने वाली हारिए न हिम्मत पुस्तक निशुल्क वितरित की। गायत्री चेतना केंद्र जनता कॉलोनी की ओर से बुक फेयर लगाया गया।

# राइजिंग राजस्थान एम.ओ.यू. होल्डर्स को प्रत्यक्ष ही मिलेंगे रीको के औद्योगिक भूखंड

**जयपुर।** "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024" के संदर्भ में राज्य सरकार के साथ एमओयू निष्पादित करने वाले निवेशकों के लिए रीको द्वारा चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में भूखण्ड के आरक्षित मूल्य पर औद्योगिक भूखंडों के प्रत्यक्ष आवंटन योजना जारी कर दी गई है। ऐसे उद्यमी जिन्होंने इस पॉलिसी के लागू होने की तिथि तक राज्य सरकार के साथ निवेश हेतु मैमोरेण्डम ऑफ अंडरस्टेडिंग (एमओयू) निष्पादित किया हो, वे इस योजना में आवेदन कर सकते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन वाली दिनांक को, जिनकी राजस्थान के राजनिवेश पोर्टल पर भूमि आवंटन से संबंधित प्रार्थना लम्बित है।

योग्य आवेदक रीको की वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में 98 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6936 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च है तथा ई-लॉटरी 3 अप्रैल को प्रस्तावित है।

- **योग्य आवेदक रीको की वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस योजना में 98 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 6936 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च है तथा ई-लॉटरी 3 अप्रैल को प्रस्तावित है**

राइजिंग राजस्थान-2024 के समापन समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा था कि राज्य सरकार राइजिंग समिट में हुए एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए पूरी शक्ति के तहत काम करेगी और इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए औद्योगिक क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए "प्रत्यक्ष भूखण्ड आवंटन योजना" लाई गई है तथा 11 दिसंबर को इन सभी एमओयू के जमीन पर उतरने की कार्यवाही की समीक्षा कर जनता के सामने लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि असीम संभावनाओं से भरपूर राजस्थान में उद्यमिता एवं विकास के शिखर को छूने की क्षमता है। राजस्थान नवाचार व निवेश आकर्षण के एक नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। 50,000 वर्गमीटर तक एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने पर सीधा आवंटन तथा एक से अधिक आवेदक होने की दशा में ई-लॉटरी के माध्यम से सफल आवेदक को आवंटन। 50,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल से अधिक/विशेष औद्योगिक क्षेत्रों/पार्क के लिये आवेदक की पात्रता, भूमि की आवश्यकता इत्यादि के गुणावगुण के आधार पर आवंटन होगा। भूखण्ड की कुल देय प्रीमियम राशि की 5 प्रतिशत राशि आवेदन के साथ ही ऑनलाईन जमा होगी।

सफल आवेदक को भूखण्ड आवंटन हेतु आवेदन की स्वीकृति के प्रस्ताव पत्र (ऑफर लेटर) जारी होने के 30 दिनों के अंतर्गत कुल प्रीमियम राशि की 1 प्रतिशत धरोहर राशि तथा प्रीमियम राशि की 25 प्रतिशत राशि जमा करवाया जाना वांछित है।

ऐसे प्रोजेक्ट जिनकों स्थापित करने के लिए पर्यावरण स्वीकृति आवश्यक नहीं है, उन आवंटियों को आवंटित भूखण्ड का कब्जा देने की तिथि अथवा डीम्ड कब्जा से 2 वर्ष में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करना होगा तथा ऐसे प्रोजेक्ट जिनको पर्यावरण स्वीकृति आवश्यक है, उनके लिए यह अवधि 3 वर्ष होगी। आवंटित भूखण्ड में रिक्त/अनुपयोगी भूमि का हस्तान्तरण अनुज्ञेय नहीं होगा। आवंटित भूखण्ड का उप-विभाजन अनुज्ञेय नहीं होगा। आवंटित भूखण्ड का निरस्तीकरण करने की दशा में आवंटी द्वारा जमा की गई भूमि की प्रीमियम की राशि से 10 फीसदी राशि की कटौती की जावेगी। प्रत्यक्ष आवंटन योजना की वैद्यता 30 जून तक रहेगी।

# निशुल्क लैंस प्रत्यारोपणन शिविर संपन्न

**जयपुर।** शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था द्वारा संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से 146 वाँ निशुल्क लैंस प्रत्यारोपणन शिविर 16 मार्च को महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल, सेक्टर 7, विद्याधर नगर, जयपुर में आयोजित किया गया। जिसमे 204 मरीजों ने आंखों की जांच करवाई जिसमें 143 व्यक्तियों को चश्मे वितरण किए गए।

20 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। शिविर मे संजय एण्ड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ज्योति अग्रवाल, कमलनयन बागला, संस्था के सदस्य नथमल बंसल, सुरेश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, अनिल सिंगड़ोदिया, विनोद बजाज, सुरेश सिंगडोदिया, रामसुंदर जयपुरिया, राजकुमार लोहिया, दिलीप अग्रवाल, शिव कुमार जालान, अनिल शर्मा, राजेन्द्र सिंह व बलवंत सिंह उपस्थित हुए।

# फाग-होली के गीतों पर किया नृत्य

**जयपुर।** सांगानेरी गेट स्थित श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के सभागार में फागोत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से 9 वीं एवं 11 वीं कक्षा के स्टूडेंट्स ने 'नैना नीचे करलै श्याम..... आयो नंदगांव से होली खेलन रसिया बाबा श्याम के दरबार में.... मची एवं मेरो खोय गयौ बाजुबंद रसिया होली में जैसे रंगों से सरोबार गीतों एवं भजनों पर बेहद आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर सभागार में बैठे सभी दर्शकों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर अग्रवाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, महासचिव नरेश सिंघल, विद्यालय सचिव कमल नानूवाला, सिविल सर्विसेज के सचिव अरविन्द अग्रवाल, एआईएचएम के सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, प्रदेश अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष विनोद गोयल व प्राचार्या अमिता कूलवाल सहित विशिष्ट बंधु उपस्थित रहे। विद्यालय सचिव कमल नानूवाला ने बताया कि इस तरह के आयोजन से न केवल छात्र-छात्राओं को इस पर्व को जानने का अवसर मिलता है अपितु सभी एक रंग में रंगे होने के कारण उनमें एकता की भावना भी प्रबल होती है। अंत में प्राचार्या अमिता कूलवाल ने सभी पार्टिसिपेंट्स का उत्साहवर्धन किया।

# कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने तुष्टिकरण की राजनीति को दिया बढ़ावा, देश में लागू होना चाहिए यूसीसी : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के फैसले पर कहा कि कांग्रेस ने सदैव तुष्टीकरण की राजनीति की है। कांग्रेसियों ने समाज को वर्गों में बांटने का काम किया और वोट बैंक के लिए देश का विभाजन करने का काम किया। कांग्रेस की यह नीति सही नहीं। देश में यूनिफार्म सिविल कोड नियम लागू होना चाहिए। सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर कार्य कर रहे है। ऐसे में विपक्ष को भी उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। राठौड़ भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक से पूर्व मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

राठौड़ ने किसान मोर्चा के सम्मान समारोह में मोर्चा के पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया और कहा कि केंद्र व राज्य के बजट में खेत-किसान के लिए की गई घोषणाएं पूरी होने से प्रदेश का किसान न केवल





भाजपा किसान मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मान समारोह एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और केंन्द्रीय मंत्री भगीरथ चौधरी का स्वागत किया।

खुशहाल होगा, बल्कि उसकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ होगी। राठौड़ ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती में उसके कार्यकर्ता की भूमिका अहम होती है। भाजपा में हमेशा कार्यकर्ता की समस्या के समाधान को लेकर प्राथमिकता दी जाती है।

- **'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में कृषि क्षेत्र में की ऐतिहासिक घोषणाएं'**
- **'मदन राठौड़ के नेतृत्व में सत्ता व संगठन के मजबूत सामंजस्य से प्रदेश में विकास कार्यों में आएगी गति'**

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने मदन राठौड़ की सादगी व मिलन सारिता की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। चौधरी ने कहा कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में सत्ता व संगठन के मजबूत सामंजस्य से प्रदेश में विकास कार्यों में गति आएगी। जहां एक ओर भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है, वहीं दूसरी ओर मदन राठौड़ के कुशल निर्देशन में भाजपा का संगठनात्मक ढांचा भी मजबूत होगा। उन्होंने प्रदेश के किसानों के कल्याण में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष भागीरथ चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं जिला पदाधिकारियों ने मदन राठौड़ का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इससे पहले किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी मोतीराम मीणा, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ओपी यादव, रेवंतसिंह राजपुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम चौधरी व मोर्चा के जिलाध्यक्षों व अन्य पदाधिकारियों ने साफा बांधकर, फूल मालाएं व दुप्पटा पहनाकर व हल भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

# सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अनुमोदन के बाद रविवार को सीएनजी व पीएनजी पर वैट दर घटाने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह दर 17 मार्च से प्रभावी होगी। इससे आमजन के साथ-साथ निवेशक और उद्यमी भी लाभान्वित होंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 मार्च को वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सीएनजी व पीएनजी पर वैट की दर को 10 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत करने की घोषणा की गई थी।

## फागोत्सव मनाया

**जयपुर।** श्री श्याम गोपाल मंडल लाल कोठी के द्वारा आयोजित 13वां विशाल होली फागोत्सव एवं श्याम भजन संध्या में विधायक कालीचरण सराफ ने सपत्नीक शिरकत की। मंडल संचालक नटवर कुमावत एवं विपुल अग्रवाल ने बताया कि लाल कोठी में श्री श्याम गोपाल मंडल समिति (रजि) के द्वारा लगातार 13 वर्षों से विशाल फागोत्सव होली पर किया जाता है।



बधाई हो बापू। इस नए सफर के लिए आपको शुभकामनाएं और मैं हमेशा आपके साथ हूं।
- अक्षर पटेल

भारतीय गेंदबाज, बाएं हाथ के ऑलराउंडर दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान बनने के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## डेविड वार्नर



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर भारतीय सिनेमा में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करने जा रहे हैं। वह रॉबिनहुड फिल्म में कैमियो करते हुए दिखेंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया है। वॉर्नर अपने एक्टिंग करियर को लेकर काफी उत्साहित हैं। भारतीय दर्शकों को भी इस फिल्म का इंतजार है। वॉर्नर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रॉबिनहुड फिल्म में अपने लुक को शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग को खूब एन्जॉय किया। उन्होंने लिखा कि, भारतीय सिनेमा, मैं यहां आ गया हूं।


**क्या आप जानते हैं ?...** सचिन तेंदुलकर ने अपने वनडे इंटरनेशनल करियर में सबसे ज्यादा 463 मैच खेलने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया हुआ है.

### अरविंद सिंह मेवाड़ के आकस्मिक निधन पर

## आरसीए एडहॉक कमेटी व राजस्थान क्रिकेट संघ में शोक की लहर

जयपुर, 16 मार्च। राजस्थान के पूर्व खिलाडी व उदयपुर राजपरिवार के अरविन्द सिंह मेवाड़ के आकस्मिक निधन पर राजस्थान क्रिकेट संघ व राजस्थान के समस्त खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गयी।

अरविन्द सिंह मेवाड़ के पिता स्वर्गीय भगवत सिंह मेवाड़ ने राजपुताना के लिए 1945 से 1955 के मध्य व राजस्थान के लिए 1951 से 1961 के मध्य 31 प्रथम श्रेणी मैच खेले थे।उन्होंने कुल 21 प्रथम श्रेणी मैच खेले जिसमे 32 पारियों में 2 नॉट, 2 अर्धशतक सहित कुल 610 रनो का योगदान दिया जिसमे 1964 - 65 में नागपुर में विधर्भ के विरुद 84 रनो की शानदार अर्धशतकीय सर्वश्रेष्ठ थी।विशेष रूप से पिता भगवत सिंह मेवाड़ व पुत्र अरविंद सिंह मेवाड़ के नाम विश्वस्तरीय क्रिकेट रिकार्ड भी दर्ज है। पिता -पुत्र की जोड़ी के रूप में किसी राज्य के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 4 मैचों में एक साथ प्रतिनिधित्व करने व खेलने का रिकार्ड स्वर्गीय भगवत सिंह मेवाड़ व स्वर्गीय अरविन्द सिंह मेवाड़ के नाम दर्ज है। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी एवं कमेटी सदस्यों ने अरविन्द सिंह मेवाड़ के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है व इसे कभी न भर सकने वाला आघात बताया है। उदयपुर राजपरिवार के सदस्य अरविन्द सिंह मेवाड़ के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे राजस्थान क्रिकेट परिवार के लिए व्यक्तिगत क्षित बताया है व् उनके श्रदासुमन अर्पित करते हुए कहा है की दुःख की इस घडी में राजस्थान का समस्त खेल जगत उनके परिवार के साथ खड़ा है।राजस्थान खेल जगत के लिए गहरी क्षित बताते हुए कहा है की उनके निधन से राजस्थान क्रिकेट संघ व राज्य के समस्त खेल जगत जगत को गहरा आघात पहुंचा है।



## मुश्किल दौर में खिलाड़ी के लिए परिवार अहम : विराट कोहली

नई दिल्ली, 16 मार्च। विराट कोहली ने दौरों पर परिवारों की मौजूदगी की वकालत की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें लगता है कि वे खिलाड़ियों के लिए संतुलन लाते हैं, जो मैदान पर मुश्किल दौर से गुजर रहे होते हैं।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ी मैदान से अपने कमरे में लौटकर अकेले और उदास नहीं बैठना चाहता। वह नॉर्मल होना चाहता है। इसी तरह से खिलाड़ी अपनी जिम्मेदारी यानी खेल को सही तरह से निभा सकता है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हार के बाद ने खिलाड़ियों के लिए सख्त नियम बनाए थे। इनमें विदेश दौरों पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ रहने की समय सीमा भी तय की गई थी। टीम के साथ खिलाड़ियों की बॉन्डिंग पर भी जोर दिया गया था।



कोहली से सवाल हुआ तो उन्होंने कहा, ''अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो आप कहेंगे हां। मैं कमरे में जा कर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। फिर आप अपने खेल को सही मायने में जिम्मेदारी के रूप में देख सकते हैं। आप उस जिम्मेदारी को पूरा करते हैं और आप जीवन में वापस आते हैं।'' कोहली से परिवार की भूमिका के बारे में जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, लोगों को यह समझाना बहुत मुश्किल है कि हर बार जब आपके साथ बाहर कुछ बहुत मुश्किल हो रहा होता है, तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना अच्छा होता है।

## युवराज की धमाकेदार पारी से इंडिया मास्टर्स आईएमएल के फाइनल में



रायपुर, 16 मार्च। युवराज सिंह की 30 गेंदों पर खेली गई 59 रनों की तूफानी पारी की बदौलत इंडिया मास्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स को 94 रनों से हराकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। इस शानदार जीत ने न केवल इंडिया मास्टर्स के दबदबे को मजबूत किया है, बल्कि रविवार को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज मास्टर्स के खिलाफ होने वाले रोमांचक फाइनल मुकाबले के लिए भी मंच तैयार कर दिया है।

बल्लेबाजी में सचिन तेंदुलकर (156) और युवराज सिंह (166) ने इंडिया मास्टर्स के अभियान में अहम भूमिका निभाई है, जबकि गेंदबाजी में पवन नेगी (8 विकेट), इरफान पठान (6 विकेट) और स्टुअर्ट बिन्नी (6 विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया है।

सेमीफ़ाइनल में उप-कप्तान युवराज सिंह ने अपनी अर्धशतकीय पारी में सात छक्के लगाये जबकि कप्तान सचिन तेंदुलकर ने 30 गेंदों पर 42 रन बनाकर पारी को संभाला। यूसुफ़ पठान और स्टुअर्ट बिन्नी की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 220 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। गेंदबाज़ी के मोर्चे पर, शाहबाज़ नदीम के सनसनीखेज 4/15 ने ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप को हिलाकर रख दिया।

## विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल में भारत ने 33 पदक जीते

नई दिल्ली, 16 मार्च। भारतीय एथलीटों ने विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में असाधारण प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक सहित कुल 33 पदक जीते। विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के अंतिम दिन भारतीय एथलीटों के कौशल और दृढ़ संकल्प का असाधारण प्रदर्शन करते हुए चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। अल्पाइन स्कीइंग सेगमेंट में भी भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया। राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लैलम (क्रमशः एफ01 और एफ04 श्रेणियों) में रजत पदक जीते, जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लैलम (एम02 श्रेणी) में एक और रजत पदक जीता। आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक (एफ02 वर्ग) में कांस्य पदक जीता। फ्लोरबॉल स्पर्धा में, भारत की महिला पारंपरिक टीम ने अपनी टीमवर्क और कौशल का प्रदर्शन किया, कांस्य पदक जीतकर स्पेशल ओलंपिक भारत में एक अविश्वसनीय यात्रा का समापन किया। स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने एथलीटों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि समर्पण और दृढ़ता के साथ, वे जो कुछ भी हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। जीता गया प्रत्येक पदक उनकी कड़ी मेहनत और कोचों, परिवारों और पूरे स्पेशल ओलंपिक भारत परिवार के अटूट समर्थन का प्रमाण है। हमें उनकी उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है और हम उनकी यात्रा को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में उनका समर्थन करना जारी रखेंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 का समापन शनिवार 15 मार्च को हुआ। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते, जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक आए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल में देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक मिले।

## जिला क्रिकेट संघ का दो दिवसीय अम्पायर व स्कोरर का सेमीनार परीक्षा सम्पन्न



### अंपायर की परीक्षा में 25 नए अंपायर्स ने परीक्षा दी है नए स्कोरर्स के लिए 9 परीक्षार्थी शामिल हुए

जयपुर, 16 मा। जयपुर जिला क्रिकेट संघ की एडहॉक कमेटी के द्वारा जिला स्तरीय अंपायर्स व स्कोरर्स का सेमिनार व परीक्षा आज जयपुरिया एकेडमी पर सम्पन्न हुआ। अंपायर की परीक्षा में 25 नए अंपायर्स ने परीक्षा दी है जबकि नए स्कोरर्स के लिए 9 परीक्षार्थी शामिल हुए। सेमिनार में अंपायर फैकल्टी के रूप में कमलेश शर्मा (बी सी सी आई पैनल अंपायर), श्रीवास मंडल ( आर सी ए पैनल अंपायर), स्कोरर फैकल्टी के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्कोरर ओ पी शर्मा तथा बी सी सी आई स्कोरर तपेश कौशिक ने युवा अंपायर्स व स्कोरर्स को क्रिकेट के नियमो की नवीनतम जानकारी दी । स्कोरर्स के लिए लिखित परीक्षा व प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन किया गया तथा अंपायर्स के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेडीसीए एडहॉक कमेटी के सदस्य रोहित झालानी, महेश सैनी, लोकेश जैन, रणजीत सैनी व सेमिनार के कॉर्डिनेटर ओम शर्मा भी उपस्थित रहे।

## मांडविया ने अहमदाबाद में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की अगुवाई की

नई दिल्ली, 16 मार्च। केन्द्र सरकार की फिटनेस को लेकर चलाई जा रही मुहिम के तहत रविवार को देश भर में 25 जगहों पर आयोजित 'फिट इंडिया संडे ऑफ साइकिल' कार्यक्रम में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने भी अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट पर कार्यक्रम की अगुवाई की। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण (साई) के गांधीनगर केन्द्र द्वारा आज आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 650 साइकिल चालकों ने भागीदारी की। इनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) गुजरात, अहमदाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य और सांसद हसमुखभाई पटेल और दिनेशभाई मकवाना शामिल थे। पैरालंपियन एथलीट भावना चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक रोहताश चौधरी ने इस कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियों को प्रेरित किया। रोहताश चौधरी को पुश-अप मैन ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। इस साइकिलिंग कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के चिकित्सकों, स्कूल और कॉलेज के छात्रों, योगासन भारत के सदस्यों और कॉर्पोरेट पेशेवरों सहित 500 साइकिल चालक शामिल हुए।

## न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया

क्राइस्टचर्च, 16 मार्च। गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कप्तान सूजी बेट्स (47) और ब्रुक हैलीडे (नाबाद 46) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को नौ गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में उसने जॉर्जिया प्लिमर (चार) का विकेट गवां दिया। इसके बाद एम्मा मैकलियोड (11)रन बनाकर पवेलियन लौट गई। ब्रुक हैलीडे ने कप्तान सूजी बेट्स के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 15वें ओवर में इनोशी प्रियदर्शनी फर्नांडो ने सूजी बेट्स (46) रन बनाकर आउट कर श्रीलंका को तीसरी सफलता दिलाई। हालांकि तक तक न्यूजीलैंड जीत के द्वार तक पहुंच चुकी थी। न्यूजीलैंड ने 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। ब्रुक हैलीडे (46) और इजी शार्प (आठ)रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की ओर से इनोशी प्रियदर्शनी फर्नांडो, सुगंधिका कुमारी और अचिनी कुलसुरिया ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही है और उसने पहले ही ओवर में विशमी गुणरत्ने (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद इसके बाद श्रीलंका अंतराल पर अपने तीन और विकेट जल्द ही गवां दिये।

## दिल्ली चोकर्स, मुंबई फिर बना डब्ल्यूपीएल का बॉस

मुंबई, 16 मार्च। हरमनप्रीत कौर (66) की कप्तानी पारी और नैटली सिवर-ब्रंट (30 रन और तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को एक रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हरा कर दूसरी बार वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के खिताब पर कब्जा कर लिया।

ब्रेबॉर्न स्टेडियम पर मुंबई ने टॉस हार कर पहले खेलते हुये सात विकेट पर 149 रन का स्कोर बनाये थे जिसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी। यह लगातार तीसरी बार है जब दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल के फाइनल मुकाबले में पहुंच कर भी खिताब से दूर रही है,दूसरी ओर मुंबई के लिये ब्रेबॉर्न स्टेडियम लकी 'की' साबित हुआ है जहां उसने 2023 के पहले संस्करण के बाद इस बार भी खिताब अपने नाम किया है।

मुबंई की जीत की नायक हरमनप्रीत और नैटली सिवर-ब्रंट बनी जिन्होने पहले 89 रन की साझीदारी कर अपनी टीम के लिये चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जबकि बाद में सिवर ब्रंट ने कप्तान मेग लानिंग (13) और मरीजान कॉप (40) के अलावा शिखा पांडे (0) का विकेट निकाल कर अपनी टीम की जीत की राह आसान कर दी। अहम मुकाबले में दिल्ली के बल्लेबाज आज एक बार फिर से नाकाम साबित हुये। शेफाली वर्मा मात्र चार रन बना कर चलती बनी वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 30 रन का योगदान देकर अपनी टीम के लिये संभावनाओं को जिंदा रखा मगर मरीजान कॉप और निकी प्रसाद (25 नाबा) के अलावा अन्य बल्लेबाज अपेक्षित योगदान नहीं दे सके। मेग लानिंग भी अपने कौशल का अपेक्षित परिणाम देने में विफल रही जिससे आखिरी ओवरों में पुछल्ले बल्लेबाजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा। इससे पहले हेली मैथ्यूज़ (3) और यास्तिका भाटिया (8) की सलामी जोड़ी को जल्दी आउट कर दिल्ली के गेंदबाजों ने मुबंई को करारे झटके दिये मगर कप्तान हरमनप्रीत और नैटली सिवर ने धैर्य दिखाते हुये दिल्ली के गेंदबाजों को मौका नहीं दिया और ढीली गेंदों पर प्रहार करते हुये स्कोरबोर्ड को चलाना जारी रखा। पारी के 15वें ओवर में सिवट-ब्रंट श्री चरणी की मिडिल स्टंप पर फुलर गेंद को स्लॉग स्वीप करने के प्रयास स्क्वायर लेग पर खड़ी मिन्नू मनी को कैच थमा बैठी। उन्होने 28 गेंदो की अपनी संक्षिप्त पारी में चार बाउंड्री लगायी।



सिवर-ब्रंट के आउट होने के बाद दिल्ली के गेंदबाजों ने विकेटों के पतझड़ के बीच एक बार फिर मैच पर अपनी पकड़ बनाते हुये रन गति पर नियंत्रण पा लिया। हरमनप्रीत का कीमती विकेट एनामेल सदरलैंड को मिला जब चौथे सूटंप पर फुलर गेंद पर कवर ड्राइव लगाने के प्रयास में हरमनप्रीत ने डीप कवर के हाथों में कैच थमा दिया। अपनी अर्धशतकीय पारी में कप्तान ने नौ चौके और दो शानदार छक्के लगाये। दिल्ली के लिये काप,जेस जानासन और श्री चरणी ने दो दो विकेट झटके जबकि हरमनप्रीत का बहुमूल्य विकेट सदरलैंड के खाते में आया।

## 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

### अविनाश के नाबाद अर्द्धशतक व लोकन्द्र की गेंदबाजी की मदद से भदोरिया की आसान जीत

जयपुर, 16 मार्च। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा पर खेले गये पूल-बी के मैच में अविनाश शर्मा 58 रन (17 गेंद, 5 चौके, 6 छक्के) के धुआँदार नाबाद अद्धर्शतक तथा लोकेन्द्र चौधरी 16 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी की मदद से भदोरिया क्रिकेट एकेडमी ने आर.एस क्रिकेट एकेडमी को एकतरफा मुकाबले में 9 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टोस जीतकर आर.एस क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया लेकिन कृष्ण कुमार 19 रन, कमलेश बालाच 14 रन नाबाद, कौशल मीणा 12 रन तथा राहुल शर्मा 11 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज भदोरिया एकेडमी के गेंदबाजों लोकेन्द्र चौधरी 16 रन पर 3 विकेट, राजवीर सिंह 20 रन 2 विकेट आदित्य भाट 4 रन पर 2 विकेट तथा आशिष चौधरी प्रत्येक 1-1 विकेट की गेंदबाजी के समक्ष पुरीटीम 14.4 ओवर में मात्र 85 रन पर सिमट गई। जवाबी पारी में अविनाश शर्मा 58 रन नाबाद तथा भवानी सुथार 24 रन, भवित कुमावत 8 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 6.2 ओवर में 1 विकेट खोकर 90 रन बनाकर हासिल कर लिये, आर.एस. क्रिकेट एकेडमी के राम सिंह परमार 1 विकेट लेकर 1 मात्र सफल गेंदबाज रहे। मैन ऑफ दा मैच अविनाश शर्मा 58 रन (17 गेंद, 5 चौके, 6 छक्के) भदोरिया क्रिकेट एकेडमी रहे।

## तीरंदाजी कोच हुसैनी को तमिलनाडु सरकार ने पांच लाख रुपये की सहायता राशि दी

चेन्नई, 16 मार्च। तमिलनाडु सरकार ने रविवार को अस्पताल में भर्ती मार्शल आर्ट के विशेषज्ञ और अग्रणी तीरंदाजी कोच शिहान हुसैनी को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी। यह सहायता तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण की ओर से उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के निर्देश पर दी गई। उदयनिधि स्टालिन के पास खेल और युवा कल्याण विभाग का भी प्रभार है। विज्ञिप्त अनुसार शिहान हुसैनी ने देश और तमिलनाडु राज्य खेल के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है और उन्होंने राज्य में कई तीरंदाजों को तैयार और प्रशिक्षित किया है। शिहान ने 1979 और 1980 में तीरंदाजी में क्रमशः रिकर्व और कंपाउंड श्रेणियां शुरू कीं।

## राजस्थान रॉयल्स सवाई मानसिंह स्टेडियम में ओपन ट्रेनिंग सेशन आयोजित करेगा



जयपुर, 16 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने 17 मार्च को शाम 7:00 बजे से सवाई मानसिंह स्टेडियम में ओपन ट्रेनिंग सेशन के लिए प्रशंसकों को आमंत्रित किया है। इस ट्रेनिंग सेशन में यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, शिमरोन हेटमायर, जोफ्रा आर्चर और हेड कोच राहुल द्रविड़ जैसे प्रमुख खिलाड़ियों के साथ एक छोटा अभ्यास मैच होगा। 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने पहले मैच से पहले प्रशंसकों को रॉयल्स की तैयारियों की एक रोमांचक झलक मिलेगी। प्रशंसकों के लिए स्थान, बाहरी गेट प्रवेश, अमर जवान ज्योति (पश्चिम गेट) आंतरिक गेट: ईस्ट स्टैंड, गेट नंबर 11 से प्रवेश दिया जाएगा।

## केकेआर की नजर लगातार दूसरे आईपीएल खिताब पर

कोलकाता, 16 मार्च। मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नए नेतृत्व में टाटा आईपीएल 2025 सीज़न के लिए कमर कस रही है। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नए कप्तान अजिंक्य रहाणे, मेंटर ड्वेन ब्रावो, हेड कोच चंद्रकांत पंडित और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर ने आगामी सीज़न और टीम की तैयारियों पर अपने विचार साझा किए। रहाणे ने कहा, मुझे यह अवसर देने के लिए मैं प्रबंधन का वास्तव में आभारी हूँ। अनुभवी बल्लेबाज ने खिताब बचाने की चुनौती को स्वीकार किया, लेकिन तत्काल भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुये कहा हम इस सीज़न में निश्चित रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। बल्लेबाजी स्थिति के बारे में पूछे जाने पर रहाणे ने टीम प्रथम मानसिकता पर जोर दिया और कहा मैंने हमेशा वहीं खेला है, जहाँ टीम चाहती थी कि मैं खेलूँ। टीम की सोच हमेशा पहले आती है। मेंटर ड्वेन ब्रावो ने टीम की सफलता को लेकर कहा पिछले सीज़न की कुछ अच्छी चीजों को बदलने की कोशिश करना मेरे लिए अपमानजनक होगा। शाहरुख जैसा बॉस होना अच्छा है, जो निश्चित रूप से खेल में वास्तव में निवेश करता है।

## 52वीं ऑल इंडिया सीनियर नेशनल कैरम चैम्पियनशिप आज से

जयपुर, 16 मार्च। आल इंडिया कैरम फेडरेशन के तत्वावधान में 52वीं आल इंडिया सीनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप, 2024-25 दिनांक 17 मार्च, 2025 से 21 मार्च, 2025 तक नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में खेली जाएगी। इस चैंपियनशिप में राजस्थान की पुरुष एवं महिला टीमें भाग लेंगी। राजस्थान कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि पुरुष टीम में शाहरुख खान, नावेद खान, मकसूद कामरी, फजल अहमद, इम्तियाज हुसैन, गौतम पंवार मैनेजर पवन कुमार सेठी तथा महिला टीम में रजिया खान, शाइनी बागड़ी, सीमा चौहान, प्रिया चौधरी, अनीता बागड़ी, विजय लक्ष्मी चौहान एवं मैनेजर गणेश नारायण होंगे।

## अंकित का इंडियन डैफ क्रिकेट टीम में चयन

जयपुर/झुंझुनूं, 16 मार्च। झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल में संचालित एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त जीवेम किक्रेट एकेडमी के खिलाड़ी अंकित जांगिड़ का चयन इंडियन डैफ क्रिकेट टीम में हुआ है।

जानकारी देते हुए क्रिकेट कोच अजय कुमार ने बताया कि नई दिल्ली में दो से आठ मार्च तक आयोजित त्रिकोणीय शृंखला में अंकित जांगिड़ ने बतौर ऑल राउंडर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है तथा इस संपूर्ण सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब भी अपने नाम किया है। इसके साथ ही 10 से 12 मार्च तक आयोजित एक दिवसीय सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी बेहतर प्रदर्शन किया है।

इस सीरीज में भारतीय डैफ क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले अंकित जांगिड़ दो बार राजस्थान टीम को, एक बार वेस्ट जॉन को तथा दो बार डैफ प्रीमियर लीग को व एक बार राजस्थान टेस्ट टीम को विनर बनाने में अपना अहम योगदान दे चुका है। जीवेम क्रिकेट एकेडमी संस्थापक डॉ. दिलीप मोदी ने बताया कि जीवम क्रिकेट एकेडमी में खिलाड़ी दिन-रात कड़ा अभ्यास कर रहे हैं एवं प्रशिक्षित कोच लगातार खिलाड़ियों के हुनर को तराश कर विभिन्न खेलों के शानदार खिलाड़ी तैयार कर रहे हैं।



अंकित जांगिड़ पिछले तीन वर्ष से जीवेम क्रिकेट एकेडमी में निरंतर अभ्यास कर रहा है। अपने कड़े अभ्यास और कोच के मार्गदर्शन से आज यह खिलाड़ी इतने बड़े मुकाम तक पहुंचा है। उन्होंने इस शानदार उपलब्धि के लिए अंकित जांगिड़ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, झुंझुनूं एकेडमी स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी, गरिमा मोदी, झुंझुनूं एकेडमी प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि एवं सभी स्टाफ मेंबर्स ने खिलाड़ी अंकित जांगिड़ एवं उसके माता-पिता तथा कोच अजय कुमार को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## जम्मू मैराथन में तीन हजार से अधिक एथलीटों ने लिया भाग

जम्मू, 16 मार्च। जम्मू और कश्मीर पुलिस के सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गुलशन ग्राउंड में आयोजित जम्मू मैराथन 'रन फॉर फन' में रविवार को तीन हजार से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। आज यहां मैराथन को एडीजीपी सशस्त्र पुलिस जम्मू और कश्मीर आनंद जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों से 3000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। मैराथन के लिए स्कूली बच्चों, दिग्गजों और फिटनेस के प्रति उत्साही लोगों सहित सभी उम्र के लोगों की भारी भीड़ देखी गई। नौ श्रेणियों में विभिन्न दूरियों के लिए हुई इस मैराथन में शामिल हुए प्रतिभागियों के लिए भोजन उपलब्ध कराया गया। गुलशन ग्राउंड से बाजाल्टा क्रॉसिंग के पास हिल व्यू होंडा तक 21 किलोमीटर की दौड़ में विभिन्न आयु समूहों लोगों ने भाग लिया। इसके अलावा 10 किमी, पांच किमी, चार किमी और दो किमी की छोटी दौड़ का भी आयोजन हुआ। 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन (पुरुष) में प्रथम स्थान पर मनजीत सिंह (फिरोजपुर, पंजाब) रहे, उसके बाद गुरचरण सिंह (आरएस पुरा, जम्मू) और रवि दास (राम नगर, उधमपुर) रहे। 10 किलोमीटर की रोड रेस (महिला, 18 वर्ष से अधिक) श्रेणी में सविता पॉल (यूपी), वीरपाल कौर (पंजाब) और शमशादा बानो (बलीचराना, जम्मू) ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। 10 किलोमीटर की रोड रेस (लड़के, अंडर 18) में परवीन कुमार (चेनानी, उधमपुर) ने पहला, विभुम पांडे (सैनिक स्कूल, नगरोटा) ने दूसरा और अंकित कुमार (लुधियाना, पंजाब) ने




*मुख्यमंत्री निवास पर रविवार को फागोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को होली की शुभकामनाएं दीं और बजट घोषणाओं के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ढप एवं चंग के साथ शेखावाटी के कलाकारों की प्रस्तुति ने माहौल को खुशनुमा बना दिया।*

# मुख्यमंत्री आवास पर कार्यकर्ताओं ने दिन भर फागोत्सव मनाया

## शेखावाटी के कलाकारों की मंडली ने ढप और चंग पर होली के लोक गीत सुनाये

- **राज्य के विभिन्न जिलों से आये भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों ने मुख्यमंत्री को होली की शुभकामनाएं दीं और बजट घोषणाओं के लिए धन्यवाद दिया।**

जयपुर, 16 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने फागोत्सव कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए जनप्रतिनिधियों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा, होली रंगों का त्यौहार है, यह हमारे जीवन में भी अनेक खुशियों के रंग भरता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारे आपसी सौहार्द और प्रेम को बढ़ाता है।

कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने धरती धोरां री........मेरे देश की धरती....सहित होली पर्व के स्थानीय गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री ने सभी आगंतुकों के चंदन का टीका लगाया और उनका अभिवादन स्वीकार किया। राज्य के विभिन्न जिलों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों ने मुख्यमंत्री को होली की शुभकामनाएं दीं और बजट घोषणाओं के लिए धन्यवाद दिया।

मंच के ठीक सामने ढ प एवं चंग के साथ शेखावाटी के कलाकारों की मंडली ने अपनी प्रस्तुती से माहौल को खुशनुमा बना दिया। दूसरी ओर राजस्थान के प्रसिद्ध गायक प्रकाश माली ने भी अपनी प्रस्तुती से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार युवा, महिला, मजदूर और किसान की खुशहाली के लिए काम कर रही है। विकसित राजस्थान के लिए भी हमारी सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता से निरंतर कार्य कर रही है।

गंगानगर, हनुमानगढ, बीकानेर एवं फलौदी के सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर पिछले एवं इस वर्ष के बजट में नहरी क्षेत्र के किसानों के कल्याण के लिए की गई घोषणाओं के लिए धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, राजेन्द्र गहलोत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, सतीश पूनिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री भूपेन्द्र सैनी, अजीत मांडण, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित विभिन्न सांसद, विधायकगण, जनप्रतिनिधि, प्रदेश एवं जिलों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसओजी ने वनरक्षक भर्ती में तीन और आरोपी पकड़े

- **पूर्व में इंदौर में गिरफ्तार हरीश तथा हीराराम सारण से पूछताछ के बाद गुड़ामालानी के कंवराराम व सांवलाराम तथा भीनमाल के रमेश कुमार को गिरफ्तार किया।**

जयपुर, 16 मार्च। वनरक्षक भर्ती 2020 पेपर लीक मामले में एसओजी ने तीन और आरोपियों को पकड़ा है। इन आरोपियों को पूर्व में इंदौर से गिरफ्तार किए गए हरीश और हीराराम सारण से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपियों को एसओजी ने 6 मार्च को पकड़ा था। इनसे पूछताछ के बाद गुड़ामालानी, बाड़मेर निवासी कंवराराम पुत्र देवाराम , सांवलाराम पुत्र लालाराम जाट और भीनमाल जालौर निवासी रमेश कुमार को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपियों को परीक्षा केंद्र पर छोड़ने से पहले पेपर पढ़ वाया गया। इनकी परीक्षा राजसमंद और उदयपुर के विभिन्न केन्द्रों पर थी। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां पर इन्हें 20 मार्च तक रिमांड पर सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार, मुख्य अभियुक्त झंवराराम जाट ने करीब 10-15 लोगों को पेपर पढ़ वाया और उनको अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर छोड़ा। 13 नवम्बर 2022 को वनरक्षक भर्ती परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई थी। दोनों पारियों का सॉल्व्ड पेपर मंगवा कर अभ्यर्थियों से 5-5 लाख रुपए लेकर पढ़ वाया गया।

सांवलाराम ने भी उदयपुर में दूसरी पारी की परीक्षा दी थी। इसके अलावा सांवलाराम ने अपनी प्रेमिका शारदा मीणा को भी पेपर पढ़ ावा कर परीक्षा दिलवाई थी। रमेश कुमार आरोपी हीराराम सारण का भांजा है जो कि शराब और बायोडीज़ल की तस्करी का काम करता है।

मामला दर्ज होने के बाद सांवलाराम ने पेपर पढ़ ाने के काम में इस्तेताल किए गए मोबाइल को भाई की उदयपुर स्थित मोबाइल की दुकान से लेकर जोधपुर में अपने किसी दोस्त के बाद रखवाया था। हरीश हीराराम सारण की कार लेकर गया था।

## 'कोई कितना ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देख रहा है। विधानसभा अध्यक्ष मंत्रियों को कितना भी बचाए लेकिन वह बच नहीं सकते। राजधानी के भट्टारक जी की नसियां में चल रही कांग्रेस की विस्तारित बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शामिल नहीं हुए, जबकि डिप्टी सीएम सचिन पायलट और पूर्व विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी शामिल हुए।

## कल से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अधिक प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से संवाद में शामिल होंगे, और कार्यवाही को विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर दुनिया भर के लाखों लोग देखेंगे।

# केदारनाथ धाम में केवल हिंदुओं के प्रवेश पर विचार

- **धाम की गरिमा भंग करने के लिये मांस, मछली और शराब परोसे जाने की घटनायें सामने आने के बाद गैर-हिंदुओं को प्रवेश पर रोक लगाने की सोची जा रही है।**

केदारनाथ, 16 मार्च। केदारनाथ धाम में गैर हिंदुओं पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी चल रही है। यह जानकारी स्थानीय विधायक आशा नौटियाल ने दी। उनका कहना है कि कुछ गैर हिंदू तत्वों द्वारा केदारनाथ धाम की धार्मिक गरिमा को भंग करने के उद्देश्य से मांस, मछली और शराब परोसे जाने की घटनाएं सामने आई हैं, जिसके चलते उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आशा नौटियाल ने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा और उन्हें वहां आने से रोका जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी केदारनाथ में एक बैठक आयोजित की थी, जिसमें इस प्रस्ताव पर चर्चा की गई थी। बैठक में यह सुझाव भी सामने आया था कि ऐसे गैर हिंदू व्यक्तियों पर यहां आने से पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए, जो केदारनाथ धाम को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि हमारे प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रशासन, स्थानीय लोगों, व्यापारियों, होटल मालिकों और टेंट व दुकान मालिकों के साथ एक बैठक की। उस बैठक में स्थानीय व्यापारियों ने खुले तौर पर कहा कि कुछ गैर-हिंदू व्यक्ति क्षेत्र में मांस, शराब और ऐसी अन्य चीजें लाने जैसी गतिविधियों में लिप्त हैं, जिससे केदारनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है।

## नाइट क्लब ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक कठिन और बहुत दुखद दिन है। इतने सारे युवाओं की दुखद मौत की कभी भरपाई नहीं हो सकती है। सरकार इस मुश्किल घड़ी में पीड़ितों की तकलीफ कम करने की हर संभव कोशिश करेगी।

अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है, लेकिन अभी इसके बारे में कोई डिटेल जानकारी नहीं दी गई है।

# अमेरिका ने उत्तरी यमन पर बम बरसाये

- **सादा प्रांत के धाहयान शहर में एक विद्युत संयंत्र पर हुए हमले से शहर व उपनगरों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही।**

दोहा, 16 मार्च। अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने उत्तरी यमन के सादा प्रांत के धाहयान शहर में एक विद्युत संयंत्र पर हमला किया, जिसके कारण शहर और उसके उपनगरों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। यह जानकारी यमनी टीवी चैनल अल-मसीरा ने दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प द्वारा अमेरिकी सेना को शिया सैन्य-राजनीतिक आंदोलन अंसार अल्लाह (हूती) के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का आदेश दिए जाने के बाद, अमेरिका ने रविवार रात यमन में हवाई हमला शुरू किया, जिसमें राजधानी सना भी शामिल है। अंसार अल्लाह (हूती) को अमेरिका ने हाल ही में एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है और यह संगठन उत्तरी यमन पर शासन करता है।

# लश्कर के कुख्यात आतंकी अबू कताल की पाकिस्तान में हत्या

- **अबू कताल 26/11 के मुम्बई आतंकी हमले के मास्टरमांइड हाफिज़ सईद का निकट सहयोगी था।**

इस्लामाबाद, 16 मार्च। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के मुख्य कमांडर और 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज़ सईद के करीबी सहयोगी अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी की अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गयी है। 'द न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अबू कताल, जिसका असली नाम जिया उर रहमान था, के ऊपर मंगला-झेलम रोड पर बंदूक से उस समय हमला हुआ जब वह अपनी काली जीप में यात्रा कर रहा था। अबू कताल और उसके सुरक्षाकर्मी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि हमलावर मोटरसाइकिल पर सवार थे और उन्होंने जीप पर गोलियां चलाईं।

सूत्रों के अनुसार, हमले के तुरंत बाद एक संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया था, लेकिन फिलहाल गिरफ्तारी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'जियो टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार झेलम जिले के पुलिस अधिकारी तारिक अजीज संधो टिप्पणी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

सूत्रों ने दावा किया कि लश्कर के सबसे कुख्यात आतंकवादी अबू क़ताल को जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की योजना बनाने और उनका नेतृत्व करने के लिए जाना जाता है। जिसमें नौ जून, 2024 को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोरी मंदिर से वापस आ रहे तीर्थयात्रियों की बस पर घात लगाकर हमला भी शामिल है। सईद ने ही कथित तौर पर अबू क़ताल को लश्कर का मुख्य ऑपरेशनल कमांडर नियुक्त किया था और नियमित रूप से उसे कश्मीर में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के निर्देश दिए थे।

## अरविंद सिंह ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिंह मेवाड़ का निधन पिछले साल 10 नवंबर 2024 को हुआ था।

भारत में डेस्टिनेशन वैडिंग के ट्रैंड की शुरुआत का श्रेय भी अरविन्द सिंह मेवाड़ को जाता है। उन्होंने उदयपुर को विश्व मानचित्र पर एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिसोदिया राजवंश सम्बद्ध अरविन्द सिंह मेवाड़ की स्कूली शिक्षा मेयो कॉलेज, अजमेर, में हुई और महाराणा भूपाल कॉलेज, उदयपुर, से स्नातक की उपाधि के बाद उन्होंने सेंट एल्बंस मेट्रोपॉलिटन कॉलेज, यूके, से होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया।

अरविंद सिंह मेवाड़ की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन सोमवार को सुबह 7 बजे से सिटी पैलेस में होंगे। इसके बाद सुबह 11 बजे से उनकी अंतिम यात्रा शंभू पैलेस से शुरू होकर बड़ी पोल, जगदीश चौक, घंटाघर, बड़ा बाजार, देहली गेट से होकर महासतिया पहुंचेगी जहाँ उनका अंतिम संस्कार होगा । अरविन्द सिंह मेवाड़ के निधन पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने शोक सन्देश में कहा कि मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह जी मेवाड़ का निधन अत्यंत दु:खद है।

## संविदाकर्मी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साल 2008 में उसने लड़की को जन्म दिया और विभाग में आवेदन कर छह माह का मातृत्व अवकाश मांगा। इस पर विभाग ने यह कहते हुए उसका दो माह का अवकाश ही स्वीकृत किया कि वित्त विभाग के 6 नवंबर, 2007 के परिपत्र के अनुसार संविदा कर्मचारी दो माह के मातृत्व अवकाश की ही अधिकारी हैं। इसे चुनौती देते हुए कहा किया वित्त विभाग ने नियम में संशोधन कर संविदाकर्मी को भी नियमित कर्मचारी के समान 180 दिन के मातृत्व अवकाश का हकदार माना है। ऐसे में एक बार नियम में संशोधन होने पर राज्य सरकार संविदा कर्मचारियों के साथ भेदभाव नहीं कर सकती।

ममाले पर सुनवाई करते हुए अदालत ने याचिकाकर्ता को शेष अवधि का वेतन ब्याज सहित अदा करने को कहा है।

# 'भगवंत मान पूरे पाँच साल मुख्यमंत्री रहेंगे'

## केजरीवाल ने पंजाब सरकार के तीन साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों को नकार दिया

- **केजरीवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान व अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ दरबार साहब में मथा टेका।**

अमृतसर, 16 मार्च। पंजाब के मुख्यमंत्री को बदलने की अटकलों पर विराम लगाते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भगवंत मान अपना कार्यकाल पूरा करेंगे और अगले पांच साल वो मुख्यमंत्री रहेंगे।

पंजाब में आप पार्टी के तीन साल पूरे होने पर केजरीवाल मुख्यमंत्री भगवंत मान और अन्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ दरबार साहिब में माथा टेकने गए थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा, "16 मार्च 2022 को पंजाब के मुख्यमंत्री ने शपथ ली थी। आज तीन साल पूरे होने पर हम गुरु महाराज जी का आशीर्वाद लेने आए हैं ताकि गुरु महाराज जी के बताए रास्ते पर चल कर लोगों की सेवा कर सकें और उन्हें न्याय दिला सकें।"

उन्होंने कहा कि राज्य में नशा और भ्रष्टाचार के खिलाफ युद्ध चल रहा है। इस युद्ध को उसके मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा हम राज नहीं लोगों की सेवा कर रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, "16 मार्च 2022 को खटकर कलां में पंजाब को फिर से "रंगला पंजाब" बनाने का संकल्प लिया था, जिसे पूरा करने के लिए हम नेक नीयत और पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं। जो काम इन तीन सालों में हुआ है वह पिछले 70 सालों में भी नहीं हुआ। पंजाबियों से किए हर एक वादे को बखूबी निभाएंगे। पंजाब में से नशों की बुरी अलामत को ख़त्म करने के लिए चल रहे युद्ध को मुक़ाम तक पहुंचाएंगें। पंजाब के तीन करोड़ लोगों के साथ और विश्वास के लिए धन्यवाद।"

# राहुल संविधान के ऊपर सांप्रदायिक तुष्टीकरण का बढ़ावा देते हैं

## भाजपा ने कहा कि कांग्रेस सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों को आरक्षण देकर संविधान को तोड़ रही है

- **भाजपा ने कहा कि कांग्रेस की विभाजनवादी राजनीति बहुसंख्यक समुदाय के हितों को कमजोर करती है।**

बंगलुरु,16 मार्च। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय राज्य के खिलाफ खुला युद्ध छेड़ने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता ने कथित तौर पर संवैधानिक सिद्धांतों पर सांप्रदायिक तुष्टिकरण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को बढ़ ावा दिया है, जिसमें कर्नाटक में मुसलमानों के लिए आरक्षण और अन्य विवादास्पद नीतियों को शामिल किया गया है।

भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में गांधी के खिलाफ ये आरोप लगाये हैं।

भाजपा ने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए आरक्षण की घोषणा को संविधान के लिए काला दिन करार दिया है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को कुचल दिया था और अब वह अपने वोट बैंक की सेवा के लिए संविधान को तोड़ रही है।

भाजपा ने गांधी पर आरोप लगाया है कि वह विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं जो बहुसंख्यक समुदाय के हितों को कमजोर करती है। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया है कि गांधी मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षण जैसी नीतियों के पीछे मुख्य शक्ति हैं, जिसे उन्होंने धार्मिक भेदभाव और स्पष्ट तुष्टिकरण के रूप में वर्णित किया है।

भाजपा ने पोस्ट में लिखा, लगता है बालक बुद्धि (राहुल गांधी) का भारतीय राज्य के खिलाफ खुला युद्ध पूरे जोरों पर है।कांग्रेस नेता मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षण जैसी नीतियों के पीछे प्रेरक शक्ति हैं, जिसे उन्होंने धार्मिक भेदभाव और स्पष्ट तुष्टिकरण बताया। भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर कट्टरपंथी तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि उन्होंने पहले प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामलों को वापस ले लिया था, जो दंगों और आगजनी में शामिल थे। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने राज्य के बजट में मुस्लिम समुदाय को बड़े पैमाने पर धन आवंटित किया है, जबकि हिंदुओं को नजरअंदाज किया गया है।

भाजपा ने आरोप लगाया , बजट में मुस्लिम समुदाय को लाखों करोड़ रुपये आवंटित किए गये हैं, जबकि हिंदुओं को कुछ नहीं मिला है। कांग्रेस सरकार ने कुछ समुदायों के खिलाफ बल प्रयोग किया है, जबकि दूसरों को लाभ प्रदान किया है।

भाजपा ने कहा है, अब वह मुसलमानों को चाँदी की थाली पर आरक्षण दे रहे हैं, लेकिन जब लिंगायतों ने अपने उचित आरक्षण की मांग की, तो उन पर कांग्रेस की पुलिस ने निर्दयता से लाठीचार्ज किया और हमला किया।

# 'तमिलनाडु में 1,000 करोड़ रू. की अनियमितताओं की निष्पक्ष जाँच हो'

- **दक्षिण भारत के नेता-अभिनेता विजय ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उजागर की गई अनियमितताओं के बारे में यह माँग की**
- **ईडी ने कई निजी डिस्टिलरी तथा तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के परिसरों पर तीन दिन छापे मारने के बाद ये अनियमिततायें पकड़ीं।**

चेन्नई, 16 मार्च। दक्षिण भारत के अभिनेता विजय की तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने रविवार को राज्य के स्वामित्व वाले तमिलनाडु राज्य विपणन निगम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उजागर किए गए कथित 1,000 करोड़ रुपये की अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की।

उन्होंने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि केवल गहन जांच से ही इस घोटाले में छोटी मछलियों से लेकर बड़ी व्हेल तक की संलिप्तता सामने आएगी।

उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कझगम (द्रमुक) के वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों में 200 सीटें जीतने के दावे पर भी कटाक्ष किया और कहा कि वे ऐसी अनियमितताओं से मिले पैसे का इस्तेमाल करके ही ऐसे दावे कर रहे हैं।

विजय ने कहा कि सत्ता बरकरार रखने की द्रमुक की योजना साकार नहीं होगी और लोग 2026 के चुनावों में उसे सत्ता से बेदखल कर देंगे।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने कई निजी डिस्टिलरी और राज्य विपणन निगम कार्यालय के परिसरों में तीन दिनों तक छापे मारे थे।

छापों के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों के आधार पर ईडी ने कहा कि शहर और तमिलनाडु भर में कई निजी डिस्टिलरी और राज्य विपणन निगम मुख्यालय के परिसरों में की गई तलाशी में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। इस अनियमितता में धोखाधड़ी करने वाली डिस्टिलरी और बॉटलिंग फर्मों के बीच मिलीभगत सामने आई है।

## 'कोर्ट जाँच...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रिज़र्व पुलिस लाइन, जयपुर में तैनात याचिकाकर्ता कांस्टेबल को विभाग ने 16 सीसीए के तहत गत 12 जून को चार्जशीट दी थी। इस आरोप पत्र को याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि प्रारंभिक जांच में याचिकाकर्ता पर कोई आरोप साबित नहीं था। इसके बावजूद भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसे आरोप पत्र दिया गया। इसलिए आरोप पत्र को निरस्त किया जाए।

मामले में प्रारंभिक सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि कोर्ट की ओर से आरोप पत्र हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। प्रारंभिक चरण में आरोप पत्र को निरस्त करने की मांग करने के बजाए याचिकाकर्ता को अनुशासनात्मक प्राधिकारी के समक्ष अपना जवाब पेश करना चाहिए और कार्रवाई पूरी होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

# उत्तराखंड के वित्त मंत्री ने पद से इस्तीफा दिया

## बजट सत्र के दौरान वित्त मंत्री की, पहाड़ी क्षेत्र के लोगों पर टिप्पणी का भारी विरोध हो रहा था

- **भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने भी पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों के खिलाफ मंत्री के बयान को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया।**

देहरादून, 16 मार्च। उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रेमचंद अग्रवाल ऋषिकेश से भाजपा के विधायक हैं। अग्रवाल धामी सरकार में संसदीय, शहरी विकास और वित्त मंत्री के पद पर थे।

उत्तराखंड मंत्रिमंडल से प्रेमचंद अग्रवाल को हटाए जाने का मामला काफी दिनों से जोर पकड़ रहा था। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी ने भी विधानसभा में राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों के खिलाफ मंत्री के हालिया बयान को 'दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताया था।

बलूनी ने कहा था, 'पूरा मामला बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। मैं पार्टी का मुख्य प्रवक्ता हूं और मुझे मर्यादा बनाये रखनी है, लेकिन मैंने उचित मंचों पर इस मामले को मजबूती से उठाकर अपना कर्तव्य निभाया है।

ज्ञातव्य है कि, पिछले महीने के अंत में सदन के बजट सत्र के दौरान अग्रवाल की टिप्पणी से लोग, विशेषकर राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों के लोग, आक्रोशित हो उठे थे। इस टिप्पणी के कारण विरोध प्रदर्शन भी हुए और उनके पुतले भी जलाए गए थे।

बजट सत्र के दौरान अग्रवाल ने कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट द्वारा उन पर की गई टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखंड के राज्य के दर्जे की लड़ाई यह देखने के लिए नहीं लड़ी थी कि एक दिन पहाड़ी और देसी के बीच विभाजन पैदा हो जाएगा। अग्रवाल ने विपक्षी विधायकों के साथ बहस के दौरान आपत्तिजनक शब्द भी कहे थे। उत्तराखंड सरकार में अग्रवाल के पास वित्त एवं संसदीय कार्य जैसे अहम विभाग थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908